kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-13 ❒ अंक-104 ❒ रविवार, 12 मई 2024 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



रायबरेली की जनता यहाँ पिकनिक और पर्यटन के लिए आने वाले लोगों के लिए अपने दरवाजे बंद कर देगी। सियासी पिकनिक मनाने आने वाले गांधी परिवार की अबकी बार रायबरेली से छुट्टी होगी।

बृजेश पाठक

महिंद्रा और कौशल विकास व उद्यामिता मंत्रालय की साझेदारी 11

भारतीय मजदूर संघ ने उठाया श्रमिकों के न्यूनतम वेतन का मामला 12

## संक्षेप

### श्रद्धालुओं के लिए श्री बदरीनाथ धाम के कपाट आज खुलेंगे

**श्री बदरीनाथ धाम।** उत्तराखंड स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री बदरीनाथ धाम के कपाट रविवार यानी 12 मई को प्रातः छह बजे ग्रीष्मकालीन दर्शनार्थ श्रद्धालुओं के लिए खुल जाएंगे। इससे पूर्व , राज्य के अन्य तीन धाम श्री केदारनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री के कपाट बीते शुक्रवार, अक्षय तृतीया, 10 मई को खुल चुके हैं। बदरी नाथ के कपाट खुलने की श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है। इसके लिए मंदिर को श्री बदरीनाथ पुष्प सेवा समिति, ऋषिकेश के सहयोग से पुष्पों से भव्य रूप से सजाया जा रहा है। रात्रि तक मंदिर को सजाने का कार्य चलता रहेगा। इतना ही नहीं, बड़ी संख्या में तीर्थयात्री श्री बदरीनाथ धाम पहुंच गये है और यह क्रम जारी है। दानीदाताओं द्वारा जगह-जगह भोजन के भंडारे आयोजित हो रहे है। यहां मौसम सर्द है। दूर पर्वतों पर बर्फ साफ नजर आ रही है लेकिन मंदिर के आसपास एवं सड़क की बर्फ गल चुकी है। दिन में धूप लगी हुई है। बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, उपाध्यक्ष किशोर पंवार सहित मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने आज धाम में यात्रा एवं मंदिर दर्शन व्यवस्था हेतु मंदिर कर्मचारियों को व्यापक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी अनिल ध्यानी, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, प्रशासनिक अधिकारी कुलदीप भट्ट, विवेक थपलियाल अवर अभियंता गिरीश रावत, जगमोहन बर्त्वाल,लेखाकार भूपेंद्र रावत, मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़, प्रबंधक अजय सती, भागवत मेहता,अनसुइया नौटियाल, योगंबर नेगी, हरीश जोशी, सत्येंद्र झिंक्वाण सहित अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### प्रसिद्ध पंजाबी कवि सुरजीत पातर का निधन

**चंडीगढ़।** पंजाबी कवि और प्रसिद्ध लेखक पद्म श्री सुरजीत सिंह पातर का शनिवार सुबह लुधियाना के आशापुरी इलाके में उनके घर में देहांत हो गया। पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां ने पद्म श्री सुरजीत सिंह पातर के देहांत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री संधवां ने कहा कि श्री पातर ने पंजाबी भाषा के प्रचार को विश्व भर में फैलाने में अहम योगदान दिया है। उनकी महत्वपूर्ण उपलब्धियों में पंजाबी भाषा में लिखने के काम के लिये पद्म श्री और साहित्य अकादमी अवॉर्ड जैसे शीर्ष सम्मान प्राप्त करना शामिल है। उन्होंने कहा कि श्री पातर जालंधर के गाँव पातड़ कलां के रहने वाले थे, और पंजाब कृषि यूनिवर्सिटी से पंजाबी के प्रोफ़ेसर के रूप में सेवानिवृत्त हुये थे। उन्होंने 2012 में पद्म श्री प्राप्त किया और पंजाब कला परिषद के प्रधान के रूप में सेवा की। श्री संधवां ने कहा कि श्री पातर की जुदाई पंजाबी भाईचारों के लिये बहुत बड़ा घाटा है। उन्होंने कहा कि श्री पातर को मातृभाषा के प्रति दिये गये कीमती योगदान के लिये हमेशा सम्मान से याद किया जायेगा।

# 75 साल में रिटायरमेंट भाजपा के संविधान में नहीं : शाह

एजेंसी



**भाजपा दक्षिण में सबसे बड़ा दल बनेगी**

**एक तरफ घोटाले वाले, मोदी पर 25 पैसे का आरोप नहीं**

नई दिल्ली। गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार 11 मई को हैदराबाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल, इंडी अलायंस के घोटाले, तीन चरणों में गढ्ढ के प्रदर्शन समेत कई बातों पर चर्चा की।

गृह मंत्री ने साफ किया कि 75 साल में रिटायरमेंट का भाजपा के संविधान में कोई जिक्र नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही अपनी तीसरी टर्म पूरी करेंगे। शाह ने ये बात अरविंद केजरीवाल के एक बयान के बाद कही। जमानत पर जेल से बाहर आए केजरीवाल ने शनिवार को पहली सभा की। इसमें उन्होंने पूछा कि मोदी अगले साल 75 साल के हो जाएंगे, क्या भाजपा उन्हें लालकृष्ण आडवाणी की तरह रिटायर करेगी?

तीन चरणों की (284 सीटों पर) वोटिंग खत्म हो चुकी है। इसमें से एनडीए को 200 सीटें मिल रही हैं। चौथा चरण एनडीए के लिए बहुत अच्छा है। हमें सबसे ज्यादा सफलता चौथे चरण से मिलेगी। हम निश्चित रूप से 400 पार की ओर आगे बढ़ेंगे। 4 जून आने वाले नतीजों में दक्षिण के पांचों राज्यों तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक में भाजपा सबसे बड़ा दल बनकर उभरेगी।

एक तरफ इंडी अलायंस और दूसरी तरफ एनडीए हैं। एक तरफ 12 लाख करोड़ का घपला-घोटाला करने वाली कांग्रेस और उनके साथी हैं। दूसरी तरफ मोदी का 23 साल का मुख्यमंत्री-प्रधानमंत्री का कार्यकाल है, जिसमें उन पर 25 पैसे के भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा। थोड़ी गर्मी बढ़ते ही कुछ नेता देश के बाहर छुट्टी मनाने नियमित रूप से चले जाते हैं। नरेंद्र मोदी ने 23 साल कोई छुट्टी नहीं ली। दीपावली के दिन भी वे जवानों के साथ सरहद पर त्योहार मनाते हैं। एक तरफ यानी बीजेपी का 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड और अगले 25 साल का एजेंडा है।

अरविंद केजरीवाल एंड कंपनी और पूरे इंडी अलायंस को कहना चाहता हूं कि मोदी जी 75 साल के हो जाएं, इससे आपको आनंदित होने की जरूरत नहीं है। ये भाजपा के संविधान में कहीं नहीं लिखा है। मोदी जी ही ये टर्म पूरी करेंगे। मोदी जी ही आगे देश का नेतृत्व करते रहेंगे। भाजपा में कोई कंफ्यूजन नहीं है। मोदी जी ने देश की अर्थव्यवस्था बेहद अच्छे ढंग से संभाली है। हम भाग्यशाली हैं कि हमें मोदी जी जैसा नेता मिला। दूसरी तरफ देखें तो राहुल यान की लॉन्चिंग 20 बार असफल रही। अब वे 21वीं बार लॉन्चिंग की कोशिश कर रहे हैं।

## मोदी, शाह को पीएम बनाएंगे: केजरीवाल

एजेंसी

नई दिल्ली। 39 दिन बाद तिहाड़ जेल से जमानत पर बाहर आए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने पार्टी ऑफिस में पहला चुनावी भाषण दिया। उन्होंने 21 मिनट की स्पीच की शुरुआत हनुमान जी से की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, तानाशाही, वन नेशनल वन लीडर, भ्रष्टाचार, देश, विपक्षी गठबंधन से होते हुए प्रभु यानी भगवान पर खत्म की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले साल 17 सितंबर को 75 साल के हो जाएंगे। क्या भाजपा उन्हें लालकृष्ण आडवाणी की तरह रिटायर करेगी। अगर भाजपा ये चुनाव जीतती है तो मोदी अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाएंगे। सरकार बनने के 2 महीने में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी जी को पद से हटाया जाएगा।

आम आदमी पार्टी को 10 साल हुए। दो राज्यों में सरकार है। इसे कुचलने में और खत्म करने में प्रधानमंत्री जी ने कोई कसर नहीं छोड़ी। एकसाथ हमारी पार्टी के टॉप 4 नेता मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, संजय सिंह और मुझे जेल भेज दिया। उन्होंने सोचा पार्टी खत्म हो जाएगी, लेकिन इंडिया एक सोच है, जितना खत्म करने की सोचते हैं, उतना बढ़ती है। प्रधानमंत्री जी ने देश के सबसे बड़े चोर-उचक्कों और डकैतों को अपनी पार्टी में ● शेष पेज 11 पर

# चौथे चरण का चुनाव प्रचार थमा

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोक सभा चुनाव के चौथे चरण में दस राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों पर प्रचार अभियान शनिवार छह बजे थम गया। चौथे चरण का मतदान सोमवार (13 मई) को कराया जाएगा जिसमें 1717 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा।

कुल सात चरणों के इस चुनाव में चौथे चरण के मतदान के साथ आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित 18 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की सभी लोक सभा सीटों पर मतदान कराने का काम काम पूरा हो चुका होगा। सभी क्षेत्रों की मतगणना चार जून को एक साथ कराई जाएगी। चुनाव आयोग ने चौथे चरण की वोटिंग को लेकर पूरी तैयारियों कर ली है और इसमें मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं। चौथे चरण के मतदान के साथ कुल 543 सीटों में से 379 सीटों पर मतदान की प्रक्रिया खत्म हो जाएगी। पहले चरण में 102, दूसरे में 88, तीसरे में 93 संसदीय क्षेत्रों में चुनाव कराए गए । पांचवें, छठे ओर सातवें चरण में क्रमशः 20 मई , 25 मई और एक जून को मतदान कराए जाएंगे। मतगणना चार जून को होगी। चाथे चरण में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और विपक्षी इंडिया समूह के स्टार प्रचारकों के अलावा घटक दल के नेताओं ने सार्वजनिक सभाओं और रोड-शो आदि के माध्यम से जम कर प्रचार किया। निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के लिए

**महादान**

❒ सोमवार को 96 लोक सभा सीटों पर होगा मतदान

चुनाव आयोग की व्यवस्था के अनुसार सार्वजनिक प्रचार अभियान मतदान खत्म होने के 48 घंटे पहले बंद कर दिया जाता है। इसके बाद प्रत्याशी और उनके समर्थक निजी स्तर पर घर-घर जाकर मतदाताओं का समर्थन जुटाते हैं। चौथे चरण में 13 मई को आंध्र प्रदेश की सभी 25, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश की आठ-आठ, बिहार की पांच, ओडिशा तथा झारखंड की चार-चार और केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर एक सीट पर वोट डाले जाएंगे। इस चरण के चुनाव में मोदी सरकार के पांच बड़े मंत्रियों, एक पूर्व मुख्यमंत्री, दो क्रिकेटर और एक अभिनेता समेत कई दिग्गज राजनेताओं की किस्मत तय होगी। आंध्र प्रदेश में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। वहां भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की पार्टी तेलुगू देशम पार्टी ● शेष पेज 11 पर

# लखनऊ में 4000 बीएलओ ऐप से देंगे वोटिंग का अपडेट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ बूथ पर कितनी लंबी लाइन, यह घर बैठे पता लगेगा

❒ पहली बार हो रही लखनऊ में यह व्यवस्था, जिले के सभी बीएलओ को दी गई ट्रेनिंग

लखनऊ। शहर के 4000 बीएलओ लोकसभा के लिए होने जा रहे मतदान के दिन आपको पल-पल की रिपोर्ट देंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर पता चलता रहेगा कि किस बूथ पर लाइन कितनी लम्बी है। मोबाइल और कम्प्यूटर के जरिए बूथ पर भीड़ की स्थिति पता लगाने की सुविधा देने के प्रयास सफल हो चुके हैं। इसके लिए 'बीएलओ मित्र सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है।

इस सॉफ्टवेयर के जरिए बीएलओ अपने मतदान केन्द्र के बूथों पर लगी कतारों की स्थिति अपलोड करते रहेंगे। वहीं घर बैठे मतदाता अपने मोबाइल या लैपटॉप से यह जान सकेंगे कि लाइन कितनी लम्बी है। इसी आधार पर भीड़ कम होने की स्थिति में वह वोट देने जाएंगे। गर्मी को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने यह सुविधा दी है। इसके लिए सभी बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण में बताया गया है कि किस तरह से 'बीएलओ मित्र ऐप में आंकड़े भरने हैं। इस बार मतदाताओं को बूथ की लोकेशन जानने की भी सुविधा दी जा रही है। मतदाताओं को जिला निर्वाचन की वेबसाइट पर यह भी पता चल जाएगा कि उनको बूथ तक किस रास्ते से पहुंचना होगा। प्रत्येक बीएलओ को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वह अपने मतदान केन्द्र के बूथों की स्थिति सुबह से वोटिंग खत्म होने तक वेबसाइट पर अपडेट करेगा। लखनऊ की दोनों लोकसभा सीटों के कुल 1544 मतदान केन्द्र और 3768 बूथ हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि ● शेष पेज 11 पर

## कार में लगी आग, दूल्हे समेत चार लोगों की जलकर मौत

झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी- कानपुर हाईवे के पारीछा ओवर ब्रिज पर एक तेज रफ्तार डीसीएम ने आगे चल रही कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद कार में आग लग गयी और उसमें सवार दूल्हे समेत चार लोगों को जलकर मौत हो गयी। यह दुर्घटना शुक्रवार देर रात झांसी बड़ागांव थाना क्षेत्र में कानपुर हाईवे पर पारीछा ओवर ब्रिज पर हुई । कार से बारात एरच थानाक्षेत्र के बिलाटी गांव से बडागांव थानाक्षेत्र के छपार जा रही थी। दूसरी कार में अन्य बाराती सवार थे। दूल्हे को ले जा रही कार जैसे ही पारीछा ओवर ब्रिज पर आयी उसके पीछे चल रही डीसीएम गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे कार और डीसीएम में आग लग गई। हादसे को देख राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। इधर में कार में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गयी। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड और थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। फायर बिग्रेड ने जब तक आग पर काबू पाया तब तक कार में सवार 04 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। बताया गया इस दौरान दो कार ● शेष पेज 11 पर

# 50 सीट भी नहीं जीत पाएगी कांग्रेस, विपक्षी दल का भी नहीं मिलेगा दर्ज़ा : मोदी

एजेंसी



फुलबनी बोलंगीर बारगढ़ (ओडिशा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 50 सीट भी नहीं जीत पाएगी और चुनाव के बाद उसे विपक्षी दल का दर्ज़ा भी नहीं मिलेगा। कंधमाल, बोलंगीर और बारगढ़ लोकसभा सीट पर चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि ओडिशा की 'अस्मिता' खतरे में है और भाजपा इसकी रक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार बनेगी और ओडिशा में भाजपा सरकार का मुख्यमंत्री वही बेटी या बेटा बनेगा जो उड़िया भाषा और उड़िया संस्कृति को समझता हो। बीजू जनता दल (बीजद) पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में प्रचुर प्राकृतिक संसाधन होने के बावजूद लोगों को गरीब बनाए रखने के लिए जिम्मेदार लोगों को सत्ता से बाहर किया जाना चाहिए। मोदी ने दावा किया, ''कांग्रेस को लोकसभा में प्रमुख विपक्षी दल बनने के लिए 10 प्रतिशत सीट नहीं मिल पाएंगी और वह 50 सीट भी नहीं जीत पाएगी।

राहुल गांधी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, ''कांग्रेस के 'शहजादे' 2014 के चुनाव के बाद से वही स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं...मेरे शब्दों पर ध्यान दें, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सभी रिकॉर्ड तोड़ देगा और इस बार 400 से अधिक सीट जीतेगा।'' केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की उपलब्धियों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि 26 साल पहले आज ही के दिन पोखरण परीक्षण ने दुनिया भर में देश का कद बढ़ाया था। मोदी ने आरोप लगाया, ''कांग्रेस हमेशा भारत के लोगों को डराने की कोशिश करती है... इसी प्रवृत्ति के कारण जम्मू-कश्मीर इतने वर्षों तक आतंकवाद का गवाह बना। कांग्रेस आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने के बजाय पार्टी का वोट बैंक बचाने के लिए उनसे बातचीत करती थी। उन्होंने कहा, ''दूसरी ओर, वाजपेयी सरकार ने दुनिया को दिखाया कि भारत अपनी सुरक्षा कैसे सुनिश्चित कर सकता है। प्रवासी भारतीयों को उस क्षण (पोखरण परीक्षण) पर गर्व महसूस हुआ...जिस दिन भारत ने दुनिया को अपनी क्षमता दिखाई।'' मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस हमेशा सावधानी से कार्रवाई करने की चेतावनी देती है क्योंकि पाकिस्तान के पास भी परमाणु हथियार हैं। उन्होंने दावा किया, ''इन डरे हुए लोगों (कांग्रेस) ने ● शेष पेज 11 पर

# परिवार के 5 सदस्यों की हत्या की, फिर सुसाइड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ हैवान बने नशेड़ी ने किया रिश्तों का कत्ल

❒ सीतापुर में बेटे ने मां को गोली मारी, पत्नी का सिर कुचला, 3 बच्चों को छत से फेंका

सीतापुर। जिले की तहसील महमूदाबाद के कोतवाली रामपुर मथुरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पाल्हापुर में दिल दहला देने वाली घटना सामने आयी हैं। जहां पर परिवार के ही व्यक्ति ने घर के 5 लोगों की हत्या कर स्वयं को भी मौत के घाट उतारा लिया है। अनुराग सिंह उम्र (45) ने अपने ही परिवार के पांच लोगों को मार दिया है ऐसी जानकारी मिली है। अनुराग ने अपनी ही पत्नी प्रियंका सिंह उम्र (40) तथा अपनी ही माता सावित्री सिंह उम्र (65) एवं अपने ही तीन बच्चे अरना, अरवी एवं पुत्र आकृति की हत्या कर दी है। जब गांव के लोगों ने सुबह 5:00 बजे अपने-अपने घरों से निकलकर उसके घर के सामने से गुजर रहे थे तभी वहां पर उनके बच्चों को आपत्तिजनक स्थिति में देखकर गांव वाले दंग रह गए। अनुराग सिंह की पत्नी प्रियंका के पास से हथौड़ा मिलने की भी आशंका जताई जा रही । अनुराग सिंह के पिता वीरेंद्र सिंह मॉडल किसान थे। तथा कृषि से संबंधित काफी अवार्ड भी उन्हें मिल चुके थे। अनुराग सिंह के पास लगभग 60 बीघा से भी अधिक जमीन थी। कल शाम लगभग 9:30 बजे अनुराग अपने मजदूरों के साथ घर पर आया था घर पर आने के बाद उसने अपने भाई से बातचीत भी की थी। अनुराग की पत्नी प्रियंका एमसीए है। अनुराग ने 105 बीघा से अधिक तरबूज की खेती कर रखी थीं। अपने पिता के साथ-साथ अच्छी खेती करने के लिए अनुराग को भी कई अवार्ड मिले थे। गांव के सम्मानित लोगों में उनके परिवार वालों की गिनती होती थी। तथा अच्छे परिवार से ताल्लुक रखते थे। अनुराग सिंह के ● शेष पेज 11 पर

# कन्नौज के इत्र में बदबू फैलाती थी सपा : योगी

एजेंसी/कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ योगी ने सपा सुप्रीमो व कन्नौज से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अखिलेश यादव को सुनाई खूब खरी-खरी

❒ कसा तंज: पहले का टिकट काटा, दूसरा मैदान छोड़कर भाग गया, तीसरे ने मना कर दिया, जब कोई नहीं मिला- तब सपा अध्यक्ष कह रहे कि मैं सेवा करना चाहता हूं

❒ सपा शासन में मुख्यमंत्री आवास बुलाकर दंगाइयों का किया जाता था महिमामंडन : योगी



कन्नौज/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कन्नौज में अखिलेश यादव को खूब खरी सुनाई। बोले कि वे कन्नौज से चुनाव इसलिए लड़ रहे हैं कि इंडी गठबंधन को यहां प्रत्याशी नहीं मिल रहा था। पहले को टिकट दिया, फिर उसका टिकट काट दिया। दूसरे को दिया तो वह मैदान छोड़कर भाग गया। तीसरे की घोषणा की तो वह मना कर दिया। जब कोई नहीं मिला तो सपा अध्यक्ष कह रहे हैं कि सेवा करना चाहता हूं। जब मौका था, तब कन्नौज के इत्र में बदबू फैलाने का काम कर रहे थे। हर दूसरे दिन यूपी में दंगा कराते थे। इनके शासन में बेटियों-व्यापारियों की सुरक्षा से खिलवाड़ होता था। गरीबों के हकों पर डकैती पड़ती थी। मुख्यमंत्री आवास बुलाकर दंगाइयों का महिमामंडन करते थे, लेकिन अब नए भारत का नया उप्र दंगाइयों व कर्फ्यू लगाने वालों से कैसे निपटता है, यह आप भी देख रहे होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को करिया झाला का मैदान झींझक, रसूलाबाद में आयोजित जनसभा में अपनी बातें रखीं। उन्होंने कन्नौज के सांसद व 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक को फिर से दिल्ली भेजने की अपील की। मुख्यमंत्री ने आमजन से आह्वान किया कि घर-घर जाकर कहिए कि हमें रामभक्त चाहिए, रामद्रोही नहीं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नए भारत में सुरक्षा, गरीब कल्याण, विकास, विरासत और आस्था का सम्मान है। सपा रामभक्तों पर गोली चलाती थी, आतंकियों के मुकदमे वापस लेती थी और भाजपा राम मंदिर बनवाती है। आपने वोट देकर भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली व लखनऊ सरकार को चुना है, इसलिए आपके योगदान की बदौलत अयोध्या में 500 वर्ष के बाद भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। प्रभु ने इस अंतराल के बाद अपनी जन्मभूमि पर होली खेली, जन्मोत्सव मनाया और उनका सूर्य तिलक भी हुआ। नई अयोध्या के दर्शन कर यह लोक धन्य हुआ। पूर्वजों की आस और संकल्प को हमने अपनी आंखों के सामने पूरा होते भी देख लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नया भारत केवल बोलता ही नहीं, करके दिखाता भी है। भाजपा ने कहा था कि रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। सौगंध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे। तब सपा के लोग रामभक्तों पर गोलियां चलाते थे और बोलते थे कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता। इनके समय में अयोध्या में आतंकी हमला हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने देश और सपा ने यूपी की जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया। दोनों एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं, फिर मिलकर जोर आजमाइश करना चाहते हैं। अब मोदी जी के आत्मनिर्भर व विकसित भारत के निर्माण के संकल्प से जुड़ने का अवसर आ गया है। कांग्रेस अपने और सपा सैफई परिवार को धन-संपदा से परिपूर्ण करने के लिए मैदान में है तो भाजपा राष्ट्रहित के लिए चुनाव लड़ रही है। भाजपा का संकल्प देश के लिए है। हम लोग वर्तमान व भावी पीढ़ी का भविष्य उज्ज्वल बनाना चाहते हैं। यह केवल चुनाव नहीं, बल्कि भारत की तकदीर व तस्वीर बदलने के लिए मोदी जी के नेतृत्व में हुए अहर्निश प्रयास को नई गति देकर बढ़ाने का प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा सरकार में प्रदेश में हर तीसरे दिन दंगे होते थे। अराजकता चरम पर थी। गुंडागर्दी का आलम यह था कि प्रदेश की बेटियां रिश्तेदारों या छात्रावास में जाकर रहने को विवश होती थीं, लेकिन नए भारत का नया उप्र कहता है कि माफिया-अपराधी के लिए प्रदेश की धरती पर कोई जगह नहीं है। माफिया-अपराधियों को उनकी जगह बता दी गई है, ● शेष पेज 11 पर

# यूपी बोर्ड परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चे हुए सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। शनिवार को अम्बरगंज स्थित सेंट मैरी पब्लिक इंटर कॉलेज में एक कार्यक्रम के दौरान यूपी बोर्ड की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर लखनऊ ईदगाह इमाम खालिद रशीद फिरंगी महली और सीतापुर की एडिशनल जज उरुज फातमा मौजूद रहीं। यूपी बोर्ड की हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षा में इस बार की टॉप 10 लिस्ट में 567 परीक्षार्थियों ने स्थान हासिल किया था इसमें से 159 हाई स्कूल के छात्र छात्राएं हैं। जिसमें से राजधानी लखनऊ में हाई स्कूल के टॉप टेन में 40 स्टूडेंट ने स्थान हासिल किया है जिसमें से एक सेंट मैरी पब्लिक इंटर कॉलेज के सैयद उमैर अहमद है जिन्होंने 95.67 अंक हासिल किए हैं। इसी कॉलेज की हाई स्कूल की छात्रा ख़ुशी कलाम ने कॉलेज में 100 में 100 अंक प्राप्त कर एक रिकार्ड क़ायम किया है। इसके अलावा कॉलेज के 12वीं के छात्र वीरेंद्र प्रजापति में कॉलेज में 94% अंक प्राप्त कर रिकार्ड बनाया। तीनो ही बच्चों को विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया साथ ही तीनों ही बच्चों को कॉलेज प्रशासन द्वारा ग्यारह ग्यारह हज़ार रूपये का चेक भी भेंट किया गया। वहीं इस मौके पर खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा सेंट मैरी पब्लिक इंटर कॉलेज की स्थापना मरहूम रेहना सिद्दीकी द्वारा 1988 मैं स्थापित किया गया था और उनके बेटे मोहम्मद आमिर सिद्दीकी एक ज़माने से स्कूल का नेतृत्व कर रहे हैं और पिछले 26 सालों में इस कॉलेज ने बहुत ज्यादा तरक्की की है जिस तरह से यहां बच्चों को तालीम दी जा रही है उसके नतीजे यह देखने को मिल रहे हैं की काफी समय से बोर्ड के एग्जाम में यहां के बच्चों को बहुत अच्छे नंबर मिल रहे हैं उन्होंने कहा कि मैं सभी मां-बाप से यह कहूंगा कि वह अपने-अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी तालीम दें जिससे कि वह आने वाले समय में समय में अपना व अपने मां-बाप का नाम रोशन कर सके। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के प्रबंधक मोहम्मद आमिर सिद्दीकी ने विशिष्ट अतिथियों का कॉलेज के कार्यक्रम में आने का शुक्रिया अदा किया तथा सभी बच्चों के पेरेंट्स का भी शुक्रिया अदा किया उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमारे टीचर कॉलेज के बच्चों को तैयार कर रहे हैं उनको अच्छी शिक्षा दे रहे हैं वह भी एक काबिले तारीफ काम है और मैं यह वादा करता हूं के आगे भी हमारे टीचरों द्वारा बच्चों को अच्छे से अच्छी शिक्षा देने में पूरा योगदान रहेगा।

# बलुआपुर गांव में जामुन के पेड़ में एक युवक का लटका मिला शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर देहात। शिवली कोतवाली क्षेत्र के बलुआपुर गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब गांव के बाहर खड़े जामुन के पेड़ में एक युवक का शव लटका मिला। परिजनों को जानकारी मिलने पर कोहराम मच गया और घर वालों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और फील्ड यूनिट टीम को बुला कर साक्ष्य संकलित करवाए। वहीं पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर शव को कब्जे में ले पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जानकारी के मुताबिक शिवली क्षेत्र के बलुआ पुर गांव में जामुन के पेड़ में गमछे से युवक का शव लटकते देख ग्रामीणों के बीच हड़कंप मच गया । मृतक के पारिवारिक जनों को सूचना मिलते ही कोहराम मच गया । और घर वालों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। सूचना पर कोतवाल संजय गुप्ता पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गए।बताते चलें कि मृतक युवक के पिता ने पुलिस को बताया कि उसका पुत्र राजू 24 वर्ष गांव के बाहर जामुन के पेड़ में गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर जान दे दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को फंदे से नीचे उतारा और फील्ड यूनिट टीम को बुला कर साक्ष्य संकलित करवाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है । वहीं मृतक के पारिवारिक जनों ने हत्या कर शव लटकाए जाने का शक जाहिर किया है । फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है । कोतवाल संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की स्थिति स्पष्ट होगी।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 97 वाहनों से 2,44,100 रुपये का जुर्माना अधिरोपित

चित्रकूट । पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी नगर यातायात राज कमल के नेतृत्व में प्रभारी यातायात शैलेन्द्र सिंह द्वारा यातायात जागरुकता अभियान के अंर्तगत यातायात नियमों का उल्लघंन कर यात्रा करने वाले कुल 97 दो पहिया, चार पहिया, ई रिक्शा, आटो टैक्सी, टेम्पों वाहनों का कुल 2,44,100 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया। प्रभारी यातायात ने सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि सडक पर यात्रा करते समय दो पहिया पर हेलमेट, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट आदि का प्रयोग करें। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए तैनात है, कि किसी भी प्रकार की कोई भी अप्रिय घटना घटित न हो पाए।

## उप्र में 41.90 लाख रुपये के मादक पदार्थ और नकदी जब्त

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शनिवार को बताया कि 10 मई तक 41.90 लाख रुपये के मादक पदार्थ और नकदी जब्त की है। उन्होंने बताया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता का सख्ती से पालन किया जा रहा है। इसी के तहत राज्य में सक्रिय आबकारी, पुलिस और उड़नदस्ता टीम ने कार्रवाई करते हुए 10 मई तक कुल 41538.90 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त की है। इसमें 3362.75 लाख रुपये नकद, 5113.07 लाख रुपये की शराब, 23130.42 लाख रुपये का ड्रग, 2270.96 लाख की बहुमूल्य धातुएं, 4908.13 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार एवं 2753.57 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। उन्होंने बताया कि 10 मई को कुल 456.77 लाख रुपये की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त की गई। प्रमुख जब्ती में आजमगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 20.50 लाख रुपये की नकद धनराशि पकड़ी गयी। इसके अतिरिक्त जनपद भदोही के ज्ञानपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 27.62 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 110500 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

## उप्र में 24 लाख से अधिक लोग पाबंद किए गये

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 24,75,827 लोगों को पाबन्द किया गया है। वहीं, अब तक 27,29,805 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस दी गयी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने शनिवार को यह बताया कि सघन जांच के लिए 464 अंतरराज्यीय चेक पोस्ट एवं 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 10 मई तक पुलिस विभाग ने आपराधिक व्यक्तियों के 536 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये हैं। 4709 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग ने 9210 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 9282 कारतूस, 3019.32 किलोग्राम विस्फोटक व 526 बम बरामद कर सीज किया है। अवैध शस्त्र बनाने वाले 4104 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 176 केन्द्रों को सीज किया गया। उन्होंने बताया कि 10 मई को पुलिस विभाग ने अपराधिक व्यक्तियों के 04 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया है। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 27,101 लोगों को पाबन्द किया गया। इसके अतिरिक्त बिना लाइसेंस के 151 शस्त्र, 133 कारतूस व चार बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 88 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और तीन केन्द्रों को सीज किया गया।

## 13 एवं 20 मई को मतदान दिवस पर रहेगा अवकाश

कानपुर देहात कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश लखनऊ व अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन अनुभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति में दिये गये निर्देशों के क्रम में निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट एक्ट, 1881 (1881 की एक्ट सं0-26) की धारा-25 द्वारा प्राप्त उन अधिकारों को काम में लाकर, जिन्हें भारत सरकार की विज्ञप्ति संख्या-20/25-56-धम्र-1, दिनांक 08 जून, 1957 के अनुसार राज्य सरकार काम में ला सकती है, तत्कम में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल महोदया द्वारा दी गई स्वीकृत के कम में मैं, आलोक सिंह, जिला मजिस्ट्रेट / जिला निर्वाचन अधिकारी, कानपुर देहात लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में निर्वाचन के प्रयोजन के लिये जनपद कानपुर देहात में मतदान के दिनांक 13 मई, 2024 (सोमवार) तथा मतदान के दिनांक 20.05.2024 (सोमवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित करता हूँ। उक्त तिथियों को जनपद कानपुर देहात के कोषागार तथा उप कोषागार भी बन्द रहेंगे।

## मामूली बात को लेकर चले लाठी डंडे चार घायल, रिपोर्ट दर्ज

कानपुर देहात कैनविज टाइम्स संवाददाता। पारिवारिक बातों को लेकर कुछ लोगों ने लाठी डंडा व रॉड से हमला कर दिया। जिससे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए...घायल युवक ने सात हमलावरों के खिलाफ शिवली थाने में मारपीट कर घायल कर देंने तथा जान से मार देने की धमकी देने के संदर्भ में मुकदमा पंजीकृत कराया है। घटना के बाबत कोतवाली शिवली क्षेत्र के ग्राम बाघपुर निवासी अजय कुमार ने घटना के बाबत थाना पुलिस को बताया कि बीते 9 तारीख को वह अपने नए घर की तरफ जा रहा था तभी शाम करीब 7:30 बजे पुरानी बातों को लेकर जीत पाल मयंक कुमार कैलाश कुमार चंद्रप्रकाश अनुज कुलदीप नागर कल एक राय होकर गाली गलौज करने लगे जब हमने गाली देने से मना किया तो उक्त सभी लोगों ने लाठी डंडो व रॉड से हमला कर दिया जिससे वह विजय कुमार श्रीवास करण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए हमलावर ने शिकायत करने पर जान से मार देने की धमकी दी है घायल अजय कुमार ने उक्त सभी हमलावरों के खिलाफ शिवली थाने में मारपीट कर घायल करने तथा जान से मार देने की धमकी देने का मुकदमा पंजीकृत कराया है घायलों को उपचार व डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेजा गया है।

## चाइल्ड लाइन द्वारा प्राप्त सूचना पर घर से लापता हुआ एक बच्चे को उसके पिता तथा उसके परिवार से मिलाया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मैनपुरी। संरक्षण अधिकारी अल्का मिश्रा ने बताया कि चाइल्ड लाइन द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कि एक बच्चा जो अपने घर से लापता हो गया था, इस बच्चे के पिता तथा उसके परिवार की तलाश करने के लिए पुलिस विभाग फिरोजाबाद जनपद तथा मैनपुरी जनपद के विभिन्न प्रतिनिधियों से वार्ता की तथा संरक्षण अधिकारी अल्का मिश्रा के अथक प्रयास के उपरांत यह पता लगाने में सफल हो पाई कि यह बच्चा फिरोजाबाद जनपद का है , फीरोजाबाद जनपद से बच्चों के परिवार से संपर्क करने पर बच्चों के पिता और उनके भाई को जनपद मैनपुरी में संरक्षण अधिकारी ने बुलवाया तथा थाने की कार्रवाई जिला बाल संरक्षण इकाई की कार्यवाही, तथा बाल कल्याण समिति की कार्रवाई के उपरांत बच्चा उनके पिता को सौप दिया गया। बच्चा अपने पिता को पाकर काफी खुश हुआ। संरक्षण अधिकारी अल्का मिश्रा ने जनपद फिरोजाबाद के जिला बाल संरक्षण इकाई को भी सूचित कर दिया तथा उनसे कह दिया कि इस बच्चे का फॉलो अप समय-समय पर लेते रहे।

# हवन पूजन कर मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



(कानपुर देहात ) । शुक्रवार को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर हवन-पूजन के साथ प्रसाद वितरण कराया गया। कार्यक्रमों में वक्ताओं ने भगवान भार्गव को अन्याय के खिलाफ संघर्ष का प्रणेता व युग निर्माता बताकर उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। अकबरपुर के एक गेस्ट हाउस में अक्षय तृतीया के मौके पर भगवान परशुराम का पूजन-अर्चन किया गया। इस मौके पर गौरियापुर आश्रम के महंत देवनारायण दास महाराज, ब्रह्म कुमार द्विवेदी, श्री कामतानाथ विप्र संगठन कानपुर देहात के संस्थापक पंडित उमेश त्रिवेदी, मान्यता प्राप्त पत्रकार संजय दीक्षित, शिव शंकर शुक्ला मौजूद रहे।रनियां क्षेत्र के उमरन स्थित परशुराम मठ में उनका जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने आरती पूजन करने के बाद कहा कि भगवान परशुराम अन्याय व अत्याचार के विरोधी थे। पूर्व संसाद अनिल शुक्ल वारसी ने परशुराम के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया।राष्ट्रीय विप्र महासंघ के तत्वावधान में किशुनपुर रूरा स्थित शिव मंदिर परिसर में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रामऔतार दीक्षित,आशुतोष मिश्र,आचार्य महेंद्र पीयूष आदि मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने ली एफएसटी एसएसटी टीमों की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चित्रकूट । जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अभिषेक आनंद तथा पुलिस अधीक्षक ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी रूप से संपन्न करने के लिए गठित उडन दस्ता (एफएसटी), स्थैतिक जांच दल (एसएसटी) टीमों के साथ समीक्षा बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि आप लोगों को सभी संसाधन दिए गए हैं, लेकिन अभी तक कुछ भी शीज नहीं किया गया। उन्होंने जनपद बांदा का उदाहरण देते हुए कहा कि लगभग तीन करोड शीज किया गया है। यहां पर अभी तक कुछ नहीं शीज किया गया है इसमें प्रगति कराएं। उन्होंने कहा कि प्रेक्षक भी आई थी, लेकिन आप लोग कहीं दिखे नहीं केवल ग्रुप में फोटो डाल देते हैं कोई गाडी नहीं मिलती है। साथ ही कहा कि लगभग डेढ महीने हो गए हैं, लेकिन कुछ जनपद में शीज नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि यहां पर माइन्स खनन का स्कोप है, इसमें आप लोग मेहनत करें केवल ड्यूटी न करें। उन्होंने कहा कि बैरियर से हटकर भी जांच करें। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग का सख्त निर्देश है कि कोई नगदी, सोना, शराब आदि लेकर जा रहा हो, उसको शीज किया जाए। उन्होंने वरिष्ठ कोषाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी एक्टिविटी रोज कितनी गाडियां चेक की जा रही है, इसकी रिपोर्ट शिफ्ट के अंत में ले। उन्होंने कहा कि अभी 9 दिन बचा है। इसमें कोई शराब बाटेगा, कोई पैसा बटेगा इस पर विशेष नजर रखें। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि हम लोगों के पास इतना मैन पावर लगा और रिजल्ट शून्य है, इसमें मेहनत करें। 8 घंटे की ड्यूटि लगी है तो इसमें ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि शिफ्ट में महिला पुलिस कर्मियों की भी ड्यूटी लगेगी। इस मौके पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## 4 जुआरियों को जुआ खेलते हुए किया गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय ने बताया कि उप निरीक्षक दिनेशचन्द्र पाण्डेय तथा उनकी टीम द्वारा कलवारा पुरवा मजरा भौंरी से रामदीन निवासी गायत्री नगर थाना कोतवाली नगर बांदा, शुभम श्रीवास्तव उर्फ कृष्णकान्त निवासी पुरानी बाजार धुस मैदान, मुकेश सोनी निवासी सोनारन का पुरवा मजरा शिवरामपुर व चन्द्रिका मिश्रा निवासी बस स्टैण्ड के पास रामनगर को ताश के पत्तों को हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से मालफड 10500 रुपये, 52 ताश के पत्ते व जामा तलाशी से 6500 रुपये तथा एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। आरोपियों के विरुद्ध थाना रैपुरा में जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी के दौरान उप निरीक्षक यूटी नीतीश यादव, मुख्य आरक्षी राजकुमार, आशाराम, आरक्षी अंकित शुक्ला, अश्विनी कुमार, अजीत यादव आदि मौजूद रहे।

# बीकेटी में भाजपा ने पिछड़ा वर्ग सम्मेलन किया आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बीकेटी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर लखनऊ जनपद के लोकसभा क्षेत्र मोहनलालगंज अंतर्गत बख्शी का तालाब बड़ी बाज़ार में भाजपा का पिछड़ा वर्ग सम्मेलन आयोजित हुआ।सम्मेलन के मुख्य अतिथि भाजपा के एटा लोकसभा सीट से सांसद राजवीर सिंह राजू भैया ने ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान वाले दिन सुबह सबसे पहले मतदान करना और अपने समाज के एक-एक वोट पर नजर रखने और उन्हें भाजपा के पक्ष में मत डलवाने का मंत्र भी दिया,उन्होंने जोश भरते हुए कहा कि मोहनलालगंज लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद केंद्रीय राज्यमंत्री भारत सरकार कौशल किशोर जी आप लोगों के आशीर्वाद से हैट्रिक लगाने के क़रीब है और एक बार फिर से मोहनलालगंज लोकसभा सीट से कमल खिलेगा बस ढिलाई न बरती जाए,उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने सम्पूर्ण ओबीसी समाज के हित में कई काम किए हैं।समाज के लोगों के उत्थान और उन्हें आर्थिक रूप से समृद्ध करने के लिए सरकार ने कई क्रांतिकारी कदम उठाए हैं।भाजपा में पिछड़े वर्ग के लोगों को शीर्ष पर प्रतिनिधित्व दिया गया।इसलिए अब यह दायित्व बनता है कि हम एक-एक मत भाजपा को देकर कमल खिलाएं।जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने कहा कि देश में मोदी जी की सरकार ने जो कार्य दस साल के भीतर करके दिखा दिया है वह कार्य पिछले सत्तर सालों में कांग्रेस की सरकार नही कर पाई।उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में ही देश का विकास संभव है और आप देख रहें है कि देश कितनी तेज़ी से विकास की ओर बढ़ रहा है,भाजपा ही सबका साथ और सबका विकास की बात करती है।उन्होंने सभी लोगों से भाजपा के पक्ष मे मतदान करने की अपील किया।इस मौक़े पर मोहनलालगंज लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद व लोकसभा प्रत्याशी कौशल किशोर ने भी सम्मेलन में संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी की कल्याणकारी योजनाओं को गिनाते हुए आने वाली 20तारीख को कमल पर मोहर लगाकर भारी मतों से जिताने की अपील लोगों से किया,उन्होंने कहा कि भाजपा ही सबको साथ लेकर चलने वाली पार्टी है,मोदी जी के नेतृत्व में ही देश का विकास संभव है।इस मौक़े पर बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला,लोकसभा प्रभारी सूर्यनारायण तिवारी,लोकसभा संयोजक अरुण सिंह गप्पू,पिछड़ा वर्ग के लखनऊ जिला अध्यक्ष मुकेश गुप्ता,पूर्व ज़िला अध्यक्ष श्री कृष्ण लोधी,विधानसभा संयोजक विवेक सिंह,ज़िलाउपाध्यक्ष रवि प्रकाश तिवारी,विनोद रावत,बाबा प्रदीप यादव,दिनेश लोधी सहित पिछड़ा वर्ग के अन्य नेता/पदाधिकारी मौजूद रहें।

# मां वैष्णो देवी की यात्रा पर साइकिल से निकले श्रद्धालु



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मैनपुरी । मैनपुरी के विकास खण्ड किशनी की ग्राम पंचायत चितायन से मां वैष्णो देवी के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं ने साइकिल से ही अपनी यात्रा तय करने का मन बना लिया जैसे ही इसकी सूचना लोगो को मिली तो देखते ही देखते 17 लोग एकत्रित हो गए और 11 सौ किलोमीटर यात्रा करने की साइकिल से ही तैयारी कर दी सभी श्रद्धालुओं की यह अलग-अलग यात्रा थी किसी की प्रथम तो किसी द्वितीय किसी की पांचवी किसी की आठवीं किसी की 12वीं ब किसी की 13वीं यात्रा थी श्रद्धालुओं ने बताया कि 11सौ किलोमीटर की यात्रा लगभग 11 दिन में तय की जाएगी वही इस यात्रा में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गौरव खटीक ने मिठाई खिलाकर व हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इस यात्रा को श्रद्धालु रामविलास भदौरिया, शैलेंद्र शाक्य ,रमाकांत, राजेंद्र सिंह सुनील कुमार, रामफल ,सुमित कुमार, त्रदेव, बेअन्त सिंह, रचित कुमार , सचिन ,सुनील सक्सेना, राजेंद्र सिंह ,सौरभ कुमार ,दिलीप कुमार ,सुखराम पाल, ब देवेंद्र कुमार समित सभी श्रद्धालुओं ने यात्रा को प्रारंभ किया।

# कौशल किशोर के समर्थन में उतरे सैकड़ो युवा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिधौली/सीतापुर मोहनलालगंज लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर के समर्थन में सैकडो की संख्या में युवाओ ने हरियाली गेस्ट हाऊस मे तीसरी बार सांसद बनाने की हुंकार भर युवा सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सिधौली विधानसभा के हरियाली गेस्ट हाउस मे युवा नेता अतुल तिवारी , हिमांशू रावत के नेतृत्व मे विशाल युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे अतुल तिवारी की अगुवाई मे सैकड़ो फर्स्ट टाइम वोटरो का हुजूम कौशल किशोर को मजबूत करने के लिए एकत्रित हुआ। युवा सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए सांसद कौशल किशोर ने कहा आप सभी युवा देश का उज्जवल भविष्य है आपका एक एक मत हमारे देश को मजबूत स्तम्भ प्रदान करेगा। आप सभी समझदार है आपका मत राष्ट्रहित मे होना चाहिए और राष्ट्रहित मे कौन सी पार्टी काम कर रही है ये सबको पता है। आगामी 20 मई को होने वाले मतदान मे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए कमल निशान से मशीनो को भर दीजिए। इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा ने भी बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष का कहना है कि युवाओं से ही हमारी ताकत है अगर हर एक युवा राष्ट्र हित की बात करेगा तो हमारा देश बहुत जल्द विश्व गुरु बनेगा। इस अवसर पर एम एलसी पवन सिंह, विधायक मनीष रावत, पिछड़ावर्ग के जिलाध्यक्ष रामसंजीवन जायसवाल, जैकी रावत, जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा रामनिवास विश्वकर्मा, राकेश पाण्डेय, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी, पुष्कर गुप्ता, दुर्गेश सिंह, प्रवीण अवस्थी,लालजी भार्गव,रामजीवन, प्रखर सिंह, विजय राजपूत,शिवा रावत , गौरव तिवारी, नितिन कश्यप, अर्पित पाण्डेय, निक्की सिंह, सौरभ सिंह, अमीमुल्ला व सैकड़ो युवा मौजूद रहे।

# गठबंधन प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा ने नुक्कड़ सभा कर मांगे वोट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। ग्राम पंचायत कुकरा क्षेत्र के पलिया विधानसभा में लोकसभा प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा व मोनिस अली नकवी, पूर्व प्रत्याशी परपिंदर सिंह काकू, लोकसभा प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा ने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। जनता से गठबंधन के लिए वोट मांगे और कहा सभी समस्याओं का समाधान है सत्ता परिवर्तन करने से ही समस्याओं का समाधान होगा।

आज हर एक चीज पर इतनी महंगाई जो कि हर इंसान के बस की बात झेलना नहीं है। मोनिस अली नकवी ने गठबंधन के लिए बोट मांगे और अपनी सरकार कंाग्रेस उनको निभाने के लिए कहां गठबंधन में जो घोषणा पास हुई है वह सब करी जाएगी। वैसा कहकर वोटरों से वोट मांगे उनके ज्ञान व भाषणों से पब्लिक में बहुत ही उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान सपा नेता नगर अध्यक्ष जकीउल्ला खांन बरकाती, विधानसभा अध्यक्ष जावेद अख्तर, सादुल्लाह खांन, रईस नेता, ईशान मोहम्मद, जाकिर खांन, इंतजार खांन, अब्दुल वाली, बब्बन खांन, राधे यादव, सुरेश यादव, वसीम खांन, रामनिवास भार्गव, संभारी लाल भार्गव, सागर यादव, सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आतंकवाद खत्म नहीं हुआ अभी, वे पाकिस्तान में छुपे हैं : स्वतंत्र देव सिंह

एजेंसी

### युवा संवाद में जलशक्ति मंत्री ने कहा, वे आयेंगे तो टीका लगाना बंद करा देंगे

झांसी। आप क्या समझ रहे हैं कि आतंकवाद खत्म हो गया है आतंकवाद खत्म नहीं हुआ है मित्रों। वह मोदी के डर से पाकिस्तान में छुपे हुए हैं। कभी-कभी वह घटनाएं भी कर देते हैं। आज अगर जान जाए कि मोदी के साथ कुछ गड़बड़ हो सकता है तो कल से लाल चौक पर झंडा उतर जाएगा और भारत माता की जय बोलने वाला भी कोई नहीं मिलेगा। कंाग्रेस की यह क्षमता नहीं कि वह जाकर लाल चौक पर झंडा फहरा दे। इसलिए कमल खिलाना है। यह कहना है जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का। वह झांसी के एक विवाहघर मे युवाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विपक्ष का डर दिखाते हुए कहा कि वे आएंगे तो टीका लगाना बंद करा देंगे। 2014 के बाद अगर बम फटा है तो पाकिस्तान में घुसकर किसी नेता ने मारा है तो वह नरेंद्र मोदी ने मारा है। इसके बाद बम नहीं फटता मित्रों एक झटके में सीधा 370 हटा दी जाती है और कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा झंडा फहराया जाता है। आप क्या समझ रहे हैं कि आतंकवाद खत्म हो गया है आतंकवाद खत्म नहीं हुआ है मित्रों। वह मोदी के डर से पाकिस्तान में छुपे हुए हैं। कभी-कभी वह घटनाएं भी कर देते हैं। आज अगर जान जाए कि मोदी के साथ कुछ गड़बड़ हो सकता है तो कल से लाल चौक पर झंडा उतर जाएगा और भारत माता की जय बोलने वाला भी कोई नहीं मिलेगा। कंाग्रेस की यह क्षमता नहीं कि वह जाकर लाल चौक पर झंडा फहरा दे। इसलिए कमल खिलाना है। जो अपने मोहल्ले में अभी घर पर बैठा हो और किसी के घर पर वोट मांगने ना गया हो। ऐसे कार्यकर्ता हाथ उठाएं जो घर पर बैठे-बैठे फतवा जारी करके भाजपा के पक्ष में वोट डलवा देते हैं। ऐसे कितने कार्यकर्ता है 5-6 लोगों ने हाथ उठाया। युवा संवाद में युवाओं की टटोली नब्ज पूछा बीजेपी के पक्ष में वोट करवाने का कौन सा तरीका अपनाते हैं। उन्होंने कहा कि हम लोग कुंडी क्यों खटकाते हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने जब हजारों कुंडी खटखटाई तब एक नौजवान राष्ट्रहित के कार्य के लिए निकला अटल बिहारी वाजपेई के रूप में। जब अटल बिहारी वाजपेयी किसी की कुंडी खटखटाते थे और किसी सेठ के यहां पर चाय नाश्ता कर लेते थे और कंाग्रेस नेताओं को पता चलता था तो वह उसके घर के बिजली का तार कटवा देते थे कोल्ड स्टोरेज में डाला हुआ आलू सड़ जाता था। लेकिन वह सेठ किसी भी व्यक्ति के सामने सिर नहीं झुकता था।

# बाबूजी जरा बचके! दनियारपुर से सकरनखुर्द की जगह यमलोक की यात्रा हो सकती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### टूटी पुलियां दे रहीं हादसों को दावत,सकरन के हर निर्माण कार्य में दिख रहा भ्रष्टाचार का चेहरा

सकरन(सीतापुर) । कई वर्षों पूर्व लगवाए गए खड़ंजे पर बनवाई गई पुलियों पर बने गड्ढे दर्जनों गांवों के लोगों की जान के बने दुश्मन,दशको पूर्व बनी पुलिया जो पूर्णतः टूट चुकी है फिर भी नहीं पड़ रही जिम्मेदारों की नजर।हादसों को दावत देता दनियारपुर सकरन खुर्द मार्ग पर बना खड़ंजा व 5 अदद पुलिया जो कि गड्ढा युक्त हैं जो कभी भी किसी की ले सकतीं जान।सांडा को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग की इस बदहाली से परेशान अंदूपुर,बगहाढाख,पीपापुरवा,दक्षिण पुरवा, दनियारपुर के लोगों का दर्द नहीं सुनने वाला कोई जनप्रतिनिधि न ही अधिकारी।वर्षों से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे मुख्यमार्ग व ग्रामीणों की कोई सुध नहीं लेने वाला।

यही नहीं समूचे क्षेत्र के किसी भी निर्माण कार्य को देख लो अपने अमानककार्यों की दास्तान खुद बयां करते मिल जाएगा।बगहाढाख ग्राम पंचायत में लंघनिया प्राथमिक विद्यालय में बनवाए गए दिव्यांग शौचालय की स्थिति देख कर पूरे क्षेत्र के विकास की पोल खुल जाएगी।अरुआ,रसूलपुर आंगनबाड़ी केंद्रों के शौचालय तो देखते ही बनते,अरूवा आंगनबाड़ी केंद्र में एक एक बूंद पानी को तरसते मासूम बच्चे जहां नहीं कोई पानी साफ सफाई की व्यवस्था।हरेक विद्यालय में बनवाए गए सैकड़ों दिव्यांग शौचालयों की स्थिति अति दयनीय।अमानक इंटरलॉकिंग,पेड़ रहित अमृत वाटिकाओं व जलविहीन अमृत सरोवरों के लिए जगप्रसिद्ध सकरन का कोई पुरसाहाल नहीं लेने वाला। बदहाल रास्तों के लिए जिम्मेदारों का मौनरूप व निर्माण कार्यों में अनदेखी आमजन के लोकतंत्र में आस्था पर पैदा कर रहा संदेह।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने मनायी परशुराम जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। अक्षय तृतीया भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव के शुभ अवसर पर सीतापुर में परशुराम चौक पर स्थित भगवान परशुराम के मंदिर में भव्य हवन पूजन करते हुए भगवान की महिमा का स्तुति गान किया गया विद्वान आचार्यों की टीम ने पंडित शिवकुमार शुक्ला के नेतृत्व में विधि विधान से मंत्र पढ़कर हवन पूजन किया अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में माननीय सांसद राजेश वर्मा जी ने भी परशुराम मंदिर में आकर हवन पूजन करके भगवान परशुराम का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण किया, माननीय सांसद जी को भगवान परशुराम जी का स्मृति चिन्ह सप्रेम भेंट किया गया, इसी क्रम में सीतापुर बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का फूलों की माला पहना करके भगवान परशुराम का स्मृति चिन्ह भेंट करके स्वागत एवं सम्मान किया गया, इस अवसर पर तमाम अधिवक्ता गणों के अलावा जिले व शहर के वरिष्ठ जनों के साथ-साथ सैकड़ो की संख्या में युवा शक्ति व महिलाओं के रूप में मातृशक्ति उपस्थित रहकर भगवान का आशीर्वाद व प्रसाद प्राप्त कर पुण्य के भागीदार बने इस पावन अवसर पर चाचा भरत त्रिपाठी जी, अ0 भा0 ब्रा0 म0 के प्रदेश अध्यक्ष दादा हरिनाम बाबू मिश्रा जी, बार एसोसिएशन सीतापुर के सम्मानित अध्यक्ष दादा विजय कुमार अवस्थी जी, महासचिव दादा दिनेश कुमार त्रिपाठी जी, कोषाध्यक्ष राम प्रताप सिंह जी, उपाध्यक्ष दीपक पाण्डेय जी, आशुतोष बाजपेई जी, अम्बरीष शुक्ला जी, बहन कुमारी आरती राय जी, संयुक्त सचिव प्रशासनिक कौशलेंद्र सिंह जी, संयुक्त सचिव पुस्तकालय सुबोध कुमार जी, संयुक्त सचिव प्रशासन शैलेंद्र कुमार मिश्रा जी, पुनीत कुमार शुक्ला जी, विकास वर्मा जी, आलोक कुमार मिश्रा जी, राम कृष्ण तिवारी जी, कार्यकारिणी सदस्यों के साथ साथ बुद्धि प्रकाश मिश्रा जी पूर्व महासचिव, वरिष्ठ अधिवक्ता दादा नीरज पाण्डेय जी, रत्नेश द्विवेदी जी, अंजुल पाण्डेय जी, राममोहन पाण्डेय जी के साथ साथ तमाम अधिवक्ता गण मौजूद रहे, कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष धीरज पाण्डेय जी के द्वारा किया गया, कार्यक्रम का सफल संचालन रामकुमार मिश्र प्रदेश सचिव एडवोकेट के द्वारा किया गया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से धीरेंद्र मिश्रा उपाध्यक्ष,दादा कमलेश पाण्डेय जी, राहुल तिवारी जिला सचिव, अरुण मिश्रा जिला सचिव, विनोद त्रिपाठी एडवोकेट जिला महासचिव, धीरज त्रिपाठी जिला सचिव, धर्मेंद्र शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार नैमिष पांडेय, शरद तिवारी, विवेक मिश्रा जी, गुल्लू शुक्ला जी, हर्षित त्रिपाठी, शनी शुक्ला, अम्बुज शुक्ला वीरेंन्द्र तिवारी जी का सहयोग रहा, इस पावन अवसर पर आशीष शास्त्री, मनीष मिश्रा, देश दीपक त्रिपाठी, छोटे भाई अनुप खेतान, लकी पाण्डेय जी, गोलू काका, आनंद प्रकाश मिश्रा, दीपक बाजपेई प्रधान, सूरज मिश्रा, राजेश शुक्ला, आकाश मिश्रा, आकाश राय, दादा पुरुषोत्तम दीक्षित जी, राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा भारत के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदोरिया जी व मीडिया प्रभारी धर्मवीर सिंह जी मातृशक्ति के रूप में दीदी पूनम मिश्रा जी, दीदी नीरज वर्मा जी, अंजू पाण्डेय जी, कल्पना पाण्डेय जी, मीनू पाण्डेय जी,बृजलता शर्मा जी, रुचि श्रीवास्तव जी, गीता मिश्रा जी, अर्चना मिश्रा जी उपस्थिति रही इसके अलावा सैकड़ो की संख्या में युवा शक्ति व परशुराम भक्तों ने भगवान मंदिर पर उपस्थित रहकर भगवान का आशीर्वाद लेकर प्रसाद ग्रहण किया ।

### जंगल में बने बंद कमरे में तैयार हो रहे थे हथियार, पुलिस ने तीन अभियुक्तों को दबोचा

जालौन। लोकसभा चुनाव को देखते हुए जालौन पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। यहां पर एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त टीम ने अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। मौके से पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है जिनके पास से निर्मित व अर्ध निर्मित असलहा बरामद किए गए हैं। सीओ सिटी गिरिजा शंकर त्रिपाठी ने शनिवार को बताया कि जालौन के कोटरा थाना क्षेत्र में पुलिस अपराध की रोकथाम के लिए चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान सूचना के आधार पर शुक्रवार की देर रात पुलिस, एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त टीम ने इलाके में स्थित जंगल क्षेत्र में बने एक बंद कमरे में कुछ लोगों के होने की सूचना पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान मौके से तीन अभियुक्तों को तमंचा बनाते हुए गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में अवैध असलहा बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से 6 पिस्टल 32 बोर, 1 बंदूक 315 बोर, 1 पोनिया 12 बोर, 13 तमंचे 315 बोर, 10 तमंचे 12 बोर, 1 अधबना तमंचा, 1 जिंदा कारतूस 12 बोर, 3 खोखा कारतूस, 12 खोखा कारतूस 315 बोर, 8 खोखा 12 बोर, एवम अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं।

### वीआईपी सीट पर बड़े नेताओं की एंट्री, चढ़ेगा सियासी पारा

रायबरेली। वीआईपी संसदीय क्षेत्र रायबरेली में बड़े नेताओं की चुनावी एंट्री हो रही है और उनके ताबड़तोड़ चुनावी दौरे होने वाले हैं,जिससे रायबरेली में सियासी पारा चढ़ेगा। चुनाव प्रचार को अब केवल आठ दिन शेष हैं ऐसे में सभी दल अपने-अपने ट्रंप कार्ड उतारने जा रहे हैं।दरअसल राहुल गांधी के यहां से प्रत्याशी होने से जहां इंडी गठबंधन अपना पूरा ज़ोर लगा रही है वहीं भाजपा भी उन्हें कड़ी चुनौती दे रही है।जिससे रायबरेली का चुनाव काफ़ी दिलचस्प हो गया है,और सभी की निगाहें लगी हुईं हैं। रायबरेली में किसी बड़े नेता की पहली चुनावी सभा भाजपा की ओर से हो रही है।जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शहर के जीआईसी मैदान में भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के लिए एक बड़ी जनसभा को सम्बोधित करेंगें। इसके बाद ऐहार लालगंज में 13 मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी जनसभा होनी है। 15 मई को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह सुक्खू रायबरेली में राहुल गांधी के लिए जनसभाओं को सम्बोधित करेंगें। 17 मई को सपा प्रमुख और राहुल गांधी की एक संयुक्त चुनावी सभा होगी।जिसमें अखिलेश यादव राहुल गांधी के लिए वोट माँगेंगें। इसके अलावा तेलेंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक,केशव प्रसाद मौर्य,भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या,कंाग्रेस नेता पप्पू यादव सहित कई बड़े नेताओं के दौरे होने जा रहे हैं।जिससे रायबरेली में मौसम के अलावा चुनावी गर्मी देखने को ज़रूर मिलेगी।

### साइबर अपराध के प्रति जागरुकता पाठशाला का किया गया आयोजन

चित्रकूट । पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल ने जे.एम. सिंह बालिका इण्टर कॉलिज कर्वी में साइबर अपराध के प्रति जागरुकता पाठशाला का आयोजन किया। पाठशाला में छात्र-छात्राओं को विस्तृत रुप से साइबर अपराधों की जानकारी दी गयी। साथ ही बताया कि साइबर अपराधी आये दिन ठगी के नये-नये तरीके अपना रहे है। इसलिए सोशल मीडिया या इन्टरनेट बैंकिंग का प्रयोग करते समय सतर्क रहें। पाठशाला में साइबर सेल में नियुक्त आरक्षी प्रशांत कुमार ने साइबर अपराध से बचने व उनके रोकथाम के लिए हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने के सम्बन्ध में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को बताया। साथ ही साइबर अपराध से बचने के लिए सभी को जागरूक किया।

### 3 आरोपियों के विरुद्ध मिनी गुण्डा की कार्यावही

चित्रकूट । पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 3 आरोपियों के विरुद्ध मिनी गुण्डा की कार्यवाही की गयी। सरधुवा थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी द्वारा देवशरण निवासी दरसेडा, विपुल मिश्रा निवासी अरछा बरेठी के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार बहिलपुरवा थानाध्यक्ष राम सिंह द्वारा विपिन कुमार निवासी सेमरदास के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

### अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

चित्रकूट । पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 2 आरोपियों के कब्जे से 34 लिटर कच्ची शराब बरामद की गयी। बहिलपुरवा थाना के उप निरीक्षक यूटी अनुभव वर्मा तथा उनके हमराही द्वारा मिथलेश पटेल निवासी मडैयन को 14 लिटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार राजापुर थाना के उप निरीक्षक कन्हैया बक्श सिंह तथा उनके हमराही द्वारा रामबाबू निषाद निवासी रायपुर को 20 लिटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### अपने माता-पिता, अभिभावकों के साथ हमेशा अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान करें : निशा यादव

मुरादाबाद। साहू रमेश कुमार कन्या इंटर कॉलेज कुमार कुंज जीएमडी रोड में सरकारी व उच्च पदों पर कार्य कर रही स्कूल की पूर्व छात्राएं कॉलेज की वर्तमान छात्राओं व उनके अभिभावकों के सम्मुख शनिवार को करियर गाइडेंस के बारे में बताया और अपने अनुभवों को साझा किया। पूर्व छात्राओं में ग्राम पंचायत अधिकारी मुरादाबाद ब्लाक निशा यादव, कम्पनी सेकेट्ररी कोपल वार्ष्णेय, रायल क्वीन मेकअप स्टूडियो की संचालिका दीपाली भाटिया, पूर्व मिस यूनिवर्स डिवाइन निशा मौर्य ने साहू रमेश कुमार कन्या इंटर कालेज से लेकर अब तक की गतिविधियों के बारे में बताया। चारों पूर्व छात्राओं का परिचय वर्तमान छात्राओं के द्वारा सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### जालौन में युवक की सिर कूचकर हत्या, खेत में शव मिला

जालौन। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांडरी में शनिवार को एक युवक का शव मिला। पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर जांच की। युवक के सिर पर लोहे के रॉड के निशान मिले हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। परिवार से जानकारी मिली है कि शुक्रवार की रात को आकाश गुप्ता उर्फ गोलू गांव के पास खेतों में थ्रेसिंग करवाने गया और देर रात तक घर नहीं लौटा। शनिवार की सुबह जब ग्रामीणों ने खेत में गोलू का शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी एवं फोरेंसिक जांच टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई।

क्षेत्राधिकारी रामसिंह ने बताया कि खेत में एक युवक की लाश पड़े होने की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल से साक्ष्य जुटाया। उसकी लोहे की रॉड मारकर हत्या करने के निशान मिले हैं। शव को पोस्टमार्टम भेज दिया गया है, जो भी तथ्य निकलकर सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# मार्डन मदरसा मिफ्ताहुल के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पलियाकलां-खीरी। मार्डन मदरसा मिफ्ताहुल उलूम के छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षको के साथ पलिया कस्बे कई मोहल्लों मे पहुंचकर मतदाता जागरूकता रैली निकालकर अधिक से अधिक मतदान हेतु लोगों को स्कूल के बैनर, स्लोगन, साइन बोर्ड व मतदान पम्पलेट बांटने व नारे के साथ लोगों को जागरूक किया।

शनिवार को जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह के खीरी जनपद मे अधिक से अधिक मतदान की अपील पर पलिया के दुधवा रोड स्थित मार्डन मदरसा मिफ्ताहुल उलूम के बच्चो ने अपने स्कूल के मतदाता जागरूकता बैनर तले कस्बे के मोहल्ला इकरामनगर, माहिगीरान प्रथम व दित्तीय, बरबंडा, सिंगहिया, पुजारी पूर्वा, हलवाई मोहल्ला आदि मोहल्लों मे पहुंचकर मतदाता जागरूकता रैली निकालकर शत प्रतिशत मतदान हेतु साइन बोर्ड के माध्यम व पम्पलेट बांटकर अपना जनपद रचेगा इतिहास,सभी मतदाता बढ़ चढ़कर मतदान और यह बताना है दादा, दादी, पापा, मम्मी सबको मतदान करने जरूर जाना है आदि सहित नारे लगाते हुए सभी से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। रैली के पश्चात विद्यालय के एम.डी मोहम्मद वसीम ने सभी बच्चो द्वारा किया गये इस कार्य की सराहना करते हुए कहा आप लोग भी अपने दादा, पापा, पापा, मम्मी, भाई-बहनो के साथ आस पास व रिश्तेदारो को भी आप लोग घर अधिक उनके एक मत की कीमत बताते हुए अधिक से अधिक मतदान करने कहा।स्कूल द्वारा मतदाताओ को जागरूक करने हेतु निकाली जा रही रैली के दौरान रास्ते में प्रेम मेडिकल स्वामी प्रेम कुमार ने रैली में शामिल बच्चो व शिक्षकों पानी व चाय बिस्कुट खिलाकर उनकी सेवा की।इस मौके पर प्रधानचार्य मंसूब हुसैन खान शिक्षक, अंदेज कुमार, हाफ़िज मोहम्मद आसिफ, शिक्षिका सोनम खान, सबा उस्मानी, आरजू फिरदौस, कहकशा, शमा परवीन, सबनूर, साजिया बानो सहित शिक्षक व तमाम बच्चे मौजूद रहे।

# युवा सम्मेलन: भारत में नहीं लागू होने देगें सरिया कानून : तेजस्वी सूर्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता



फतेहपुर। आज भारतीय जनता युवा मोर्चा के खागा में आयोजित युवा सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष बैंगलौर से सांसद तेजस्वी सूर्या के आने से युवाओं का जोश सातवें आसमान में था। आपको बता दें कि फतेहपुर जनपद में युवा मोर्चा की सहभागिता फतेहपुर के चुनाव में अहम रोल अदा कर रही है। जिसके चलते जनपद में तेजस्वी सूर्या का आना सोने में सुहागा से कम नहीं है। खागा स्थित एक मैरिज हाल में आयोजित युवा सम्मेलन में जनपद से करीब ढाई हजार के करीब युवाओं ने प्रतिभाग किया। सम्मेलन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा ने की। सम्मेलन में फतेहपुर से सांसद प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति के पक्ष में मतदान करने की अपील खागा विधायक कृष्णा पासवान, जहानाबाद विधायक राजेन्द्र पटेल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अभय सिंह ने विकासशील से विकसित फतेहपुर के लिए की। सम्मेलन का संचालन जिला महामंत्री प्रसून तिवारी एवं ऐश्वर्य सिंह चंदेल ने किया। आपको बतातें चलें कि सुबह दस बजे से आयोजित कार्यक्रम में सुबह से ही युवाओं के आने का ताता लगा रहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजश्वी सूर्या ने युवाओं में उत्साह भरते हुए कहा कि देश में चार सौ सीटों से अधिक भाजपा की सरकार आने वाली है एवं फतेहपुर से साध्वी निरजन ज्योति चार लाख वोटों से जीतने वाली है। उन्होने कहा कि भारत को आगे आने वाले समय में भारत ही बनाये रखने कि लिए भाजपा ही एक मात्र विकल्प है। यह युवा आज का चुनाव नहीं आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए चुनाव है। नकाम कंाग्रेस की धूरवीकरण की राजनीति का आलम यह है कि अल्पसंख्यकों को कुछ भी खाने एवं मनचाहे तरीके से न्याय प्रणाली की छूट अपने घोषणा पत्र का हिस्सा है। उन्होने कहा कि हमारे दुश्मन देश चाहते है कि भारत में कंाग्रेस की सरकार बने यह पाकिस्तान और चीन का प्रेम क्या बयां करता है यह जग जाहिर है। कहा कि भारत सरिया कानून से नहीं देश के संविधान से चलेगा। इसके अलावा साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि फतेहपुर जनपद का चुनाव हनुमान रूपी युवा मोर्चा के कंधों में ही है। फतेहपुर में मेडिकल कालेज, पासपोर्ट आफिस, केन्द्रीय विद्यालय, हर घर नल, गैस

**युवा मोर्चा के सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने युवा में भरा उत्साह, खिलेगा कमल**

**युवाओं दम पर चार लाख वोटों से जितेंगें फतेहपुर का चुनावः साध्वी निरंजन ज्योति**

पाईप लाइन, निःशुल्क राशन वितरण, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत योजना, दीन दलया उपाध्याय योजना, आवास एवं शौचालय जैसे किये गये कार्यों के कारण ही समूचा फतेहपुर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मतदान करेगा। इसके अलावा जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार ज्ञापित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या के आगमन से भरोसा जताया कि जनपद का युवा भाजपा को ही मतदान करेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अनुभव द्विवेदी, क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनील साहू, सागर शुक्ला, शिखा मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष विमलेश पाण्डेय, वैभव द्विवेदी, आशीष तिवारी, गौरव अग्रहरी, कोमल सिंह, सावन गुप्ता, जिला मंत्री कुलदीप मौर्या, उदय प्रताप सिंह, सत्यम बाजपेयी, पंकज पाल, शिवम ओमर, आभाष मिश्रा, उत्कर्ष जायसवाल, अनुभव शुक्ला, नीरज निषाद, मण्डल अध्यक्ष जुगेश सिंह, हिमांषु त्रिपाठी, सत्येंद्र, बृजेश सिंह, धनंजय सिंह, देवेश त्रिपाठी, बब्लू सिंह, अवधेश मिश्रा, हर्ष पाण्डेय, गौरव चौहान, संदीप विश्वकर्मा, संजीव मोदनवाल, आलोक सिंह, हिमांषु सिंह, विकास तिवारी, प्रशांत ओमर, ब्लॉक प्रमुख विकास पासवान, चेयरमैन गीता सिंह, शिवम पाण्डेय, विपुल सिंह, सचिन पाण्डेय, आशुतोष विश्वकर्मा, योगेंद्र अवस्थी, गौरव गुप्ता, चंद्रशेखर निषाद, राहुल सिंह, किशन शुक्ला, आलोक परिहार, रोहित मौर्या, अजीत भदौरिया, प्रशांत सिंह, शिवम वर्मा, सचिन विश्वकर्मा, गोलू सैनी, विमल गुप्ता आदि तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# पशु चिकित्सा अधिकारी ने गौशालाओं का किया औचक निरीक्षण




फतेहपुर। जिला के ऐरायां ब्लॉक के गौशालाओं का पशु चिकित्सा अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण गौशाला में गोवंशों को समय से चारा देने व उनकी देखभाल में लगे लोगों को हिदायत दिया कि कोई भी गाय भूखे न रहने पाए समय से उनको चारा व पानी देते रहे । अरे यहां ब्लॉक के विक्रमपुर रोशनपुर टिकरी गांव में बने गौशालाओं का आया पशु चिकित्सा अधिकारी आदर्श तिवारी ने तपती धूप में गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया जहां उन्होंने इधर-उधर घूम रहे गांव को गायों को तीन सेट के नीचे रखने को कहा और साथ ही उनका समय-समय से चारा पानी देने की बात कही वही रोशनपुर टेकरी के गौशाला में लगे सेवादारों से कहा कि गौशाला में पशुओं के भजन की व्यवस्था का ध्यान रखें समय से उन्हें चार दे और कोई भी पशु बिना टैग के ना रहने पाए किसी का ईयर टैग गिर जाता है तो तत्काल इसकी सूचना मुझे दें और मैं समय-समय पर वैसे भी निरीक्षण करने आता रहता हूं और पशुओं को छाया में रखने की व्यवस्था रखें धूप में इधर-उधर गए ना घूमने पाए वह विशेष कर उनके छोटे बच्चों को ध्यान में रखें उनको छाया में ही तीन सेट के नीचे रखें।

# मातृ दिवस के अवसर पर विद्यालय में हुयी प्रतियोगिताएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली से सम्बद्ध महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल फतेहपुर में मातृ दिवस के अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्राथमिक वर्ग के बच्चों के लिए फोटो फ्रेमिंग आयोजित की गयी। वहीं जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता व सीनियर वर्ग के लिए निबन्ध लेखन जिसका विषय था माँ प्रथम शिक्षिका बच्चों ने सुन्दर व मनमोहक ग्रीटिगं द्वारा माँ के व्यक्तित्व को अपनी कल्पना शक्ति से उकेरा। कविता गायन प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग के बच्चों ने बहुत ही सुन्दर तरीके से माँ के प्रति श्रद्धा, समर्पण, त्याग व तपस्या की प्रतिमूर्ति जैसे भाव प्रस्तुत किये गये। ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग से श्रृनि सिंह, तृषा व आरजू कुशवाहा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर चयनित किये गये। वही सीनियर वर्ग से कविता वाचन प्रतियोगिता में उत्कर्ष त्रिपाठी प्रथम, नैनम गुप्ता द्वितीय, शाम्भवी और अंशिका श्रीवास्तव तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के



प्रधानाचार्य श्री प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने कहा कि मॉ बच्चे के लिए उतनी ही उपयोगी है जितना कि जीवन के लिए श्वॉस। हमें माँ का योगदान जीवन के प्रत्येक क्षण महसूस होता है वह व्यक्ति के सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास करने की सामर्थ्य रखती है। यह दिन माँ के प्रति कृतज्ञता का भाव विकसित कर उनके त्याग, तपस्या करूणा, ममता जैसे गुणों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। उन्होनें इस अवसर पर दुनियों की समस्त माताओं कों हृदय से नमन कर उनके प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव प्रदर्शित किया।

## परिवार तिलक समारोह में शामिल होने गया था, युवक ने लगा ली फांसी

जालौन। डकोर थाना क्षेत्र के ग्राम जैसारी खुर्द में बीती रात राजेंद्र 26 वर्ष पुत्र गया दीन अहिरवार ने घर के भीतर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मरने वाला गांव में रहकर खेती और मजदूरी करता था। जिस वक्त उसने यह आत्मघाती कदम उठाया, उस वक्त घर के लोग गांव में ही आयोजित एक तिलक समारोह में गए हुए थे। देर रात तक घरवाले वापस लौटे तो भीतर कमरे में राजेंद्र की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिली। बाद में पुलिस को मामले की सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। मृतक शादीशुदा है। उसके दो नाबालिग बच्चे हैं।

# पिता को गोली मारकर घायल करने के दोषी बेटे को दस वर्ष की सजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कृष्णलीला यादव ने पिता को गोली मारकर घायल करने के दोषी बेटे को दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। उस पर 31 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव चांदापुर निवासी अमित कुमार ने थाने में तहरीर दी थी। बताया था कि उसका भाई अखिलेश कुमार पिता अहिबरन लाल से जमीन के बंटवारे को लेकर रंजिश मानता था। 16 अप्रैल 2022 को उनके पिता रात 8:15 बजे खाना खाकर अमित के घर से अपने घर जा रहे थे। गांव के मुनेश के घर के पास अखिलेश ने पिता की पीठ से सटाकर तमंचे से गोली मार दी। इससे वह बुरी तरह से घायल हो गए। इसके बाद अखिलेश तमंचा लहराते हुए चला गया।

वादी की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। विवेचना के बाद आरोप-पत्र अदालत भेजा गया। अदालत में मुकदमा चलने के दौरान गवाहों के बयानात और सरकारी वकील भावशील शुक्ला के तर्कों को सुनने के बाद न्यायालय ने अखिलेश कुमार को दोषी पाया। उसे दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई।

## बदायूंः दो दिन से लापता अधेड़ का शव खेत में मिला

बदायूं। बिल्सी थाना क्षेत्र में दो दिन से लापता एक अधेड़ व्यक्ति का शव शनिवार को एक मक्के के खेत में मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। फतेह नगला गांव के रहने वाले ब्रजपाल बीती 09 मई को सुबह खेत की रखवाली करने के लिए घर से निकला और शाम तक वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला तो घरवालों ने 10 मई को थाना में गुमशुदगी दर्ज करायी। पुलिस उसकी खोजबीन में लगी थी।

# डीईओ ने पोलिंग पार्टीयों के रवानगी स्थल का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। लोक सभा सामान्य निर्वाचन एवं विधानसभा ददरौल के उप निर्वाचन के दृष्टिगत पोलिंग पार्टियों की रवानगी हेतु रामलीला ग्राउंड का जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण किया। चतुर्थ चरण में 13 मई को मतदान सम्पन्न कराया जायेगा तथा 12 मई को पोलिंग पार्टियों की रावानगी रामलीला मैदान से की जायेगी। रामलीला मैदान का निरीक्षण कर जिला निर्वाचन अधिकारी ने की गयी तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। लोक सभा सामान्य निर्वाचन एवं उप निर्वाचन विधानसभा ददरौल हेतु 13 मई को जनपद में 2481 मतदान केन्द्रो पर मतदान प्रस्तावित है। रवानगी स्थल ओसीएफ रामलीला मैदान का जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्थलीय



निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने ओसीएफ मैदान में की गई व्यवस्थाओं के अतिरिक्त वैकल्पिक व्यवस्था हेतु नलन्दा विद्यालय ओसीएफ, एवं जीएफ कालेज का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीईओ ने पोलिंग पार्टीयों के बैठने की व्यवस्था, टैन्ट, पेयजल सहित अब तक की गाई तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होने निर्देश दिये कि सभी वाहन मैदान में व्यवस्थित ढंग से विधानसभा वार खड़े किए जाए, जिससे पोलिंग पार्टियां समय से सकुशल रवाना की जा सके। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि पोलिंग पार्टीयों की सकुशल रावानगी हेतु ट्रॉफिक व्यवस्था का प्रबन्ध करना सुनिश्चित किया जाये। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि सभी तैयारियां समय पूर्ण कर ली जाये। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय सहित संबधित अधिकारी मौजूद रहे।

## समाज के सभी वर्गो के लोग प्रधानमंत्री मोदी का करेंगे भव्य स्वागत

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 मई को अपने संसदीय क्षेत्र काशी आ रहे हैं। शहर में आने के बाद प्रधानमंत्री का शाम को भव्य रोड शो होगा। इसकी तैयारियां तैयारियां अन्तिम दौर में है। मेगा रोड शो के दौरान बीएचयू सिंहद्वार स्थित महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा से काशी विश्वनाथ धाम तक लघु भारत की झलक दिखेगी। रोड शो में कई राज्यों के लोग पारंपरिक वेशभूषा में प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। इसी तैयारी के निमित्त प्रदेश के आयुष मंत्री स्वतंत्र प्रभार डा. दयाशंकर मिश्र '' दयालु'' ने शनिवार को विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं लोगों के बीच जाकर उन्हें प्रधानमंत्री के रोड शो में शामिल होने लिए आमंत्रित किया। राज्यमंत्री ने माहेश्वरी समाज,जैन समाज, यादव समाज,वाराणसी खेल संघ,गोवर्धन माता उत्सव समिति, भूमिहार समाज,मारवाड़ी समाज,शिक्षक वर्ग,केंद्रीय ब्राह्मण सभा, रोटरी क्लब, किन्नर समाज सहित अन्य सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से मिलकर उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान मंत्री ने कहा कि हमारी काशी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हृदय में बसती है ।

# समाजवादी पार्टी के कार्यालय उद्घाटन में एकत्र भीड़ को देखकर बौखलाए विपक्षी

### 100 मीटर के रेंज में विशाल भींड को किया प्रत्यासी नरेश उत्तम ने संबोधित, कहा अबकी बार गठबंधन की सरकार




कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर। लोकसभा 2024 के चुनाव में सपा प्रत्याशी नरेश उत्तम पटेल के कार्यालय उद्घाटन में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान समाजवादी पार्टी, कंाग्रेस पार्टी, जन अधिकार पार्टी तथा आम आदमी पार्टी के कई दिग्गज पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण व समर्थक मौजूद रहे। वहीं मौके पर जोशीले कार्यकर्ताओं ने गला फाड़ के बटन दबाओ तान के साइकिल को पहचान के, नारे लगाए जिसे सुनकर आसपास का इलाका गुंजायमान हो गया। निर्धारित रूपरेखा के अनुसार शुक्रवार को नगर के ललौली मार्ग में समाजवादी पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर लोकसभा प्रत्याशी नरेश उत्तम पटेल का फूल मालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया गया।वहीं समाजवादी पार्टी, कंाग्रेस पार्टी, जन अधिकार पार्टी तथा आम आदमी पार्टी के हजारों पदाधिकारी, कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा के प्रत्याशी नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में डबल महंगाई हुई है और डबल बेरोजगारी बढ़ी है तथा डबल भ्रष्टाचार बढ़ा है, साथ ही पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दुगना वृद्धि हुई है। घरेलू गैस सिलेंडर में दुगना दामों में वृद्धि हुई है। इस सरकार में सभी वस्तुओं की महंगाई

### विशाल जुलूस में कई घंटो तक बाधित रहा मार्ग, कार्यकर्ताओं ने स्वयं करवाया मार्ग क्लीन

हुई है। वही भ्रष्टाचार, बेरोजगारी आदि में बढोत्तरी हुई है। अब वो समय आ गया है कि इस सरकार को बदलना ही होगा क्योंकि दूसरा कोई भी विकल्प नहीं है। कार्यालय उद्घाटन के बाद ललौली रोड होते हुए सपा प्रत्याशी नरेश उत्तम पटेल के साथ हजारों की संख्या में लोग बिंदकी तहसील परिसर पहुंचे और वहां पर अधिवक्ताओं से मिलकर जीत दर्ज करवाने की अपील की। बताया गया कि नरेश उत्तम पटेल भी एक अधिवक्ता है, ऐसे में सभी अधिवक्ताओं को मिलकर सहयोग करना चाहिए। इसके बाद बाजार में भी घूमे और आने वाली 20 मई को ईवीएम मशीन में नंबर एक के स्थान पर साइकिल वाली बटन दबाकर भारी मतों से जिताने को कहा गया। रामलीला मैदान में उन्होंने एक नुक्कड़ सभा को भी संबोधित किया ।

# जागरुकता रैली निकाल कर मतदान के लिए दिए आमंत्रण पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर। अब तक तीन चरणों के चुनाव में मतदान का औसत कमजोर होने से चुनाव आयोग चिंतित है अगले चौथे पांचवे छठवें, सातवें चरण में होने वाले चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारीयों को सक्रिय किया गया है सूर्य की तपिस एवं खेती किसानी में काम की अधिकता की वजह से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में मतदान कम हुआ है इसको लेकर के चुनाव आयोग और गंभीर है मतदान बढ़ाने के लिए प्रशासनिक मशीनरी को लगाया गया है। इसी कड़ी में आज नगर पंचायत असोथर में मतदाता जागरुक रैली अधिशाषी अधिकारी एचपी सिंह की अगुवाई में निकली गयी रैली नगर पंचायत कार्यालय से मुख्य बाजार नई बाजार मुंराईन डेरा बसस्टॉप मंडी समिति झाल तिराहा खलवा मंडी छविनाथ नगर में घुमायी गयी हांथो में बैनर पोस्टर स्लोगन लिखी तख्तियां






लेकर मतदाताओं को जागरूक किया गया और 20 मई को बूथ पहुंचकर मतदान करने के लिए आमन्त्रित किया गया रैली में नगर पंचायत के कर्मचारी अधिकारी ,व्यापारी गणमान्य नागरिक शामिल रहे और जनता जनार्दन को संविधान की शक्तियों की जानकारी देकर मताधिकार का प्रयोग करने पर जोर दिया ।

भैया भाभी भूल न जाना 20 मई को बूथ में आना। पहले मतदान फिर जलपान ऐसे स्लोगन लिखें बैनर पोस्टर से मतदान के लिए प्रेरित किया गया और जागरुकता पैदा करने का प्रयास किया गया असोथर में रैली निकाल कर नगर पंचायत में शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रयास किया गया ईओ एचपी सिंह के तात्वावधान में मतदाता जागरूकता रैली नगर के प्रमुख गालियों चौराहों में भ्रमण कर नारा बुलंद किया 20 मई को मतदान पर्व के रूप में मनाने का आह्वान किया गया मतदाता जागरूकता रैली में नगर पंचायत के कर्मचारी अधिकारी सम्मानित व्यापारी, गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया चंद्रपाल पासवान सोनू सिंह सतेंद्र कुमार पवन कुमार अनमोल विनीता सुनीता सहित कर्मचारी रहे ।

# चेकिंग के दौरान खुकुरी नेपाली सिगरेट के साथ व्यक्ति हुआ गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। रूपैडिहा चेक पोस्ट पर नियमित चैकिंग के दौरान एसएसबी 42वीं वाहिनी की टीम ने 840 पैकेट नेपाली सिगरेट के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, अधिक पैसों की लालच में नेपाली सिगरेट को रुपैडिहा में किसी अंजान व्यक्ति को देने वाला था सिगरेट। मिली जानकारी के अनुसार 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बहराइच प्रथम के कमान्डेंट गंगा सिंह उदावत के निर्देशन में रूपैडिहा चेक पोस्ट पर नियमित चैकिंग और फ्रिस्किंग ड्यूटी की जा रही थी, इस दौरान एक व्यक्ति जो नेपाल से भारत अपने सामान के साथ आ रहा था, ड्यूटी पर तैनात टीम ने जब उसके सामान की जाँच स्कैनिंग मशीन से की तो यह देखा गया की बैग में सिगरेट जैसे कुछ है। ड्यूटी में उपस्थित महिला कार्मिकों द्वारा जब युवक के सामान को खोलकर चेक किया गया तब उसमे भारी मात्रा में नेपाली सिगरेट पाई गयी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौजूद पार्टी कमांडर द्वारा इसकी सूचना तत्काल समवाय कमांडर सौरभ रंजन, सहायक कमांडेंट को दी गयी। समवाय कमांडर की मौजूदगी में सामान को गहनता से जाँच करने पर सामान में कुल 840 पैकेट नेपाली सिगरेट (खुकरी नेपाली) बरामद हुई। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने अपना नाम डिल्ले बुद्धा केस्त्री उम्र-51 वर्ष, पिता का नाम परिमल बुद्धा केस्त्री, ग्राम जुनेचान्दे, वार्ड नं.-09, थाना -पंचाला, जिला-जाजरकोट, राष्ट्र-नेपाल बताया। आगे पूछताछ किये जाने पर अभियुक्त के द्वारा बताया गया की ये नेपाली सिगरेट रुपैडिहा में किसी अंजान दुकान में देना था, जिसके बदले उसे कुछ पैसा मिलने वाले थे। बरामद 840 पैकेट नेपाली सिगरेट (खुकरी नेपाली) व अभियुक्त को माननीय सर्वोच्च न्यायलय व मानवाधिकार के निर्देशों का पालन करते हुए औपचारिकताओ को पूर्ण करने के उपरांत अग्रिम कार्यवाही हेतु कस्टम कार्यालय रूपैडीहा को सुपुर्द कर दिया गया है। 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बहराइच प्रथम के कमांडेंट ने बताया कि हमारे द्वारा भारत नेपाल सीमा पर लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है जिसमे हमारे जवान अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से कर रहे हैं तथा अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी को पूर्ण रूप से लगाम लगाने के लिए सीमा पर 24 घंटे तत्पर हैं।

## नाराज मृतक सफाई कर्मी के परिजन पहुंचे कलेक्ट्रेट, कारवाई की मांग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। आठ मई को भाजपा नेत्री के घर सफाई करने गए सफाई कर्मी की मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतक सफाई कर्मी के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया था। वहीं परिजनों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग करते हुए उसका अंतिम संस्कार कर दिया था। पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न होने से नाराज परिजन कलेक्ट्रेट पहुंच गए। सूचना पर पहुंचे नगर कोतवाल परिजनो को एसपी ऑफिस ले गए। अमेठी जिले के मुंशीगंज थानाक्षेत्र के पूरब द्वारा निवासी राहुल नगर पालिका में बतौर दिहाड़ी सफाई कर्मी था। बीते आठ मई को वह भाजपा नेत्री पूजा कसौधन के घर सफाई के लिए गया हुआ था। इसी दौरान उसकी तबीयत बिगड़ी तो अस्पताल लाया गया। जहां मौजूद चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया तो पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा दिया। परिजन नगर कोतवाली में तहरीर दे विधिक कार्यवाही की मांग की थी। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों ने उसका अन्तिम संस्कार कर दिया। पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही नहीं होने पर परिजन कलेक्ट्रेट पहुंच गए।सूचना पर पहुंचे नगर कोतवाल श्रीराम पांडे परिजनो को एसपी ऑफिस ले गए। पीड़ित के पिता ने बताया कि शाम तीन बजे एसपी ने वार्ता की बात कही है।

## गौरीगंज में दूसरे दिन 1488 मतदान कार्मिकों को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। दूसरे दिन प्रशिक्षण में अनुपस्थित 18 मतदान कार्मिकों के माह मई 2024 का वेतन रोकने के निर्देश।अमेठी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आज दूसरे दिन मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में 1488 मतदान कार्मिकों (पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय) को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण दो पालियों में दिया गया जिसमें प्रथम पाली में 780 व द्वितीय पाली में 708 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर संजय श्रीवास्तव, मोहम्मद असलम, राजीव प्रजापति, संदीप यादव के द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से दिया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों द्वारा ईवीएम संबंधित विशेष बिंदुओं जैसे पीठासीन के कार्य, कितने प्रकार के लिफ़ाफ़े जमा करने हैं, ईवीएम को जोड़ने का सही क्रम क्या है, टेंडर वोट क्या है, चैलेंज वोट क्या है, वोटिंग कंपार्टमेंट में कौन-कौन सी मशीन रहती हैं, ईवीएम मशीन में आने वाले एरर आदि का पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू से लेकर अंत तक दिखाई और समझाई गई तथा नए अपडेट्स के बारे में भी मतदान कार्मिकों को बताया गया। अनुपस्थित मतदान कार्मिकों का माह मई 2024 का वेतन रोकने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित कर्मचारियों के विभागाध्यक्षों को दिए गए हैं। आज प्रशिक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी तेज भान सिंह, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, पीढ़ी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, बीएसए संजय तिवारी, डीआईओएस रीता सिंह, एसओसी केलकर सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## छात्र- छात्राओं द्वारा निकाली मतदान जागरूकता रैली




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लोकसभा चुनाव- 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल गर्ल्स इंटर कॉलेज राजाजीपुरम लखनऊ की छात्र- छात्राओं द्वारा मतदान जागरूकता रैली निकाली गई।

जागरूकता अभियान के तहत मतदाता जागरूकता रैली में शामिल छात्र -छात्राओं के हाथों में स्लोगन लिखी तख्ती लोगों को जागरूक करती नजर आई ।रैली विद्यालय परिसर से राजाजीपुरम ई ब्लॉक मार्केट से होते हुए ताल कटोरा थाना होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में संपन्न हुई। छात्र-छात्राओं द्वारा तख्ती में, छोड़कर अपने सारे काम, आओ चले करें मतदान,व अन्य नारे शामिल रहे। रैली में विद्यालय की प्राचार्या डॉ. श्रीमती वी. के. श्रीवास्तव, विद्यालय के मतदान नोडल अधिकारी टी के चौधरी, एवं विद्यालय के प्रवक्ता गण श्री मती शीला श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव,प्रभा शुक्ला,आरती निगम, विनीता श्रीवास्तव, रूबी मिश्रा, साक्षी श्रीवास्तव, इरम, सना , श्री नवनीत सिंह, श्री पंकज शुक्ला उपस्थित रहे।

## फिलिप्स की मीटिंग में डीलरों को उपहार देकर किया पुरस्कृत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। फिलिप्स कंपनी की एक मीटिंग फिलिप्स कंपनी के सुपर स्टॉकिस्ट आनंद पोद्दार एवं डिस्ट्रीब्यूटर सिराज अहमद के निर्देशन में नगर के नानपारा रुपईडीहा रोड स्थित ड्रीम हाउस मे आयोजित की गई। मीटिंग में तहसील क्षेत्र के डीलरों को उनके टारगेट पूरा करने पर उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। फिलिप्स कंपनी के अधिकारी मयंक वाजपेई ने कंपनी के बारे में बताते हुए कहा कि आज इलेक्ट्रॉनिक की दुनिया में फिलिप्स अग्रणी कंपनियों में आता है जो भारत ही नहीं बल्कि विश्व में अपने उत्पादन से अपना एक स्थान बना रखा है इसके उत्पादन से लाइटिंग की उत्पादन में देश में नंबर वन का स्थान बना रखा है अपने इस मुकाम पर कायम रखने के लिए कंपनी ने सुपर स्टॉकिस्ट तथा डिस्ट्रीब्यूटर सहित ग्रहकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज कंपनी के अपने उत्पादन के साथ-साथ आप लोगों के सहयोग से कंपनी इस स्थान पर पहुंची है। जिसमें आप सभी व्यापारी भाइयों का कंपनी के प्रति प्यार व मेहनत है। मीटिंग में नानपारा, रुपईडीहा, नवाबगंज शिवपुर, बाबागंज, इमामगंज सहित आधा दर्जन से अधिक जगह के डीलरों ने भाग लिया। फिलिप्स कंपनी के सुपर स्टॉकिस्ट आनंद पोद्दार ने सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए कंपनी के उत्पादकों की सेल बढ़ाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही सबको उपहार स्वरूप डिनर सेट, सफारी ट्राली, एलसीडी आदि देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा आज कंपनी ने अपने टारगेट का लक्ष्य आप सभी के सहयोग से पूरा किया है भविष्य में भी इसी तरीके का सहयोग कंपनी के प्रति आप लोगों का बना रहे जिससे फिलिप्स कंपनी अपने उत्पादकों को लेकर अपनी इस पहचान पर कायम रहे। इस मौके पर कंपनी के मयंक बाजपेई कौशल शुक्ला दीपक शुक्ला सहित अन्य कंपनी के सर्च प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## भीषण दुर्घटना में घायलों के लिए अवधकेशरी सेना ने किया रक्तदान






गोण्डा। जिले के थाना वजीरगंज क्षेत्र के राजासगरा के पास हुए सड़क हादसे में घायलों में नगवा के एक परिवार के साथ हुऐ भीषण सड़क हादसे में 3 लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। उक्त हादसे में घायलों को शनिवार को अवधकेशरी सेना ने तीन यूनिट ब्लड का इंतजाम करवाया। रक्तदान करने वालों में अभय सिंह थाना प्रभारी वजीरगंज,नीरज सिंह अवधकेशरी सेना प्रमुख, सूरज उपाध्याय प्रदेश अध्यक्ष अवधकेशरी सेना शामिल रहे। वहीं अवधकेशरी सेना ने दो यूनिट ओ निगेटिव रक्त का भी इंतजाम करवाने की जिम्मेदारी ली है। अध्यक्ष नीरज सिंह का कहना है पीड़ित परिवार के साथ अवध केसरी सेना लगातार मदद में लगी हुई है।

## मुकाबला कीर्तिवर्धन सिंह और श्रेया वर्मा के बीच सिमटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता





गोण्डा। लोकसभा सीट पर मुकाबला भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ़ राजा भैया और इंडिया गठबंधन प्रत्याशी समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा के बीच सिमट चुका है। बसपा प्रत्याशी चुनाव के मैदान से बाहर चुके हैं।सपा-कांग्रेस - भाजपा की सकते।अपने उम्मीदवारों को जिताने के लिए ऐडी चोटी का जोर लगाये हुए है।बसपा का प्रचार प्रसार क्षेत्र में बिल्कुल दिखाई नहीं दे रहा है।नुक्कड़ सभाओं से लेकर गांवों में जन चौपाल लगा कर भाजपा के कीर्तिवर्धन सिंह और सपा-कांग्रेस गठबंधन की उम्मीदवार

अपना चुनावी प्रचार कर रही हैं।सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी को कहीं कहीं जनता के कोपभाजन का शिकार भी होना पड़ रहा है।वही मोदी सरकार की मिली योजनाएं उस विपक्ष पर भाड़ी पड़ती दिखाई दे रही है।वही मोदी को क्षेत्र की जनता को पूरा साथ भी मिलता दिखाई दे रहा है। मोदी की जनकल्याण योजनाओ को कीर्ति वर्धन सिंह उर्फ राजा भैया भुना पाते है या पीडीए प्रत्याशी उन योजनाओं पर भारी पड़ती है ये तो आने वाला वक्त बतायेगा। फिलहाल भाजपा व पीडीए प्रत्याशी के बीच गोण्डा लोकसभा में कांटे की टक्कर होती नजर आ रही है। 12 मई को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा जिले के शहीदे भगत सिंह इंटर कॉलेज में होगी।वहीं गठबंधन प्रत्याशी श्रेया वर्मा के पक्ष में भी जनमत जुटाने के लिए जनसभाओं और जनसंपर्क का दौर काफी तेजी से चल रहा है।बहुजन समाज पार्टी से प्रत्याशी सौरभ कुमार मिश्रा के लिए भी जमीन तैयार करने की कवायद बसपाइयों की ओर से की जा रही है लेकिन उसका असर क्षेत्र में अभी दिखाई नही दे रहा है।अन्य प्रत्याशियों का भी क्षेत्र में सघन जनसंपर्क अभियान जारी है।चुनावी समीकरण काफी तेजी से बन रहे हैं।अभी विभित्र पार्टियों से बड़े नेताओं के आने के संकेत मिल रहे हैं।जिनकी सभाएं जनता के बीच में क्या गुल खिलाती हैं इस पर सभी भी लोगों की नजर बनी है।जहां एक तरफ बहराइच, जिले में भाजपा के गृहमंत्री व सूबे के मुख्यमंत्री भाजपा प्रत्याशी के पक्ष मे ताबड़तोड़ जन सभाएं कर जनता से उन?को जिताकर दिल्ली भेजने के वोट मांग रहे तो वहीं गठबंधन व बसपा प्रत्याशी के पक्ष में अब तक उनके आकाओं की एक भी जनसभा नही हुई है।

## बिजली न आने पर युवक ने उपकेंद्र पर काटा हंगामा, कर्मचारी की लगाई पिटाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, शिकायत के बाद जांच में जुटी पुलिस**

पूरनपुर।बिजली न आने से नाराज युवक ने बिजली घर पहुंच कर जमकर हंगामा कंाटा। आरोप है कि कर्मचारियों की पिटाई लगाई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। पुलिस जांच पडताल में जुटी है।पुलिस को तहरीर दी गई है।

जिला शाहजहांपुर के खुटार के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी अनुज कुमार ने बताया कि वह कुरैयाकला वह बिजली बिजली उपकेंद्र पर एसएसओ के पद पर तैनात है। नौ मई की शाम को मनिहार मोहल्ले में बिजली नहीं आने की शिकायत प्राप्त हुई। रात्रि में ही वह ड्यूटी पर तैनात लाइनमेंन गौतम को प्राप्त शिकायत के आधार पर ट्रांसफार्मर चेक करने के लिए भेजा। लाइनमैन ने शटडाउन लेकर ट्रांसफार्मर के फ्यूज बदलकर शटडाउन वापस किया। जिसके बाद पता चला कि ट्रांसफार्मर खराब हो चुका है। इसकी सूचना बिजली विभाग के जेई को दी गई। अगले दिन ट्रांसफार्मर आने की बात कही। लाइनमैन गौतम के बिजली घर आने से पहले मनिहार मोहल्ले से दस से 15 लोग एकत्र होकर बिजली उपकेंद्र पर पहुंचे। शराब के नशे में पहुँचे गांव के दो युवक लाइनमैन से जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उसकी पिटाई लगाई। इसको लेकर बिजली घर में अफरा तफरी मच गई। मामले की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने विवाद को शांत करने की कोशिश की। लेकिन दोनों युवक गाली गलौज और मारपीट करते रहे। तत्काल ही बिजली सप्लाई शुरू होने की बात कही। इसके बाद वह वीडियोग्राफी करने लगा। यह देखकर दोनों युवक कंट्रोलर रूम में घुस आए और मोबाइल छीन कर गाली-गलौज करते हुए मारा पीटा। सरकारी दस्तावेज को फाड़ दिया। सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले की पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## गर्मी के साथ रेलवे में तेज हुआ पानी का अवैध कारोबार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। रेल नीर को सबसे बेहतरीन पेयजल का तमगा मिला है।नियमानुसार गोण्डा रेलवे स्टेशन से लेकर ट्रेनों में केवल रेल नीर ही सप्लाई किया जा सकता है।लेकिन गर्मियां आते ही पता नहीं क्यों रेल नीर परिदृश्य से गायब हो जाता है।और कुछ ऐसे ही हालात गोण्डा रेलवे स्टेशन पर इस साल भी दिखाई पड़ रहे हैं।रोजाना भारी मात्रा में प्लेटफार्म नंबर एक गोण्डा रेलवे स्टेशन से अवैध ब्रांड का बोतल बंद पानी ट्रेनों में चढ़ाया जा रहा है।रेलवे के अफसर और आरपीएफ,जीआरपी केवल मूकदर्शक बन यह तमाशा देख रहे हैं ।गोण्डा रेलवे स्टेशन पर अवैध वेंडरिंग का बड़ा कारोबार है।इसके साथ ही गर्मी के मौसम में पीने के पानी की अवैध कमाई का सबसे बड़ा जरिया है।रेल यात्रियों को स्वच्छ और कम दामों में पीने का पानी मिल सके इसलिए आइआरसीटीसी की ओर से रेल नीर नाम से बोतल बंद पानी उतारा गया जिसका दाम मात्र 15 रुपये है।नियमानुसार रेलवे स्टेशन और चलती ट्रेनो में विशेष परिस्थितियों को छोड़कर यात्रियों को केवल रेल नीर की ही सप्लाई की जानी चाहिए।लेकिन गोण्डा रेलवे स्टेशन पर पानी का काला कारोबार किस कदर हो रहा है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आइआरसीटीसी गर्मी के मौसम में अब तक एक हजार से अधिक अवैध ब्रांड बोतलबंद पानी ट्रेनों में चढ़ते हुए देखा जा सकता है।

### पानी का अर्थ तंत्र

गर्मी में पानी की खपत को देखते हुए रेल नीर घाटे का सौदा है।रेल नीर की दस बोतलबंद वाली एक पेटी का मूल्य 126 रुपये है जो कि 150 रुपये में बिकती है, जबकि अवैध ब्रांड की एक पेटी का मूल्य 70 रुपये है जो बिकती 200 रुपये में है।इसे इस तरह भी समझा जा सकता है कि रेल नीर की एक बोतल की एमआरपी 15 रुपये लागत साढ़े 12.60 रुपये और बचत 2.40 रुपये है जबकि अवैध ब्रांड की बोतल की एमआरपी 20 रुपये, लागत सात रुपये और बचत 13 रुपये है।कमाई के इसी अंतर की वजह से रेल नीर ट्रेनों से गायब है।

वही प्लेटफॉर्म निरीक्षक के.एल.यादव ने बताया कि रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर ट्रेनों में चढ़ाने के लिए लाया गया अवैध फाइव स्टार मार्का पानी दो ठेलिया 332 बोतल पानी को पकड़ा गया है और उसे जप्त कर एलपीओ में जमा कराया गया है।सूत्रों के मुताबिक आम्रपाली एक्सप्रेस,पनवेल एक्सप्रेस, सत्याग्रह एक्सप्रेस,गोरखधाम सुपरफास्ट, वैशाली एक्सप्रेस,गोरखपुर-जम्मूतवी,लोकमान्य तिलक टर्मिनल आदि ट्रेनों में अवैध ब्रांड बोतल बंद पानी रोजाना गोण्डा रेलवे स्टेशन पर अवैध बेंडरो के द्वारा अवैध पानी बेचा और ट्रेनों में चढ़ाया जाता है।

### इनका ये है कहना

स्टेशन व ट्रेनों में रेल नीर को ही प्राथमिकता दी जाती है। कुछ लोग चोरी छिपे काम कर रहे हैं,ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**प्लेटफॉर्म निरीक्षक.. के.एल.यादव**

## कच्चे रास्तों से आ रहे व्यक्ति को एसएसबी टीम ने कच्ची शराब के साथ पकड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। 90 लीटर नेपाली कच्ची शराब के साथ एसएसबी 42वीं वाहिनी की टीम ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, नेपाल से सस्ते दामो में कच्ची शराब खरीदकर अपने क्षेत्र में महंगे दामो में बेचा करता था अभियुक्त। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसएसबी 42वी वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत के निर्देशन में सीमा चौकी बक्शी फारेस्ट के कार्मिकों द्वारा आसूचना के आधार पर उ0प्र0 पुलिस के साथ संयुक्त गश्त निकाली गई। गश्त के दौरान सीमा स्तम्भ संख्या 655 के समीप 100 मीटर भारतीय क्षेत्र में एक युवक साईकिल पर बोरी लाद कर कच्चे रास्ते से नेपाल से भारत की तरफ आता दिखाई दिया। नज़दीक आने पर गश्त दल को देखते ही साईकिल को बोरी सहित फ़ेककर भागने का प्रयास करने लगा परन्तु मौके पर ही उसे पकड़ लिया, पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम राम धीरज (पाचु), उम्र 48 वर्ष, पिता का नाम छेदी , बक्शीगाँव, थाना-रुपैडिहा बताया तथा बोरी में 90 लीटर नेपाली कच्ची शराब होने के विषय में बताया । अभियुक्त ने बताया कि मै नेपाल से सस्ते दामो में कच्ची शराब खरीदकर अपने क्षेत्र में महंगे दामो में बेचकर अपना जीविकोपार्जन करता हूँ। मौके पर उपस्थित बल कर्मियों द्वारा नियमानुसार पकड़े गये व्यक्ति की जमा तलाशी के दौरान बोरी में कुल 90 लीटर नेपाली कच्ची शराब व एक साईकिल बरामद हुई, बरामद साईकिल सहित कच्ची शराब व अभियुक्त को माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार के निर्देशों का पालन करते हुए गिरफ्तार किया गया तथा सभी औपचारिकता पूर्ण करने के उपरांत अग्रिम कार्यवाही हेतु रुपैडिहा पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। गश्ती दल में एसएसबी के सहा.उप निरी. सामान्य दीपक कुमार सिंह , ,मु.आ.मीता लाल, वीरेन्द्र कुमार, नयनमणि शर्मा, तलज राम , आरक्षी रामेश्वर जाट, पवन कुमार तथा उत्तर प्रदेश पुलिस के उप निरीक्षक अशोक कुमार, आरक्षी जतिन कुमार व अंकुर यादव शामिल रहे।

# भाजपा कार्यालय पहुंचे भाजपा लोकसभा प्रत्याशी कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

## यह चुनाव मेरे जीवन का बहुत ही सुखद चुनाव रहा :जितिन प्रसाद भाजपा लोकसभा प्रत्याशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।भारतीय जनता पार्टी पीलीभीत के लोकसभा प्रत्याशी एवं लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद का चुनाव के बाद सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि जिस प्रकार चुनाव में सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मुझे अपना आशीर्वाद और सहयोग दिया वह अतुलनीय है।यह चुनाव मेरे जीवन का बहुत ही सुखद चुनाव रहा है।आपके उत्साह और जोश ने पीलीभीत में निश्चित रूप से प्रधानमंत्री को पुनः देश का तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देख रहा है।विशेष रूप से पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र की सभी सम्मानित जनता का विशेष आभार व्यक्त किया है।देश और उत्तर प्रदेश में निश्चित रूप से हम विजय की ओर बढ़ रहे हैं।पिछले तीन चरणों में जिस प्रकार देश में एक राष्ट्रीय भाव आम जनमानस में देखने को मिल रहा है।इससे यह जाहिर होता है।कि जनता अपना आशीर्वाद स्वरूप वोट भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में करने को आतुर है।जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि 4 जून को पीलीभीत लोकसभा एक ऐतिहासिक जीत दर्ज करने जा रही हैं।आप सभी ने जिस उत्साह के साथ भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देने का कार्य किया है। जिसका जितना आभार व्यक्त किया जाये वह कम है।इसलिए हम सब पीलीभीत लोकसभा को एक ऐतिहासिक जीत देने जा रहे हैं।मंचासीन अतिथियों में लोकसभा प्रभारी एमएलसी डॉ सुधीर गुप्ता,पूर्व मंत्री डॉ विनोद तिवारी,पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा,लोकसभा संयोजक दीपक अग्रवाल,जिला महामंत्री लेखराज भारती,दिनेश पटेल,महादेव ग्यान,प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा सोनू बाल्मीकि,पूरनपुर चैयरमेन शैलेन्द्र गुप्ता,ब्लॉक प्रमुख महिपाल सिंह,बीसलपुर ब्लॉक प्रमुख अशोक शर्मा,जिला उपाध्यक्ष कमलेश गंगवार, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता मिश्रा उपस्थित रहे।इस स्वागत एवं अभिनन्दन सभा में जिला उपाध्यक्ष तुलाराम लोधी,अमित संघर्षी,रेखा सिंह परिहार, सुषमा कुमारी,जिला मंत्री मंगली प्रसाद,जिला मीडिया प्रभारी स्वतंत्र देवल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।उक्त जानकारी स्वतंत्र देवल भाजपा जिला मीडिया प्रभारी पीलीभीत ने दी है।

# छात्र-छात्राओं ने बाल विवाह एक सामाजिक अभिशाप है जनमानस को इसके प्रति किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।विद्यालय एस एन इंटर कॉलेज पीलीभीत में अध्यक्ष राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अनुपालन में एवं जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के आदेशानुसार जनपद में अक्षय तृतीया के पर्व पर बाल विवाह को रोकने हेतु जनमानस को जन जागरुकता अभियान चलाकर जागरूक करने के आदेश दिए गए हैं आदेशों के क्रम में जिला नोडल शिक्षक इन्तज़ार ख़ान एस एन इंटर कॉलेज के द्वारा विद्यालय में बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के बारे में छात्र छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा कि अधिनियम के अनुसार लड़के की उम्र 21 वर्ष एवं लड़की की उम्र 18 वर्ष विवाह हेतु निर्धारित की गई है।


इससे कम उम्र में विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है जिसमें कम उम्र में विवाह करना अपराध माना गया है जिसमें माता पिता के साथ साथ सहयोग करने वाले को भी सजा का प्रावधान है। बाल विवाह निषेध अधिनियम एक नवंबर 2007 से प्रभावी है जिसका उलंघन करना अपराध माना गया है इस स्थिति में आप अपने आसपास एवं समाज में इस तरह की घटनाओं को घटने से रोकें एवं इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दें जिससे कि एक बाल विवाह के द्वारा किसी भी नाबालिग का भविष्य अंधकारमय होने से बचाया जा सके।

इस अवसर पर बाल विवाह एक सामाजिक अभिशाप है से संबंधित विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया एवं छात्र छात्राओं के द्वारा रैली निकालकर जनमानस को बाल विवाह एक अभिशाप है इसे कराना पाप है, पहले पढ़ाई फिर विदाई से संबंधित नारे लगाकर जनमानस को बाल विवाह रोकने हेतु प्रेरित किया इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ जावेद अहमद ने छात्र छात्राओं को बाल विवाह एक सामाजिक अभिशाप है से संबंधित विषय पर जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि समाज में इस तरह की घटनाओं को घटने से रोकें और प्रशासन का सहयोग करें। इस अवसर पर स्लोगन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को। प्रधानाचार्य डॉ जावेद अहमद ने पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर वाणिज्य प्रवक्ता डॉ टी एच खान, नसीम वेग, इशरत यार खान, खेल शिक्षक यासीन अहमद, इफ़्तिख़ार अली, शाहिद खान,चमन खान, तारिक मकबूल, इफ़्तिख़ार अली सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# राजीव गांधी के सपनों की अमेठी बनायेंगे : किशोरी लाल शर्मा

## कांग्रेस प्रत्याशी ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों का भ्रमण कर वोट मांगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। लोकसभा क्षेत्र अमेठी से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा ने शनिवार को अमेठी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवो में जन सम्पर्क कर नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित किया।जम्मू कश्मीर के पूर्व मंत्री गुलाम अहमद मीर और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा शनिवार को सर्वप्रथम टेरी त्रिलोकपुर गांव पहुंचे। इसके बाद कोरारी लच्छनशाह गांव में आयोजित एक नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुये कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि जब मैं राजीव गांधी के साथ अमेठी में काम करने के लिये आया तब मैं बाइस वर्ष का था और राजीव जी देश के प्रधानमंत्री हुआ करते थे लेकिन एक सांसद के रूप में उनका कार्य बेमिसाल था। लोग उन्हें राजू भैया के नाम से जानते थे। उन्होंने एक शांतिप्रिय और सुंदर अमेठी बनाने का सपना संजोया। कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि एक बार फिर से हमें अमेठी की जनता का सम्मान और जनप्रतिनिधि से मधुर व सेवभाव के रिश्ते को पुनः वापस लाना है राजीव जी के सपनों को पूरा करना है।इसके अलावा कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने बंदोइया,भीमी,बालीपुर दुहिया,भादर, ठेंगहा, बड़गांव, गोसाईगंज,कोहरा,महमदपुर में भी उपस्थित लोगों को सम्बोधित किया।उन्होंने कहा कि मैं एक साधारण परिवार में जन्मा व्यक्ति हूं आप लोगों के दुख दर्द को समझता हूं। इस सरकार ने तमाम योजनाओं को जो पुरानी सरकार द्वारा शुरू किये गये तो उसे बंद करने का काम किया है।टीकरमाफी में हमारी सरकार ने अस्सी करोड़ की लागत से ट्रिपल आईटी बनाने का काम किया, इस सरकार ने उसे बंद कराया अमेठी से ऊंचाहार रेलवे लाइन गुजरनी थी जो अमेठी के लोगों के लिये बहुत ही फायदेमंद साबित होती उसे भी इस सरकार ने बंद करा दिया आप लोग आगामी बीस मई को पंजे वाला बटन दबाकर गठबंधन उम्मीदवार के रूप में आपलोग मुझे जीताते हैं तो मैं अमेठी के सर्वांगीण विकास का वादा करता हूं। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री आशीष शुक्ला, कर्ण बाजपेई, रवि शुक्ला सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# घोसी लोकसभा एनडीए से सुभासपा प्रत्याशी डा. अरविंद राजभर ने किया नामांकन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।कैफ रजा सुभासपा जिला अध्यक्ष पीलीभीत ने बताया घोसी लोकसभा एनडीए से सुभासपा प्रत्याशी डॉ अरविंद राजभर का नामांकन दाखिल किया हैं।इस मौके पर मऊ जिले के सोनीधापा मैदान में आशीर्वाद जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर कैबिनेट मंत्री एके शर्मा कैबिनेट मंत्री दयाशंकर कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान मौजूद रहे और हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं का जन सैलाब नजर आया कैफ रजा जिला अध्यक्ष ने कहा एनडीए के सुभासपा प्रत्याशी डॉ अरविंद राजभर लाखों वोटो से जीतेंगे उनकी ऐतिहासिक जीत होगी इस मौके पर मौजूद रहे। अवधेश यादव जिला प्रमुख महासचिव, पवन यादव विधानसभा अध्यक्ष ,राजू वर्मा जिला उपाध्यक्ष, जियाउल हसन जिला मीडिया प्रभारी आदि ।

# सीएमओ और सीएमएस के प्रयास से एक्सरे व सीटी स्कैन सुविधा हुई बहाल

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज बनते ही स्वास्थ्य सुविधा धड़ाम हो चुकी है। गनीमत है कि जिले की स्वास्थ व्यवस्था सीएमओ डॉ.ओम प्रकाश चौधरी ने सभांल रखी है तो जिला अस्पताल सीएमएस डॉ.एसके गोयल के हवाले है। अन्यथा की स्थिति तो मेडिकल कॉलेज बंया कर ही रहा है, बडी-बडी बात करने वाले की नज़र के सामने मेडिकल कॉलेज में चलने वाली जबरदस्त दलाली और मरीजों का दोहन, फिर भी कान पर जूं नही रेंग रही है तो मतलब साफ है कि कुछ तो गड़बड़ है। गनीमत है कि सीएमओ और सीएमएस जैसे जिम्मेदार जिले में मौजूद है वर्ना कंट्रैक्ट वाले तो सत्यानाश कर ही रहे है। बीते पांच दिनों से सीटी स्कैन मशीन तकनीकी खराबी के चलते बंद पड़ी थी,मरीज़ सफर कर रहे थे, परंतु सीएमएस डॉ.एसके गोयल के द्वारा अथक प्रयास से सीटी स्कैन सुविधा मरीजों के लिए बहाल हुई, तो वही दूसरी तरफ मेडिकल कॉलेज में एक्सरे टैक्निशियन ना होने के वजह से मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। मामले की जानकारी सीएमओ डॉ.ओम प्रकाश चौधरी तक पहुंची, सीएमओ डॉ.चौधरी ने फौरन आचार संहिता का पालन करते हुए राहुल वर्मा(डीआरए) सामु.स्वा.केंद्र डीहडग्गूपुर और अरविंद कुमार डीआरए सामुदायिक केंद्र जयसिंहपुर को संबद्ध करते हुए कहाकि मरीजों को हरहाल में स्वास्थ सुविधाएं उपलब्ध करना हमारा दायित्व है। सूत्र बताते है कि सीएमओ व सीएमएस की तरह दूसरे भी जिम्मेदार कार्य को अंजाम देना शुरू कर दें तो मेडिकल कॉलेज नाम का नही बल्कि काम से जाना जाने लगे। परंतु जिले का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि जिम्मेदार सिर्फ लच्छेदार बातों से ही काम चला रहे है।

# वोटर फैसिलिटेशन सेंटर के माध्यम से आज दूसरे दिन 659 चुनाव ड्यूटी में लगे मतदान कार्मिकों ने किया मतदान



अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों का आज दूसरे दिन इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज में बने वोटर फैसिलिटेशन सेंटर में बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान कराया गया। जिसमें आज कुल 659 कार्मिकों ने बैलट पेपर से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें विधानसभा तिलोई के 163, जगदीशपुर के 188, गौरीगंज के 109, अमेठी के 197 तथा अतिरिक्त वोटर फैसिलिटेशन सेंटर में एक एवं आवश्यक पोटेंशियल वोटर सेंटर में एक कार्मिक ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके अतिरिक्त विधानसभा सलोन के 91 एवं एक सर्विस वोटर ने मतदान किया। शेष मतदान कार्मिक 13 व 14 मई 2024 को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, मतदान कार्मिकों के मतदान के लिए इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज में अलग-अलग विधानसभावार 4 वोटर फैसिलिटेशन सेंटर बनाए गए हैं जिसमें चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों तथा उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति में चुनाव ड्यूटी में लगे मतदान कार्मिकों का मतदान कराया जा रहा है, इसके अतिरिक्त जनपद के ऐसे अधिकारी, कर्मचारी जो अन्य जनपदों में कार्यरत हैं उनके लिए एक अतिरिक्त वोटर फैसिलिटेशन सेंटर बनाया गया है जिसका आज जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन ड्यूटी में लगे मतदान कार्मिकों का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिए।

# 46 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। आबकारी आयुक्त महोदय उत्तर प्रदेश व जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सुभाष चंद्र सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम सुल्तानपुर मय स्टाफ साकेत कुमार राय प्रधान आबकारी सिपाही, अरविंद कुमार वर्मा आबकारी सिपाही, मोहम्मद इरफान आबकारी सिपाही एवं संजय कुमार श्रीवास्तव आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4 लंभुआ मय स्टाफ विजय बहादुर सरोज आबकारी सिपाही के साथ ग्राम बसौढ़ी थाना गोसाई गंज में दबिश दी गई।

# डीएम और एसपी ने मुख्यमंत्री की जनसभा स्थल का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। लोकसभा क्षेत्र अमेठी से भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी के समर्थन में रविवार को कस्बा गौरीगंज में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे।जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को जनसभा स्थल एवं हैलीपैड स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया गया।उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बारह मई को भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करने गौरीगंज आ रहे हैं।मुख्यमंत्री के प्रस्तावित जनसभा कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा थाना क्षेत्र गौरीगंज स्थित जनसभा स्थल व हैलीपैड का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। कार्यक्रम के दौरान शान्ति, सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत समुचित पुलिस प्रबन्ध कर कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।इस दौरान अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# कांग्रेस के बहकावे में नही आयेगा मतदाता : ब्लाक प्रमुख

## सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख ने पासी समाज से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी। पासी समाज एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी को जिताने का काम करेगा। अमेठी लोकसभा क्षेत्र से जब स्मृति ईरानी जीतेंगी तभी मोदी के हाथ मजबूत होंगे और वह तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। यह बात सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने कस्बा अहोरवा भवानी में आयोजित पासी समाज की एक बैठक में कही है। ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने अपने सम्बोधन में कहा कि अमेठी की सांसद और केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने क्षेत्र में काफी विकास कार्य कराये है तिलोई में मेडिकल कालेज इस बात का गवाह है। भाजपा सरकार ने कोरोना काल में जिस राशन की शुरुआत की थी वह आज तक लगातार जारी है भाजपा की सोच हर गरीब और मजदूरों के हित मे है इसलिये हम सबकी यह जिम्मेदारी बनती है कि मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाये इसके लिये आगामी बीस मई को कमल के फूल का बटन दबाना होगा। ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा मतदाताओं को भ्रमित किया जा रहा है लेकिन यहां का जागरुक मतदाता बहकावे में आने वाला नही है। ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने पासी समाज से एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की है।इस मौके पर ग्राम प्रधान नंद किशोर विक्रम,साहब दीन पासी, राम नरेश विक्रम, राम भवन पासी, गया प्रसाद पासी,बाबू लाल पासी,रामदास, मनीष कुमार,अनिल देवा, सुनील पासी, कृपा शंकर, शिव भूषण पासी, संत बख्श पासी,राम दयाल, चमन लाल सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# सैंया भये कोतवाल तो अब डर काहे का!

## इंसास राइफल के साथ युवक की फोटो वायरल, सिपाही भाई की बतायी जा रही राइफल




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भारत के मुख्य निर्वाचन अधिकारी निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव को लेकर तमाम दावे करते नजर रहे हैं लेकिन उत्तर प्रदेश की हाट सीट कही जाने वाली सुलतानपुर लोकसभा सीट पर बदमाशों, दबंगों का रसूख कुछ इस कदर देखने को मिला, जो कि चुनाव आयोग व सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के तमाम दावों को धाराशाही करके रख दिया। सूत्रों की मानें तो देश की आर्म्ड फोर्सेज व यूपी पुलिस के हाथों में दी जाने वाली इन्सास राइफल एक आम युवक लेकर लोकसभा क्षेत्र में आतंक पर्याय बना दिख रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल फोटो व वीडियो में चांदा थाना क्षेत्र के तातोमुरैनी का बताया जाने वाला युवक यासीन खान अपने हाथों में प्रतिबन्धित स्वचालित असलहा लिये दिख रहा है जो कि आम जनमानस को लेना सरकार द्वारा प्रतिबन्धित है। दूसरी फोटो में दावा किया गया है कि

### यह कहते हैं सीओ लम्भुआ

सीओ लम्भुआ अब्दुल सलाम खान की मानें तो यह अपराध प्रथम दृष्टया चुनाव आचार संहिता के दरम्यिान एक गम्भीर प्रवृत्ति का अपराध है जिस पर तत्परता दिखाते हुए सुलतानपुर पुलिस ने आरोपी यासीन खान समेत कई अन्य व्यक्तियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है जिसकी जांच लम्भुआ इंस्पेक्टर के द्वारा की जा रही है। सीओ लम्भुआ की मानें तो आरोपी यासीन खान का भाई यूपी पुलिस का जवान है जो कि ड्यूटी पर अयोध्या आया हुआ था जिसकी राइफल से आरोपी ने फोटो खिंचा करके पोस्ट कर दहशत फैलाई है। सिपाही के तैनाती जनपद में सूचना भेजकर सिपाही के खिलाफ जांच करायी जायेगी।

### मुख्यमंत्री योगी को सपा के समर्थन में दी गालियां

सिर्फ जंगल छोड़ा है याद रखना, शेर तो आज भी हम ही हैं। सब्र करो जल्दी किसी की फील्डिंग लगने वाली है। जल्द ही 302 की खबर आने वाली है जिससे निष्पक्ष मतदान की गुंजाइशें अब न के बराबर दिखती नजर आ रही है। अगर यासीन इस कदर खुले माहौल में रहा तो निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है हाथ में प्रतिबन्धित असलहे व समाज में सम्प्रदायिक माहौल फैलाने से मतदाताओं ने खौफ का मंजर कायम है।

# हम लटकाने में नहीं कामों को निपटाने में करते है विश्वास:सांसद मेनका

## सांसद ने इलेक्शन बाद गरीबों के लिये 1 लाख घर लाने की दी गारंटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। भाजपा की सिटिंग सांसद व बीजेपी प्रत्याशी मेनका संजय गांधी ने शनिवार को सदर विधानसभा में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा सरकार ने गांव और गरीबों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा है। हम भेदभाव में विश्वास नही करते।उन्होंने कहा जाति - धर्म नही, विकास हमारा एजेंडा हैं। मैं सबके लिए काम करतीं हूं। उन्होंने बताया कि मैंने अखबारों में पढ़ा कि मेडिकल कालेज में एक्स-रे के लिए लंबी लाइनें लगी है। मैंने जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों से बात कर दो टेक्नीशियन की व्यवस्था करा दी है। अब एक्स-रे में लोगों कों लम्बी लाइनों से निजात मिलेगी।सांसद मेनका ने कहा कि हम इसी तरह काम करते है। हम कामों को फौरन निपटाते है। लटकाने में विश्वास नहीं करते। उन्होंने बताया कादीपुर में पांच विद्यालय बनने थे। दो साल से बजट बिना लटके रहे। वहां के प्रधानों ने जानकारी दी तो मैंने बेसिक शिक्षा विभाग में पता किया तब बताया गया कि शासन से बजट नही आया। मैंने लखनऊ बात की और 1 करोड़ 49 लाख रुपए बजट आ गया। अब स्कूल का काम शुरू हो जाएगा। इसी तरह 6 करोड़ रूपए से गांवों में 12 नलकूप लगाने का काम होंगा। सांसद श्रीमती गांधी ने सांसद ने नुक्कड़ सभाओं गरीबों के लिए इलेक्शन बाद 1 लाख घर और लाने की गारंटी दीं हैं। सांसद मेनका ने बढ़ौनाडीह में छोटे बच्चे को गोद में बैठाकर हनुमान चालीसा सुनी और प्यार दुलार करते हुए कहा यह बड़े होने पर नेता बनेगा। बच्चा भी बेहिचक गोद में बैठा रहा। सांसद मेनका गांधी की सभा में गुरेगांव निवासी सपा नेता सुनील सिंह बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए।

# मुद्दों की भटकन

हम कहते नहीं थकते कि देश का विकास कुलांचे भर रहा है। हम दुनिया की सबसे तेज गति वाली अर्थव्यवस्था हैं। अभी पांचवें स्थान पर हैं व जल्दी ही तीसरे स्थान पर होंगे। ये ज्ञान की सदी है। 21वीं सदी भारतीय युवाओं की है। हम चांद पर पहुंचे। हमने मंगल के दरवाजे पर दस्तक दी। हमारी ओलंपिक में उपलब्धियां रहीं। पैरा ओलंपिक में हमारे मेडलों का सैकड़ा पहली बार आया। अकसर ये हमारे मीडिया की सुर्खियां हुआ करती थीं। लेकिन सवाल है कि आम चुनाव के तीसरे चरण तक आते-आते देश का राजनीतिक विमर्श इतना नकारात्मक क्यों हो गया? आखिर क्यों हम देश की जनता को सकारात्मक मुद्दों पर चुनाव में मतदान करने के लिये प्रेरित नहीं कर सकते? अब सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, मुद्दों में नकारात्मकता व आक्रामकता क्यों है? क्यों राजनीतिक दलों के नेता आमने-सामने बैठकर अपने कार्यकाल की उपलब्धियों व भविष्य के एजेंडे को लेकर जनता से रूबरू नहीं होते? अमेरिका व अन्य विकसित देशों में शीर्ष राजनेताओं द्वारा लंबी बहसों से जनता को समझाने का प्रयास किया जाता रहा है। आखिर अमृतकाल के दौर में पहुंचकर भी देश में मतदाता इतना जागरूक क्यों नहीं हो पाया है कि उसे क्षेत्रवाद, धर्म-संप्रदाय, जातिवाद और अन्य संकीर्णताएं न लुभा सकें? क्यों चुनाव आयोग की मुहिम में बरामद रिकॉर्ड मूल्य की वस्तुओं में आधा मूल्य नशीले पदार्थों का होता है? क्यों छोटे-छोटे प्रलोभनों के जरिये मतदाता बहकते हैं? कहीं न कहीं हमारे नेताओं ने देश के जनमानस को पूरी तरह लोकतंत्र के प्रति जागरूक करने के बजाय संकीर्णता के शार्टकट से अपना उल्लू सीधा करना चाहा है। निस्संदेह, देश में साक्षरता का प्रतिशत बढ़ा है। सोशल मीडिया के जरिये समाज में जागरूकता आई है। लोग सार्वजनिक विमर्श में अखबार व अन्य मीडिया की भाषा बोलते नजर आते हैं। तो फिर वे मतदान करते समय क्यों बहक जाते हैं? आखिर क्यों कहा जाता है कि फलां जगह पचास प्रतिशत या साठ प्रतिशत मतदान हुआ है? आखिर पचास प्रतिशत या चालीस प्रतिशत वोट न देने वाले लोग कौन हैं?यहां एक तथ्य यह भी है कि यदि आम चुनाव के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग धर्म, सांप्रदायिकता, क्षेत्र, जाति व अन्य संकीर्णताओं का सहारा ले रहे हैं तो कहीं न कहीं एक वजह यह भी है कि आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी लोग इन मुद्दों की तरफ आकर्षित होते हैं? कई जगह सत्ता पक्ष के खिलाफ चुनावों में नाराजगी दिखायी देती है तो जनता फिर दूसरे राजनैतिक दल को सत्ता सौंप देती है। यह उसके पास विकल्प न होने की स्थिति होती है, लेकिन फिर दूसरा दल भी उन्हीं संकीर्णताओं को अपना एजेंडा बनाकर चुनाव मैदान में आ जाता है। सवाल यह है कि किसी दल ने अपने कार्यकाल में जो उपलब्धियां हासिल की हैं क्यों नहीं उन्हें चुनावी मुद्दा बनाया जाता है? क्या दल विशेष को अपनी बखान की गई उपलब्धियों की जमीनी हकीकत का अहसास होता है? भारत एक विविधता की संस्कृतियों का देश है। हर क्षेत्र की अपनी विशेषता और जरूरतें हैं। उत्तर भारत के राजनीतिक रुझान और दक्षिण भारत के राजनीतिक रुझान में हमेशा अंतर देखा गया है। जिसका लाभ एक क्षेत्र में पिछड़ने वाला राजनीतिक दल दूसरे क्षेत्र में उठाता है। हाल के दशकों में ऐसे कद्दावर नेता कम ही हुए हैं जिनकी राष्ट्रव्यापी स्वीकार्यता रही हो। लेकिन देश को एकता के सूत्र में पिरोने के लिये जरूरी है कि सत्ता की रीतियां-नीतियां पूरे देश के मनोभावों के अनुकूल हों। राजनेताओं की कार्यशैली और घोषणाएं संकीर्णताओं से मुक्त हों। यदि देश में नकारात्मक मुद्दों के आधार पर चुनाव लड़े जाते हैं तो पूरी दुनिया में कोई अच्छा संदेश नहीं जाएगा। जिसका असर हमारी अंतर्राष्ट्रीय स्वीकार्यता पर भी पड़ेगा। यदि राजनीतिक परिदृश्य में सकारात्मकता का प्रवाह नहीं होता तो हम कैसे दावा कर सकते हैं कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। बड़े लोकतंत्र का बड़प्पन हमारे राजनेताओं में भी नजर आना चाहिए और मतदाताओं में भी। यदि हम संकीर्णताओं के पक्ष में मतदान कर रहे होते हैं तो कहीं न कहीं हम कमजोर व अयोग्य लोगों को ऊंची कुर्सी पर बैठाकर लोकतंत्र का अवमूल्यन कर रहे होते हैं।

# हिंदुत्व पर हमला और विपक्ष की नैतिक गिरावट

**हिंदुत्व क्या है?: हिंदू विरोधी हिंदुत्व पर अपने हमलों में बहुत ही परिष्कृत हैं, जैसे कि यह विचारधारा मानवता और हिंदुओं के खिलाफ है, लेकिन यह झूठ है। इसके विपरीत, यह विचारधारा हिंदू संस्कृति, धर्म और मानवता की रक्षा करती है। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हिंदुत्व न तो प्रधानमंत्री मोदी का और न ही आरएसएस का राजनीतिक एजेंडा है। यह हर भारतीय की पहचान है। अपनी खुद की पहचान को अपनाने का मतलब है एक ऐसे मार्ग का अनुसरण करना जो सभी की भलाई में विश्वास करता हो और स्थापित तथ्यों पर आधारित हो, साथ ही आप जो हैं उसके साथ सहज हों। प्रधानमंत्री मोदी और आरएसएस केवल हमें याद दिलाने का काम कर रहे हैं कि हम क्या भूल गए थे। हिंदुत्व का मतलब उग्रवाद या आतंकवाद नहीं है, जैसा कि अकसर तथाकथित धर्मनिरपेक्ष भारतीय, कुछ बॉलीवुड हस्तियां, कई विपक्षी दल, विशेष रूप से वंशवादी दल और कुछ मीडिया द्वारा दावा किया जाता है। हिंदुत्व का मतलब अल्पसंख्यकों को नापसंद करना नहीं है। हिंदुत्व सभी भारतीयों के लिए है, चाहे वे किसी भी धर्म के हों, जो भारत के निर्माण के लिए सनातन संस्कृति के मूल्यों को स्वीकार करते हैं, उनकी सराहना करते हैं और उनसे अपने आप को जोड़ते हैं। हिंदुओं को स्वार्थी उद्देश्य से कैसे निशाना बनाया जा रहा है?: भारत में हिंदुत्व का विरोध करने वाले सभी हिंदू विरोधी इस समाज में विभिन्न भूमिका निभाते हैं, जिसमें नास्तिक, तर्कवादी, दार्शनिक, समाज सुधारक, राजनीतिक नेतागण, तथाकथित मसीहा और अन्य लोग शामिल हैं, जो सनातन धर्म में दोषों की पहचान करते हैं। क्या वे सनातन धर्म और इसकी शिक्षाओं के बारे में जानने के लिए सही लोग हैं? वे मुसलमानों और अन्य हिंदू विरोधियों की स्वीकृति प्राप्त करने के लिए हिंदुत्व की मान्यताओं को बदनाम करने और हिंदू देवताओं का अपमान करने में संकोच नहीं करते हैं। यह कुछ लोगों द्वारा निर्धारित एजेंडा है जिन्हें अपनी वंशवादी राजनीति के लिए राजनीति में जीवित रहने की आवश्यकता है, और संघी या भक्त शब्द एक ऐसा शब्द है जिसका उपयोग किसी वास्तविक हिंदू को शर्मिंदा करने के लिए किया जाता है जब कोई समूह, मीडिया बहस या सार्वजनिक रैली में उनके खिलाफ ऐसा कहते है; बस देखें कि कौन संघी या भक्त शब्द कहता है, चाहे वे किसी अन्य धर्म से हों या कोई हिंदू जो अपनी संस्कृति और परंपरा को बदनाम करके अपना जीवनयापन करता हो।**

विपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और हिंदुत्व से निपटने की सारी उम्मीदें खो दी हैं। वह अब हतोत्साहित है और प्रधानमंत्री मोदी को हटाना उसके लिए बेहद मुश्किल हो रहा है। लोग विकास, सुशासन और कानून-व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए मोदी को वोट दे रहे हैं। हालांकि विपक्षी दल इस सच्चाई को समझने में असमर्थ हैं, क्योंकि वे छद्म धर्मनिरपेक्ष लेंस से देख रहे हैं। वे प्रधानमंत्री मोदी को वोट देने वाले सभी लोगों को हिंदू और हिंदुत्व में विश्वास करने वाला बताते रहे हैं। वे दोनों के बीच का अंतर नहीं जानते और सीखने की कोई इच्छा नहीं रखते। हिंदुत्व क्या है?: हिंदू विरोधी हिंदुत्व पर अपने हमलों में बहुत ही परिष्कृत हैं, जैसे कि यह विचारधारा मानवता और हिंदुओं के खिलाफ है, लेकिन यह झूठ है। इसके विपरीत, यह विचारधारा हिंदू संस्कृति, धर्म और मानवता की रक्षा करती है। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हिंदुत्व न तो प्रधानमंत्री मोदी का और न ही आरएसएस का राजनीतिक एजेंडा है। यह हर भारतीय की पहचान है। अपनी खुद की पहचान को अपनाने का मतलब है एक ऐसे मार्ग का अनुसरण करना जो सभी की भलाई में विश्वास करता हो और स्थापित तथ्यों पर आधारित हो, साथ ही आप जो हैं उसके साथ सहज हों। प्रधानमंत्री मोदी और आरएसएस केवल हमें याद दिलाने का काम कर रहे हैं कि हम क्या भूल गए थे। हिंदुत्व का मतलब उग्रवाद या आतंकवाद नहीं है, जैसा कि अकसर तथाकथित धर्मनिरपेक्ष भारतीय, कुछ बॉलीवुड हस्तियां, कई विपक्षी दल, विशेष रूप से वंशवादी दल और कुछ मीडिया द्वारा दावा किया जाता है। हिंदुत्व का मतलब अल्पसंख्यकों को नापसंद करना नहीं है। हिंदुत्व सभी भारतीयों के लिए है, चाहे वे किसी भी धर्म के हों, जो भारत के निर्माण के लिए सनातन संस्कृति के मूल्यों को स्वीकार करते हैं, उनकी सराहना करते हैं और उनसे अपने आप को जोड़ते हैं। हिंदुओं को स्वार्थी उद्देश्य से कैसे निशाना बनाया जा रहा है?: भारत में हिंदुत्व का विरोध करने वाले सभी हिंदू विरोधी इस समाज में विभिन्न भूमिका निभाते हैं, जिसमें नास्तिक, तर्कवादी, दार्शनिक, समाज सुधारक, राजनीतिक नेतागण, तथाकथित मसीहा और अन्य लोग शामिल हैं, जो सनातन धर्म में दोषों की पहचान करते हैं। क्या वे सनातन धर्म और इसकी शिक्षाओं के बारे में जानने के लिए सही लोग हैं? वे मुसलमानों और अन्य हिंदू विरोधियों की स्वीकृति प्राप्त करने के लिए हिंदुत्व की मान्यताओं को बदनाम करने और हिंदू देवताओं का अपमान करने में संकोच नहीं करते हैं। यह कुछ लोगों द्वारा निर्धारित एजेंडा है जिन्हें अपनी वंशवादी राजनीति के लिए राजनीति में जीवित रहने की आवश्यकता है, और संघी या भक्त शब्द एक ऐसा शब्द है जिसका उपयोग किसी वास्तविक हिंदू को शर्मिंदा करने के लिए किया जाता है जब कोई समूह, मीडिया बहस या सार्वजनिक रैली में उनके खिलाफ ऐसा कहते है; बस देखें कि कौन संघी या भक्त शब्द कहता है, चाहे वे किसी अन्य धर्म से हों या कोई हिंदू जो अपनी संस्कृति और परंपरा को बदनाम करके अपना जीवनयापन करता हो। निरंतर प्रयासों के साथ, प्रधानमंत्री मोदी और आरएसएस धीरे-धीरे हिंदुओं को उनके धर्म, लोगों और मातृभूमि के प्रति उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में शिक्षित कर रहे हैं। वे हिंदुओं को इस बारे में शिक्षित कर रहे हैं कि कैसे वामपंथी-अब्राहमिक गठबंधन ने उन्हें घेरे में रखा है और उनके साथ अपने ही देश में दोयम दर्जे के नागरिक जैसा व्यवहार किया है। कई हिंदू इसे समझ रहे हैं और धीरे-धीरे अपने अधिकारों की रक्षा करने और उनके प्रति निर्देशित कट्टरता और घृणा के खिलाफ बोलने के लिए उठ खड़े हुए हैं। यही कारण है कि हमारे देश में बढ़ती असहिष्णुता के बारे में इतनी बहस हो रही है। हालांकि, उनमें से एक बड़ा हिस्सा या तो उदासीन है या वामपंथी-अब्राहमिक आंदोलन के धर्मनिरपेक्ष-उदारवादी प्रचार से प्रभावित हो गया है। अधिकांश हिंदुओं को यह विश्वास करना सिखाया जाता है कि (झूठी) धर्मनिरपेक्षता लाभदायक है। इस्लाम या ईसाई धर्म में धर्मनिरपेक्षता की कोई अवधारणा नहीं है क्योंकि वे एकेश्वरवादी धर्म हैं जो ईश्वर तक पहुंचने के मात्र एक ही तरीके में विश्वास करते हैं और बाकी सब को अस्वीकार करते हैं। 1947 से, धर्मनिरपेक्ष राजनेताओं ने हिंदू वोटों को विभाजित करते हुए मुस्लिम वोटों को एकजुट करने का प्रयास किया है, एक चाल जिसका इस्तेमाल उन्होंने अल्पसंख्यकों से 20 फीसद तक अप्रत्याशित वोट हासिल करने के लिए किया, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि हिंदुओं को जाति, भाषा, प्रांत, क्षेत्र, राज्य आदि के आधार पर विभाजित किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने सिख, बुद्ध और जैन धर्म जैसे सभी भूमिपुत्र धर्मों सहित हिंदुओं के 80 फीसद हिंदू वोटों को एकजुट करके इसके विपरीत किया, यही कारण है कि आज विरोधी दल संघर्ष कर रहे हैं। कंग्रेस की धर्मनिरपेक्षता एकतरफा है। जिस तरह से हिंदुओं, उनकी संस्कृति और इतिहास पर उनके नेताओं द्वारा हमला किया जा रहा है, वह अन्य धर्मों की प्रशंसा करते हुए हिंदुत्व को बदनाम करने की इच्छा को दर्शाता है। राहुल गांधी की 'शक्ति' टिप्पणी महिला सशक्तीकरण की स्थिति के प्रति उनकी नफरत को दर्शाती है, जिस पर हिंदू विश्वास करते हैं। सनातन धर्म महिलाओं को देवी मानता है और उनके साथ समान व्यवहार करता है, तो क्या हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि यह कंग्रेस नेता द्वारा हिंदू महिलाओं पर हमला है? 'भारत माता की जय' और 'जय श्री राम' पर हमला उनके अज्ञान और हिंदू एकता के प्रति अवमानना को दर्शाता है। देश को सामाजिक और आर्थिक रूप से नष्ट करने के लिए, खास तौर पर हिंदुओं को बरबाद करके, 'धन वितरण प्रणाली' पर विचार करते समय प्रदर्शित विनाशकारी मानसिकता को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। अधिकांश लोगों को तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का यह कथन याद है कि 'संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का है'। फर्जी आर्यन आक्रमण सिद्धांत द्वारा निर्मित उत्तर-दक्षिण विभाजन को पहले ही वैज्ञानिक, पुरातात्विक और ऐतिहासिक आंकड़ों द्वारा समाप्त कर दिया गया है, फिर भी इसका उपयोग अभी भी राजनीतिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। भारत को तोड़ने वाली इन हानिकारक मानसिकताओं के खिलाफ मतदाताओं का गुस्सा मतगणना के दिन देखा जा सकता है। विपक्षी दल हिंदू एकता और एकजुटता के बारे में चिंतित हैं क्योंकि यह देश के विकास को आगे बढ़ा रहा है और इसे सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक रूप से मजबूत बना रहा है। वह मार्ग जो हमें 'विश्वगुरु' बनने की ओर ले जाएगा, विपक्षी दलों को पीड़ा दे रहा है? क्या वे अभी भी चाहते हैं कि हिंदू 'औपनिवेशिक मानसिकता' बनाए रखें? विपक्षी दलों के लिए चुनाव लड़ने की आदर्श रणनीति जाति के आधार और धर्म पर हमला करने के बजाय समाज के प्रत्येक वर्ग के विकास के साथ-साथ देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करनी होनी चाहिए। सनातन धर्म कभी किसी धर्म या आस्था का विरोध नहीं करता; यह सभी के हित के लिए है। इसलिए कृपया भ्रष्ट राजनीति के बजाय 'राष्ट्र' के लिए वोट करें। **–पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

# हमास के दुराचारों को भूले अमेरिका के उन्मादी छात्र

**इंजीनियर राजेश पाठक**

पिछले वर्ष से इजराइल और हमास के बीच छिड़ी जंग के बीच केरल की सेक्युलर बिरादरी' के एक सांसद फिलिस्तीनीयों के दर्द से आहत हो इतने उत्तेजित हुए कि उन्होंने सरेआम भरी सभा में आह्वान कर डाला कि इजराइल के राष्ट्रपति को बिना कोर्ट ट्रायल के मृत्युदंड दे देना चाहिए। लेकिन युद्ध की जमीन तैयार करने वाले हमास के दुराचारों को भूल अब फिलिस्तीनीयों के प्रति यही सहानुभूति अमेरिका की यूनिवर्सिटीज के लेफ्टिस्ट और जिहाद प्रेरित विद्यार्थियों के दिल में जगह बना चुकी है। संवेदनाएं इजराइल के विरुद्ध इतनी विस्फोटक रूप में बदलीं की येल , कोलंबिया, हार्वर्ड, कैलिफोर्निया सहित देश की 21 यूनिवर्सिटीज को इसकी जद से बाहर कैसे निकलें सूझ नहीं पड़ रहा। उन्मादीयों ने फैसला सुनाया है कि इजराइल से अमेरिका समस्त प्रकार के सम्बन्ध खत्म करे। चीन से सांठगांठ कर कतर जैसे देश और सोरोस ने अपनी तिजोरी खोल रखी है। अमेरिका के राजनैतिकऽपत्रकार-वकीलों सबको उससे पैसा चाहिए। बदले में उन्हें अपने अनुकूल देश के कानून चाहिए और प्रशासन से स्व-पोषित अवैध नागरिक और अराजक तत्वों के प्रति नरमाई। फिर डेमोक्रैट बाइडेन तो ये कह कर फुर्सत पा ही चुके हैं कि अवैध घुसपैठ नहीं रुकी तो एक दिन ऐसा आएगा कि अमेरिका की शक्ल न पहचान पाने की हद तक बदल चुकी होगी। तभी ट्रम्प को वामपंथियों पर निशाना साधते हुए यहां तक कहना पड़ा कि इतिहास में ईसाई धर्म और चर्च को खत्म करने के लिए उसने फासिस्ट शक्तियों के साथ मिलकर हर प्रकार के तरीके अपनाएं हैं। आज के दौर में अब यही वामपंथी अमेरिका को ईसाई धर्म से दूर ले जाने के उद्देश्य से नैतिक-अनैतिक सभी साधनों का भरपूर उपयोग कर रहें हैं। लेकिन यदि वे अब दूसरी बार जीतकर व्हाइट हाउस पहुंचते हैं तो उनका एक लक्ष्य ईसाई मूल्यों की इन वामपंथियों से रक्षा कर मजबूती से स्थापित करने का भी रहेगा। ट्रम्प की चेतावनी बेवजह नहीं। देश की बाकी यूनिवर्सिटी की तरह शिकागो में हालत ये हैं कि यूनिवर्सिटी की बिल्डिंग और उसके परिसर में गुजरने वाले मार्गों को तहसऽनहस कर दिया गया है। फिलिस्तीन समथकों ने इजराइल के झंडे उतार कर अपने झंडे लगा दिए हैं। दूसरी ओरयूनिवर्सिटी प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि जहां अभिव्यक्ति की आजादी चाहिए, वहीं संस्थान को अनुशासन और सुरक्षा भी चाहिए। चौंकाने वाली बात ये है कि पुलिस की छापेमारी में इस संस्थान के अंदर से भड़काऊ साहित्य बाहर निकलकर आ रहा है। न्यूयॉर्क, कोलंबिया और कैलिफोर्निया में जिनकी गिरफ्तारी हुई है उनमें से आधे घुसपैठिया हैं। इनका पढ़ाई से कोई संबंध नहीं निकला।वो केवल मजहब के वास्ते यह जमा थे। आज स्थिति ये है कि लगभग 80 कालेजों में आन्दोलन ने अपना ठिकाना बना लिया है (फर्स्ट पोस्ट)। बताया जाता है चीन, ईरान और इस्लामिक देशों ने अमेरिका के खिलाफ मुहिम शुरू कर दी है। अब तक 400 से अधिक लेख अखबारों में लिखे जा चुके हैं। ट्रम्प के साथी स्टीव बेनन का दावा है कि आज की तारीख में कार्टेल माफिया-नियंत्रित मेक्सिको से भी ज्यादा खतरनाक जगह अमेरिका के विश्वविद्यालय बन चुके हैं। फिलिस्तीन समर्थकों ने विद्यार्थियों के आन्दोलन को अमेरिका विरोधी बना डाला है (ब्रिटिश समाचार पत्र द सन)। अब फिलिस्तीन समर्थित आन्दोलन यूरोप में प्रवेश कर चुका है, लेकिन नीदरलैंड में इसको जैसा चाहिए वैसा जवाब भी मिला है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कदमों पर चलते हुए सड़क पर खड़े किए गए अवरोधों समेत आन्दोलनकारियों को बुलडोजर के सहारे खदेड़ दिया गया। इधर, दुनिया से बेखबर दूसरी तरफ यहां भारत में राहुल गांधी हिंदुत्व को सबसे बड़ा खतरा बताते हुए हिन्दू राजा-महाराजाओं को बुरा-भला कहने पर उतर आए हैं। इतिहास वैसे तो प्रसंगों से भरा पढ़ा है, लेकिन अलाउद्दीन खिलजी के सिपहसलार मालिक काफूर को ही लें तो पता चलता है कि उसने दक्षिण के देवगिरी को लूटकर 'दौलताबाद' बनाते हुए रामेश्वरम का श्री रामेश्वरम मंदिर ध्वस्त किया। औरंगजेब ने विक्रमादित्य का बनाया काशी विश्वनाथ मंदिर और मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि पर स्थित मंदिरों को तोड़कर मस्जिद और ईदगाह खड़ी कर दीं, लेकिन राहुल इस इतिहास को पढ़ना नहीं चाहेंगे। आज स्थिति ये है कि कन्हैया ने दिल्ली में कंग्रेस के टुकड़े-टुकड़े कर डाले हैं।

## सेहत मंत्र

# बॉडी को टोन करने में मदद करता है उत्कटासन


वेटलॉस करना तो आसान है लेकिन शरीर का वजन कम होने के बाद शरीर में एक ढीलापन आ जाता है। ऐसे में बॉडी को टोन करने की जरूरत पड़ती है। अगर आप वजन कम करने के साथ?साथ बॉडी को टोन करना चाहते हैं तो आपको उत्कटासन का अभ्यास करना चाहिए। उत्कटासन को चेयर पोज भी कहा जाता है, क्योंकि इसमें आपकी बॉडी एक कुर्सी की भांति नजर आती है। वैसे उत्कटासन का अभ्यास करने से ना सिर्फ बॉडी टोन होती है, बल्कि इससे आपको अन्य भी कई लाभ होते हैं। यह वजन कम करने के साथ-साथ पैरों की मसल्स को टोन करने में मदद करता है। उत्कटासन का नियमित अभ्यास करने से आपका स्टेमिना बढ़ता है। यह आसन आपके पीठ के निचले हिस्से को मजबूती प्रदान करता है। इससे बैक पेन और ज्वाइंट पेन से राहत मिलती है। उत्कटासन के नियमित अभ्यास से शरीर का संतुलन बेहतर होता है। उत्कटासन का अभ्यास करने से पैरों, घुटने, एड़ियां व जांघ की मांसपेशियां मजबूती मिलती है। उत्कटासन का अभ्यास करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर सीधे खड़े हो जाएं। इसके बाद दोनों पैरों को थोड़ा?थोड़ा फैलाएं और दोनों हाथों को आगे की तरफ फैलाएं। इस दौरान आपकी हथेली नीचे की तरफ रहेगी। अपने हाथों को सीधे रखें। आपकी कुहनियां भी मुड़ी हुई नहीं होनी चाहिए। इसके बाद आप घुटनों को धीरे?धीरे मोड़ें और पेल्विस को नीचे की तरफ ले जाएं। इस दौरान झुकते हुए आप कल्पना करें कि जैसे आप किसी काल्पनिक कुर्सी पर बैठे हुए हों। इस स्थिति में आप सहज ही रहें। आपके हाथ जमीन के समानांतर और कमर को सीधा व आराम की अवस्था में रखे। याद रखें कि रीढ़ की हड्डी पूरी लंबाई में सीधी होनी चाहिए। अब गहरी सांस लें। जैसे?जैसे आप सहेज होते रहें, अपने घुटनों को थोड़ा और मोड़ते हुए नीचे की तरफ दबाव डालें। इस दौरान आपकी कमर एकदम सीधी होनी चाहिए। अब कुछ क्षण इसी अवस्था में रूकें। फिर सामान्य अवस्था में आ जाएं और कुछ क्षण रिलैक्स करें। इसके बाद दोबारा उत्कटासन का अभ्यास करें।

## धर्म मंत्र

# नैना देवी मां के नेत्र दर्शन से खत्म हो जाएगी आंखों से जुड़ी समस्याएं

नैनीताल घूमने के लिए काफी खूबसूरत जगह है। दिल्ली-एनसीआर के अधिकतर लोग अपने वीकेंड पर नैनीताल जाना पसंद करते हैं। क्योंकि ये हिल स्टेशन दिल्ली से सबसे नजदीक है। नैनीताल की खूबसूरत के कारण यहां पर्यटक बड़ी संख्या में घूमने आते हैं। नैनीताल का घूमने फिरने के अलावा धार्मिक रूप से भी काफी महत्व है। नैनीताल की नैना झील धार्मिक रूप से काफी पवित्र झील हैं। स्कंद पुराण में इसे त्रिऋषि सरोवर भी कहा गया है। नैनी झील कैसे बनी इसका कोई ठोस प्रमाण नहीं हैं, लेकिन यहां के लोगों की मान्यताओं के अनुसार कहा जाता है कि जब अत्री, पुलस्त्य और पुलह ऋषि को नैनीताल में कहीं पानी नहीं मिला तो उन्होंने एक गड्ढा खोदा और मानसरोवर झील से पानी लाकर उसमें भरा। इस झील में बारे में कहा जाता है यहाँ डुबकी लगाने से उतना ही पुण्य मिलता है जितना मानसरोवर नदी में नहाने से मिलता है। यह झील 64 शक्ति पीठों में से एक है। नैना झील के किनारे एक मंदिर पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र हैं। ये मंदिर नैना देवी मंदिर के नाम से दुनिया में मशहूर है। नैना देवी मंदिर के दर्शन के लिए दूर- दराज से लोग आते हैं। नैना देवी के इस मंदिर की मान्यता है कि यदि कोई भक्त आंखों की समस्या से परेशान हैं तो अगर वह नैना मां के दर्शन कर ले तो जल्द ही ठीक हो जाएगा। इसके अलावा यहां तमाम भक्त मां के दर्शन के लिए आते हैं।

## पर्यटन



# विश्व धरोहर की लिस्ट में शामिल हैं भारत का भीमबेटका रॉक सेंटर

दुनिया भर में कई जगह हैं जो देखने में काफी सुंदर और आकर्षित लगती हैं। जिनमें से कुछ तो ऐसी भी जगह हैं जिनकी सिर्फ तस्वीर को देखकर वहां जाने का मन हो जाता है। दुनिया में करीब 1121 जगहों को विश्व विरासत स्थल ऐलान किया जा चुका है। इनमें 213 प्राकृतिक, 869 सांस्कृतिक, 39 मिले-जुले और 138 अन्य स्थल शामिल हैं। वहीं, अगर बात करें भारत की तो यहां के लगभग 36 स्थल हैं जिन्हें विश्व धरोहर का दर्जा मिला हुआ है। हालांकि जब भारत के विश्व धरोहर जगहों की बात आती है तो ज्यादातर लोगों के दिमाग में कुतुबमीनार, ताजमहल या खजुराहो के मंदिर का ही सबसे पहले ख्याल आता है, लेकिन आपको बता दें कि इसके अलावा भी भारत में अन्य विश्व धरोहर स्थल हैं, जो इस लिस्ट में शामिल होने के साथ-साथ देखने में भी गजब के खूबसूरत हैं। भीमबेटका रॉक सेंटर- भारत के सबसे खूबसूरत विश्व धरोहर स्थल में पहला नाम भीमबेटका रॉक सेंटर का है। मध्य प्रदेश में स्थित यह स्थल मध्यपाषाण युग की एक बेहतरीन धरोहर होने के साथ काफी मशहूर है। यहां आपको मध्यपाषाण युग की कई एक से बढ़कर एक कलाकृतियां देखने को मिलेंगी। इतना ही नहीं यहां की आस-पास की जगह भी इसी कलाकृति से मेल खाती है। हम्पी- हम्पी शहर प्राचीन और अद्भुत मंदिरों के लिए काफी मशहूर है। तुंगभद्रा नदी के तट पर स्थित इस शहर में ऐतिहासिक खंडहरों से घिरे बहुत से भव्य मंदिर हैं। ये भारत में सबसे धार्मिक और लोकप्रिय ऐतिहासिक पर्यटन जगहों में से एक है, यह हम्पी की प्रतिष्ठा को बढ़ा देती है। रानी की वाव- गुजरात के पाटण में रानी की वाव स्थित है। इसका निर्माण 11वीं शताब्दी में किया गया था। ये स्थान अपनी सुंदर कलाकृतियों और बावड़ियों के लिए देशभर में प्रसिद्ध है। खुदाई के दौरान पुरातत्व विभाग ने रानी की वाव को खोजा था। यहां की सुंदर-सुंदर कलाकृतियों को देखकर लोगों इन्हीं में खो जाते हैं।

# मसौली में वर्तमान सरकार पर जमकर बरसे पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। लोकसभा के मतदाताओं का रुझान और समर्थन यह बता रहा है कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया लोकसभा का यह चुनाव लंबे मतों के अंतराल से जीतने जा रहे हैं तनुज की जीत का अंतर पिछले सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर देगा क्योंकि जिस प्रकार प्रदेश की जनता महंगाई बेरोजगारी बच्चों की पढ़ाई और रोजमर्रा के जरूरत की वस्तुओं पर लगी जीएसटी गैस सिलेंडर डीजल पेट्रोल के रोज बढ़ते दामों ने आम जनता के चेहरे की मुस्कान छीनने का काम किया है।

उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में विधानसभा जैदपुर के मसौली चौराहे पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य शकील सिद्दीकी द्वारा आयोजित जन सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।


श्री गोप ने क्षेत्र वासियों को संबोधित करते हुए कहा मौजूदा सरकार ने जिस प्रकार नौजवानों को रोजगार देने और महिलाओं को रसोई बनाने में दुश्वारियां पैदा की है उसी प्रकार देश की आधी आबादी किसान नौजवान श्रमिक छात्र इस सरकार को सत्ता से दूर करने जा रहे हैं, देशवासियों की नाराजगी ने इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है आगामी 4 जून को भारी बहुमत के साथ इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है सरकार का शपथ ग्रहण होते ही गरीब कमजोर असहाय नौजवान किसानों माता बहनों को महंगाई बेरोजगारी से मुक्ति मिल जाएगी।

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री फरीद महफूज किदवई ने कहा कि मौजूदा सरकार सी जनता ऊब चुकी है इस सरकार को विश्राम देने ही होगा अन्यथा यह हमारे संविधान के लिए खतरा बन जाएगी इसलिए इस चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया को भारी बहुमत से चुनाव जितना अत्यंत आवश्यक है। सभा को संबोधित करते हुए सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने कहा कि मौजूदा सरकार से सभी वर्ग परेशान है मौजूदा सरकार की गलत नीतियों से आम जनमानस में आक्रोश व्याप्त है सरकार को जनता दोबारा सत्ता में भेजना नहीं चाहती।

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राम गोपाल रावत ने कहा देशवासियों से नजरों में गरिमा खो चुकी सरकार को सत्ता से बेदखल करने के लिए सभी एकजुट होकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया को भारी बहुमत से जीत कर संसद भेजने का काम करें।

सभा को संबोधित करते हुए नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, पूर्व चेयरमैन रियाज अहमद , राष्ट्रीय प्रवक्ता फराजुद्दीन किदवई, फैजान किदवाई, पूर्व प्रमुख तालिब नजीब कोकब, लल्लन वर्मा,लल्लू प्रधान, कार्यक्रम संयोजक पूर्व जिला पंचायत सदस्य शकील सिद्दीकी, किशन रावत, दानिश सिद्दीकी, समीम चौधरी, नसीम कीर्ति, जयसी राम यादव, शाफ़े जुबेरी, आशीष सिंह आर्यन, मेराज प्रधान, संतोष रावत, पूर्व प्रमुख महादेव रावत एवं जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान ने भी गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया के लिए वोट और समर्थन की अपील की सभा में जिला पंचायत सदस्य ग्राम प्रधान बीडीसी सहित क्षेत्र के हजारों ग्रामवासी मौजूद रहे।

# महासभा का सहयोग भाजपा हित में: भूपेंद्र चौधरी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। ग्राम पंचायत सदस्य महासभा उत्तर प्रदेश संगठन ने ग्राम पंचायत सदस्यों के हित में कार्य कर रही भाजपा सरकार को लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत बीते दिनों समूचे उत्तर प्रदेश में समर्थन दिया था। इसी क्रम में शुक्रवार को चौधरी भूपेंद्र सिंह ने महासभा का आभार व्यक्त किया। बताते चलें महासभा संगठन ने भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर विधानसभा 2022 के बाद 2024 लोकसभा चुनाव में एक बार फिर बीते दिनों उत्तर प्रदेश में भाजपा संगठन को समर्थन किया था। शुक्रवार को बस्ती जिले के सक्रिय समाजसेवी वरिष्ठ भाजपा नेता उमाशंकर पटवा के संयोजन में एक विशाल अन्नदाता (किसान) सम्मेलन का आयोजन बस्ती के लोकसभा उम्मीदवार हरीश द्विवेदी के पक्ष में बेलघाट पटवा इंटर कॉलेज में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने ग्राम पंचायत सदस्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रवि सिंह पटेल के साथ समूचे संगठन का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने भाजपा संगठन के प्रति महासभा योगदान पार्टी सदैव याद रखेगी। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता उमाशंकर पटवा के साथ महासभा के मुख्य संगठन मंत्री ध्रुव कुमार सिंह,प्रदेश महासचिव जयनारायण पटवा,महासभा प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक सिंह सरल,अखिल भारतीय श्री पटवा वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक पटवा,गुड्डू पटवा,विशाल पटवा सहित महासभा संगठन संगठन के लोगों के साथ हजारों की संख्या लोग मौजूद रहे।

## राज्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में की बैठकें मांगा समर्थन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेही घाट बाराबंकी। प्रदेश के खाद्य रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने शनिवार को फैजाबाद संसदीय क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी लल्लू सिंह के समर्थन में नाथूपुर,डिगसरी,खुसेहटी और भवनियापुर आदि स्थानों पर आयोजित जन चौपाल में सरकार की उपलब्धियों का बखान किया।

भवनियापुर में आयोजित जन चौपाल में बोलते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए हैं ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गरीबों का सच्चा हमदर्द बताते हुए उन्होंने आगे कहा कि गरीबों को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने की खातिर भाजपा सरकार सतत प्रयत्नशील है ।इस दौरान ग्राम प्रधान भवनियापुर कमल किशोर यादव ''लल्लन'', मंडल अध्यक्ष राकेश लोधी, विवेकानन्द शुक्ल,रामानंद शुक्ल, गौरीशंकर मिश्र,प्रदीप, गुड्डू रावत,विनय सिंह,राधेश्याम यादव,हरिशंकर पाण्डेय,शिव चंद्र यादव,विजय पाल और विवेक प्रताप सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## दो बाइक सवार युवकों के कब्जे से एक लाख अस्सी हजार रुपया बरामद

जगदीशपुर अमेठी। लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत फ्लाइंग स्क्वायड टीम व थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान दो मोटरसाइकिल सवार युवकों के कब्जे से एक लाख अस्सी हजार रुपये बरामद किया है।अमेठी में लोकसभा शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुपालन में जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत के द्वारा चैकिंग हेतु फ्लाइंग स्क्वायड टीम का गठन किया गया है।शनिवार को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में उड़न दस्ता टीम प्रथम जगदीशपुर के प्रभारी विजय कुमार व थाना जगदीशपुर के उप निरीक्षक विधान चंद्र यादव मय हमराह की संयुक्त टीम द्वारा डोमाडीह पुलिया के पास चेकिंग के दौरान दो व्यक्तियों को रोककर चेकिंग की गयी तो मोटरसाइकिल संख्या यूपी 36 जे 5805 की चेकिंग करने पर डिग्गी में एक लाख अस्सी हजार रुपये रखे हुये मिले।

# मोदी की रैली के लिए घर घर आमंत्रण पहुंचाएगी भाजपा:संजय राय

## राहुल गांधी को कोचिंग की आवश्यकता: संजय राय

**पीएम मोदी की रैली 17 मई को**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी।भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते प्रदेश महामंत्री व क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की रैली का आमंत्रण देने के लिए भाजपा कार्यकर्ता घर घर संपर्क करेंगे।पीएम मोदी की रैली को सफल बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह है। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अभी कोचिंग की आवश्यकता है,क्योंकि उनमें राजनैतिक समझ की कमी है। प्रदेश के गत तीन चरणों में मतदान प्रतिशत घटने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा के समर्थक नरेंद्र मोदी को पूरे जोश के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए मतदान कर रहे हैं।मगर विपक्ष अपने वोटरों को भरोसा दिलाने में नाकाम साबित हो रहा है।इसी कारण विपक्ष के समर्थकों में वोट देने का उत्साह नजर नहीं आ रहा है,जिसके चलते मतदान प्रतिशत में गिरावट आई।कहा भाजपा की प्रत्येक सीट पर प्रधानमंत्री मोदी ही लड़ रहे हैं और देश की जनता का हर वोट प्रधानमंत्री के लिए है।उन्होंने कहा कि जिले में पीएम की रैली में सभी विधानसभाओं से समर्थकों का सैलाब उमड़ेगा।केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर कहा कि उनके चुनाव प्रचार करने से भाजपा की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।कहा कि दिल्ली की जनता सभी सात सीटों पर भाजपा को जिताकर केजरीवाल को मुंहतोड़ जवाब देगी।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य,राज्य मंत्री सतीश शर्मा, रैली के जिला प्रभारी बसंत त्यागी, एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश पटेल,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डॉक्टर श्वेता सिंह,मीडिया प्रभारी विजय आनंद बाजपेई,संदीप गुप्ता,गुरुशरण लोधी मौजूद रहे।

### पीएम की रैली अब 17 मई को

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 15 मई को होने वाली रैली अब 17 मई को होगी।उक्त जानकारी देते हुए रैली के जिला प्रभारी एवम प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी ने बताया कि रैली 17 मई को सुबह साढ़े आठ बजे से होगी।

# नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर में मरीजों की जांच, मिला परामर्श

एजेंसी



बाराबंकी। पूर्व निर्धारित समय के अनुसार अवध इमरजेंसी एंड ट्रामा केअर हॉस्पिटल व मैक्स हेल्थ केअर की ओर से शनिवार को धनोखर चौराहे के निकट निशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मरीजो ने जांच करवाई व निशुल्क परामर्श प्राप्त किया।

शनिवार को आयोजित हुए इस शिविर में मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली के एसोसिएट डायरेक्टर व हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक कुमार गुप्ता के अलावा उनकी टीम उपस्थित रही। शिविर में केवल दिल के मरीज देखे गए। इस दौरान आए हुए मरीजो ने अपनी जांच कराई व परामर्श लिया। लक्षण पाए जाने पर उन्हें दवाएं भी दी गईं। डॉ अशोक गुप्ता ने बताया कि हृदय रोगों के मरीजों की बढ़ती संख्या चिंतित करने वाली है। वास्तव में सभी को अपनी जीवनशैली में बदलाव लाना होगा व स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना होगा। इसके लिए खान पान से लेकर दैनिक दिनचर्या में व्यापक बदलाव करने होंगे। इस अवसर पर पुराने रिकॉर्ड, रिपोर्ट लाने वाले मरीजो का परीक्षण किया गया साथ ही ब्लड प्रेशर, रैंडम ब्लड शुगर, ईसीजी की जांच हुई। शिविर में भाजपा नेता एवं किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रशांत मिश्र, सुभाष सिंह, शिवम शुक्ल, अवध ग्रुप के अध्यक्ष ऋषि गोयल, निर्मल जैन आदि लोग उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी के बाद अचानक मौसम खराब होने के बाद हादसा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सूरतगंज बाराबंकी। भीषण गर्मी में आई तेज आंधी और बारिश ने एक ओर जहां लोगों को गर्मी से राहत दी तो वहीं दूसरी ओर जानलेवा भी साबित हुई। थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र की पुलिस चौकी छेदा अंतर्गत अकम्बा मजरे बसारी निवासी शीला वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसका पति सीताराम 32 शनिवार को सुबह करीब 9.30 बजे शौच के लिए घर से खेतों की तरफ गया था। इतने में ही तेज हवा के साथ आंधी और पानी बरसने लगा। पेड़ की डाली टूटकर सीताराम के ऊपर गिर गई। जिससे वह जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी।जब तक उसे उठाकर घर लाया जाता तब तक उसकी मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर छेदा चौकी प्रभारी सुरेन्द्र प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक लिखापढ़ी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। इस घटना से मृतक की बीमार पत्नी शीला वर्मा व उसके 10 वर्षीय पुत्र आर्यन का रो रोकर बुराहाल हैं भाजपा कार्यकर्ता शिवम वर्मा, करुणा शंकर शुक्ला ने परिजनों को दुःख सहन करने का ढांढस बंधाया।

## फैक्ट्री के कंप्रेशर टैंक में जबरदस्त धमाका, आवाज से सहम गये लोग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। शनिवार की दोपहर दरियाबाद कस्बा स्थित पनीर बनाने की फैक्ट्री में धमाका हो गया। धमाका इतना जबरदस्त था कि पूरा दरियाबाद कस्बा सहम गया। दरियाबाद कस्बा के मोहल्ला चौधरियान स्थित एक पनीर खोया बनाने की फैक्ट्री में लगे कंप्रेशर टैंक के फटने से भगदड़ मच गई। वहीं कस्बा वासियों की मानें तो कंप्रेशर टैंक के फटने की आवाज इतनी तेज थी की दरियाबाद कस्बा सहम गया।

आस पास संचालित दुकानों और घरों के लोग घर से बाहर निकल सड़क पर आ गए। सैकड़ों लोगो की भीड़ जमा हो गई। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। काम कर रहे मजदूर पहले ही फैक्ट्री के बाहर निकाल चुके थे। वहीं कंप्रेशर टैंक के फटने से टीन शेड क्षतिग्रस्त हो गया है।

आपको बता दें कि यहां पर बड़े पैमाने पर खोया पनीर आदि बनाने का काम किया जाता है। वहीं इस संबंध में थानाध्यक्ष दरियाबाद शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि अभी मामले की जानकारी नहीं है। कारी की जा रही है।

# मनरेगा योजना बनी तकनीकी सहायक और प्रधान की कमाई का जरिया ?

## मनरेगा योजना को ताख पर रखकर कराया जा रहा काम जिम्मेदार बने मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोठी बाराबंकी। जनपद के विकासखंड सिद्धौर क्षेत्र की ग्राम पंचायत अलुवामऊ गांव में मनरेगा योजना के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस अमृत सरोवर(गाटा संख्या90) मैं खुदाई का कार्य चल रहा था मनरेगा योजना को ताख पर रखकर कार्य कराया जा रहा है मानक की धज्जियां उड़ाने के साथ-साथ खुलेआम भ्रष्टाचार किया जा रहा है मौके पर जब इसकी जांच पड़ताल की गई तो हकीकत कुछ और ही नजारा देखने को मिला ऑनलाइन हाजिरी पोर्टल पर 25 मजदूरों की हाजिरी लगाई गई थी मौके पर 18 मजदूर कार्य करते मिले बाकी मजदूरों का काम कागजों पर चल रहा है लेकिन मौके पर मजदूर नहीं मिले मनरेगा योजना का पूरा नाम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम या मनरेगा अधिनियम 7 सितंबर 2005 को लागू हुई थी मनरेगा योजना के अंतर्गत एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों का रोजगार 5 किलोमीटर के अंदर उपलब्ध कराना है लेकिन यह योजना अधिकारी और कर्मचारियों के लिए कामधेनु गाय साबित हो रही है यह बात हम इसलिए कह रहे हैं कि जब मौके पर जांच पड़ताल की गई तो इस बात की पुष्टि हुई आरोप लगाने की कोई बात नहीं है हकीकत में इस योजना के अंतर्गत अधिकारी कर्मचारी मलाई काट रहे हैं अधिकारी और कर्मचारियों ग्राम प्रधान ग्राम विकास अधिकारी तकनीकी सहायक की मिली भगत से मनरेगा योजना में जमकर खेला किया जा रहा है भारत सरकार द्वारा चलाई गई महत्वाकांक्षी योजना मे जमकर भ्रष्टाचार और जेब भरने का काम किया जा रहा है बता दें कि मानक की धज्जियां उड़ाई जा रही है लेकिन अधिकारी कर्मचारी बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहे हैं इसी के साथ-साथ करीब 25 मजदूरों की हाजिरी लगाई गई थी लेकिन सिर्फ मौके पर 18 मजदूर कार्य करते पाए गए इस जगह तो फर्जी सरकारी धन बर्बाद किया जा रहा है कैथरीन बोस अमृत सागर (गाटा संख्या 90) मैं नाम मात्र का काम कर भ्रष्टाचार किया जा रहा है यानी खुले आम मनरेगा में भ्रष्टाचार किया जा रहा है बरहाल इस तरीके का सफ़ेद भ्रष्टाचार खुले आम किया जा रहा अब देखने वाली बड़ी बात यह है कि इस पर जिले के उच्च अधिकारी और कर्मचारी क्या संज्ञान लेते हैं या ठंडा बस्ती में डाल देते हैं ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना हुआ है ग्रामीणों की निगाहें इसी मुद्दे पर टिकी हुई है इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह से बात करने की कोशिश की गई तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

## प्रदेश में नमो ड्रोन दीदी को लेकर बनी कार्ययोजना

लखनऊ। पीएम मोदी की महत्वाकांक्षी योजना नमो ड्रोन दीदी को उत्तर प्रदेश में आगे बढ़ाने के लिए कार्ययोजना तैयार हो गई है। इसके तहत संबंधित विभागों को उनके दायित्व सौंप दिए गए हैं, जबकि डिस्ट्रिक्ट लेवल पर योजना के क्रियान्वयन के लिए कमेटी का गठन कर दिया गया है। वहीं राज्य स्तर पर समिति का गठन भी प्रस्तावित है।साथ ही ग्राम्य विकास विभाग को राज्य स्तर पर नोडल नामित किए जाने का भी प्रस्ताव है। उल्लेखनीय है कि नमो ड्रोन दीदी योजना मोदी सरकार का एक इनोवेटिव प्रयास है। इसे योगी सरकार ने भी पूरी तत्परता के साथ प्रदेश में क्रियानवित किया है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। इसके तहत महिलाओं को सरकार की ओर से ड्रोन उड़ाने, डेटा विश्लेषण और ड्रोन के रखरखाव से जुड़ा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही, कृषि क्षेत्र में ड्रोन के उपयोग से उर्वरक, कृषि रक्षा रसायन एवं पानी की मात्रा में बचत तथा छिड़काव व्यय में भी कमी आएगी।कार्ययोजना के तहत ग्राम्य विकास विभाग को चयनित क्लस्टरों में एनआरएलएम महिला समूहों का चयन करने का दायित्व दिया गया है।

## जिसने अपनों को निपटाया वो क्या समझेगा मोदी और योगी की केमिस्ट्री

लखनऊ। शराब घोटाले में तिहाड़ जेल से बेल पर लौटे अरविंद केजरीवाल की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विषय में की गई टिप्पणी पर सोशल मीडिया यूजर्स ने तीखी प्रतिक्रिया दी। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर यूजर्स ने केजरीवाल को अन्ना हजारे, प्रशांत भूषण, आशुतोष और कुमार विश्वास की याद दिलाते हुए कहा कि जिस तरह उन्होंने अपनी ही पार्टी के नेताओं को निपटाया, उसी नीयत से यह मोदी और योगी को भी देखते है।यूजर्स बोले कि भाजपा कैडर वाली पार्टी है और यहां मेहनत करने वाला कोई सामान्य कार्यकर्ता भी शीर्ष पद पर पहुंच सकता है। पीएम मोदी और सीएम योगी की केमिस्ट्री पूरे देश में असर दिखा रही है।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई-निविदा** प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **दिनांक 03.06.2024** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें। यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद, एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या :** 03902024 दिनांक 10.05.2024 |
| 2 | **कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर द्वितीय के अधीन जंघई–जफराबाद सेक्शन में KM 37/8-9 पर अतिक्रमण के बदले RUB का प्रावधान का कार्य। |
| 3 | **अनुमानित लागत :** रु. 5,20,95,522.49 |
| 4 | **धरोहर राशि :** रु. 4,10,500.00 |
| 5 | **कार्य समापन की अवधि :** स्वीकृत पत्र की तिथि से 08 माह |
| 6 | **निविदा डालने का प्रारंभ :** 20.05.2024 |
| 7 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 03.06.2024, 15:00 बजे |
| 8 | **बेबसाईट : www.ireps.gov.in** |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त बेबसाईट पर उपलब्ध है। **1425 /2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# राजस्थान रॉयल्स पर जीत दर्ज करके प्लेऑफ की उम्मीदों को मजबूत करने उतरेगी चेन्नई सुपर किंग्स


एजेंसी



चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को मजबूत करने के लिए राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। सुपर किंग्स की टीम अभी 12 मैच में 12 अंक लेकर अंक तालिका में चौथे स्थान पर है लेकिन गुजरात टाइटंस के खिलाफ शुक्रवार को हार के कारण उस पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है और उसे अब बाकी बचे दोनों मैच में जीत दर्ज करने की जरूरत है। दूसरी तरफ रॉयल्स के 16 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है लेकिन पिछले दो मैच में सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार के कारण उसका मनोबल गिरा है। रॉयल्स की टीम पर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने का खतरा नहीं मंडरा रहा है लेकिन संजू सैमसन की अगुवाई वाली टीम नॉकआउट चरण से पहले जीत की राह पर लौट के लिए बेताब होगी। सुपर किंग्स को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सबसे बड़ी निराशा शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों अजिंक्य रहाणे, रचिन रविंद्र और कप्तान रुतुराज गायकवाड से मिली। यह तीनों बल्लेबाज रॉयल्स के खिलाफ उसकी भरपाई करना चाहेंगे। डेरिल मिचेल और मोईन अली का अच्छा प्रदर्शन सुपर किंग्स के लिए इस मैच में सकारात्मक पहलू रहा। टीम को शिवम दुबे से भी बड़े स्कोर की उम्मीद होगी। भारत की विश्व कप टीम में चुना गया यह ऑलराउंडर गुजरात के खिलाफ 13 गेंद पर 21 रन ही बना पाया था। जहां तक चेन्नई सुपर किंग्स की गेंदबाजी का सवाल है तो तुषार देशपांडे ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया जबकि शार्दुल ठाकुर ने किफायती गेंदबाजी की लेकिन उसके अन्य गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। यह मैच दिन में होगा और सुपर किंग्स को अपने घरेलू मैदान पर इसका फायदा मिलेगा। जहां तक रॉयल्स का सवाल है की टीम जीत की राह पर लौट के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उसकी चिंता सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। यह सलामी बल्लेबाज विश्व कप से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौटने का प्रयास करेगा। कप्तान संजू सैमसन लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन उन्हें रियान पराग, शुभम दुबे और रोवमैन पावेल से अच्छे सहयोग की जरूरत है। अनुभाई स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में तीन विकेट हासिल किए थे और वह अपने इसी प्रदर्शन को जारी रखने की कोशिश करेंगे। उनके साथ युजवेंद्र चहल की मौजूदगी से राजस्थान का आक्रमण मजबूत बन जाता है। तेज गेंदबाजी विभाग में आवेश खान हालांकि पिछले मैच में प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाए थे जिसकी भरपाई वह इस मैच में करना चाहेंगे।

# पहलवान निशा दहिया ने भारत के लिए पेरिस ओलंपिक 2024 कोटा हासिल किया

एजेंसी



इस्तांबुल। निशा दहिया ने शुक्रवार को इस्तांबुल, तुर्की में विश्व कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर में महिला फ्रीस्टाइल 68 किग्रा वर्ग में भारत के लिए पेरिस ओलंपिक 2024 कोटा हासिल किया। यह भारत के लिए पांचवां पेरिस 2024 कुश्ती कोटा था। सभी महिला पहलवानों के माध्यम से आये हैं। भारत ग्रीको-रोमन में कोटा हासिल करने में विफल रहा। इस्तांबुल प्रतियोगिता पहलवानों के लिए आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कोटा प्राप्त करने का अंतिम अवसर है। प्रत्येक भार वर्ग में तीन पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा निर्धारित है। प्रत्येक डिवीजन में दो फाइनलिस्ट अपने-अपने देशों के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा प्राप्त करेंगे। इस बीच, तीसरा स्थान भार वर्ग में दो कांस्य पदक विजेताओं के बीच प्लेऑफ मुकाबले के विजेता को मिलेगा। निशा ने राउंड 16 में पूर्व अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट अलीना शाउचुक को 3-0 से हराया और सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चेकिया की एडेला हंजलिकोवा को 7-4 से हराया। सेमीफाइनल में विश्व चैंपियनशिप की पूर्व कांस्य पदक विजेता और यूरोपीय चैंपियन रोमानिया की एलेक्जेंड्रा एंगेल का सामना करते हुए, भारतीय पहलवान ने दबाव में आकर 8-4 से जीत हासिल की और इसके साथ ओलंपिक कोटा भी हासिल किया। अंतिम पंघाल (53 किग्रा) ने 2023 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप से भारत के लिए पहला कोटा प्राप्त किया, जबकि विनेश फोगट (50 किग्रा), अंशू मलिक (57 किग्रा) और रीतिका हुडा (76 किग्रा) ने पिछले महीने बिश्केक में एशियाई क्वालीफायर में कोटा हासिल किया।

# नीरज चोपड़ा डायमंड लीग की अगली प्रतियोगिता जीतने के लिए प्रतिबद्ध, बोले- मुझे भारतीय होने पर गर्व

एजेंसी



दोहा। ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा दोहा चरण में दूसरे स्थान पर रहने के बाद डायमंड लीग की अगली प्रतियोगिता जीतने के लिए प्रतिबद्ध हैं। चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में अपने अंतिम प्रयास में 88.36 मीटर भाला फेंक कर दूसरा स्थान हासिल किया था। वह इस चरण में स्वर्ण पदक जीतने वाले जैकब वाडलेज्च से केवल 2 सेंटीमीटर पीछे रह गए थे। सत्र की अपनी पहली प्रतियोगिता में भाग ले रहे चोपड़ा ने अपने अंतिम प्रयास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया लेकिन वह अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाए। दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स ने 86.62 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा ने कहा, मेरे लिए इस साल की सबसे महत्वपूर्ण प्रतियोगिता पेरिस ओलंपिक है लेकिन डायमंड लीग भी काफी महत्वपूर्ण है। यह मेरी इस सत्र की पहली प्रतियोगिता है तथा मैं केवल 2 सेंटीमीटर के अंतर के कारण दूसरे स्थान पर रहा लेकिन अगली बार में इससे बेहतर प्रदर्शन करके जीत दर्ज करने की कोशिश करूंगा।'' डायमंड लीग का अगला चरण, जिसमें भाला फेंक स्पर्धा शामिल है, सात जुलाई को पेरिस में होगा। चोपड़ा ने कतर में भारतीय प्रशंसकों का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा,''यहां कतर में भारतीय लोगों से समर्थन मिलना शानदार रहा। उनके इस समर्थन के लिए आभार व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है। हो सकता है कि भविष्य में भारतीय खिलाड़ी इससे भी आगे निकल जाएं। मुझे भारतीय होने पर वास्तव में गर्व है।

# फॉर्म में चल रही आरसीबी के लिए दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 'करो या मरो' का मुकाबला

एजेंसी



बेंगलुरु। लगातार चार मैच जीतकर प्लेआफ की दौड़ में बनी हुई रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को अपना दावा बनाये रखने के लिये रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हर हालत में हराना होगा। आरसीबी ने गुजरात टाइटंस को दो बार हराने के अलावा पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद को हराया है। गुजरात और पंजाब से आरसीबी को कोई चुनौती नहीं मिली और सनराइजर्स को उसने करीबी मुकाबले में हराया। दूसरी ओर दिल्ली के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। ऋषभ पंत की कप्तानी वाली टीम ने 27 अप्रैल को मुंबई इंडियंस पर दस रन से मिली जीत में चार विकेट पर 257 रन बनाये थे तो 29 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ नौ विकेट पर 153 रन ही बना सकी। आरसीबी 12 मैचों में 10 अंक लेकर सातवें स्थान पर है और अब हारने से उसके लिये रास्ते बंद हो जायेंगे। लगातार चार जीत और विराट कोहली के जबर्दस्त फॉर्म के दम पर उसके हौसले बुलंद है । कोहली ने इस सत्र में सर्वाधिक 634 रन बना लिये हैं और उनका स्ट्राइक रेट 153 का रहा है । कोहली के अलावा कप्तान फाफ डु प्लेसी, रजत पाटीदार, कैमरन ग्रीन और दिनेश कार्तिक ने भी अच्छा पारियां खेली हैं। गेंदबाजों ने भी शुरूआती मैचों के औसत प्रदर्शन के बाद अपना काम बखूबी किया है। पिछले चार मैचों में मोहम्मद सिराज ने अपनी लय हासिल कर ली जबकि यश दयाल और स्पिनर स्वप्निल सिंह भी उपयोगी साबित हुए हैं। पंजाब के खिलाफ मैच के बाद सिराज और दयाल का इकॉनामी रेट इस सत्र में पहली बार दस के नीचे गया । इस सत्र में लग रहे रनों के पहाड़ के बीच इसे अच्छा प्रदर्शन कहा जायेगा। इनकी परीक्षा दिल्ली के जैक फ्रेसर मैकगुर्क के सामने होगी जो 235 . 87 के स्ट्राइक रेट से सात मैचों में 309 रन बना चुके हैं। डेविड वॉर्नर ने सात मैचों में 135 की स्ट्राइक रेट से 167 रन बनाये थे और चोट के कारण उनके बाहर होने के बाद मैकगुर्क खेल रहे हैं । सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने भी 157 की स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता नहीं दिखी । कप्तान पंत और ट्रिस्टन स्टब्स ने अच्छी पारियां खेली है और आरसीबी के गेंदबाजों के सामने भी उनके लिये कठिन चुनौती होगी । गेंदबाजी में दिल्ली का पलड़ा भारी है । उसके पास कुलदीप यादव और अक्षर पटेल जैसे स्पिनर हैं जो मिलकर 24 विकेट ले चुके हैं । उनका इकॉनॉमी रेट भी नौ से कम रहा है । तेज गेंदबाज खलील अहमद 14 और मुकेश कुमार 15 विकेट ले चुके हैं और दिल्ली को उनसे शुरूआती सफलताओं की उम्मीद होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### दबाव में शांतचित्त होकर खेलने वाले सुदर्शन ने जीता स्मिथ और मूडी का दिल

**अहमदाबाद।** चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आक्रामक शतक लगाकर गुजरात टाइटंस की जीत के सूत्रधार रहे बी साई सुदर्शन ने ग्रीम स्मिथ और टॉम मूडी जैसे धुरंधरों को प्रभावित किया है। तीसरे नंबर पर उतरने वाले सुदर्शन का शुक्रवार तक स्ट्राइक रेट 131 . 67 था लेकिन चेन्नई के खिलाफ पारी की शुरूआत करते हुए उन्होंने 201 . 96 की स्ट्राइक रेट से 51 गेंद में 103 रन बनाये। स्मिथ ने कहा ,'' सुदर्शन इस सत्र में गुजरात के लिये सबसे ज्यादा रन बना चुका है। सबसे तेजी से आईपीएल में 1000 रन पूरे किये हैं। उसके बारे में और बात होनी चाहिये। आस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला और मशहूर कोच रहे टॉम मूडी ने कहा ,'' उसे बल्लेबाजी करते देखने में मजा आता है। वह दबाव में इतना शांत रहता है। उसके पास सही समय पर हमेशा सही जवाब होते हैं। उसे पता है कि कब आक्रामक खेलना है और वह खेल की रफ्तार बनाये रखता है। उन्होंने शुभमन गिल और सुदर्शन के बीच 210 रन की साझेदारी के बारे में कहा ,'' यह असाधारण थी। दोनों ने एक दूसरे के साथ पूरे तालमेल के साथ खेला।

### इस साल दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और बांग्लादेश की मेजबानी करेगा वेस्टइंडीज

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज की पुरुष क्रिकेट टीम मई से दिसंबर 2024 के बीच दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और बांग्लादेश की मेजबानी करेगी। वेस्टइंडीज के घरेलू सत्र की शुरुआत 23 मई को जमैका के सबीना पार्क में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टी20 मैचों के दौरे से होगी। दक्षिण अफ्रीका टी20 विश्व कप और जुलाई में इंग्लैंड के अपने टेस्ट दौरे के बाद 7 अगस्त से त्रिनिदाद और गुयाना में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलने के लिए वेस्टइंडीज लौटेगी, इसके बाद 23 अगस्त से सीपीएल से पहले ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में तीन मैचों की टी20ई श्रृंखला होगी। वे तरौबा में टेस्ट श्रृंखला से पहले चार दिवसीय अभ्यास मैच भी खेलेंगे। अक्टूबर में श्रीलंका में सफ़ेद गेंद के दौरे के बाद, वेस्टइंडीज 31 अक्टूबर से तीन वनडे और पांच टी20 मैचों के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेगा जो एंटीगुआ, बारबाडोस और सेंट लूसिया में खेले जाएंगे। इसके बाद बांग्लादेश सभी प्रारूपों के दौरे के लिए 22 नवंबर से 19 दिसंबर के बीच वेस्टइंडीज का दौरा करेगा, जो एंटीगुआ और जमैका में दो टेस्ट मैचों, सेंट किट्स एंड नेविस में तीन वनडे और सेंट विंसेंट में तीन टी20 मैचों के साथ शुरू होगा। वेस्टइंडीज 2014 के बाद पहली बार सेंट विंसेंट के अर्नोस वेले ग्राउंड में वापसी करेगा। बांग्लादेश एंटीगुआ में टेस्ट से पहले एक अभ्यास मैच भी खेलेगा।

### केरल सुपर लीग 2024 के उद्घाटन संस्करण का आयोजन सितंबर में, छह टीमें लेंगी हिस्सा

**कोच्चि।** इस साल सितंबर में शुरू होने वाली केरल सुपर फुटबॉल लीग (केएसएल) के उद्घाटन संस्करण के लिए छह टीमों की घोषणा शुक्रवार शाम कोच्चि में एक बड़े कार्यक्रम में की गई। तिरुवनंतपुरम, एर्नाकुलम, त्रिशूर, कोझिकोड, मलप्पुरम और कन्नूर की टीमें घरेलू और बाहरी आधार पर भाग लेंगी, जिसमें विजेता का चयन नॉकआउट राउंड के माध्यम से किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान केएसएल के सीईओ मैथ्यू जोसेफ ने कहा, ''फुटबॉल प्रेमियों के लिए पहुंच के उचित प्रसार के लिए लीग ने सावधानीपूर्वक स्टेडियमों और स्थानों को चुना है। ये स्थान अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करेंगे और प्रशंसकों के लिए एक अद्वितीय अनुभव का वादा करेंगे। तिरुवनंतपुरम फ्रेंचाइजी कोच्चि फ्रेंचाइजी के साथ जेएनआई स्टेडियम में खेलेगी, जबकि कन्नूर और कोझिकोड टीमें ईएमएस कॉर्पोरेशन स्टेडियम का उपयोग करेंगी। मलप्पुरम और त्रिशूर अपने घरेलू मैच मंजेरी में खेलेंगे। जोसेफ ने कहा, ''हम तिरुवनंतपुरम फ्रेंचाइजी के घरेलू मैचों को तिरुवनंतपुरम के चंद्रशेखरन नायर स्टेडियम में आयोजित करने की संभावनाओं की भी जांच कर रहे हैं। लेकिन फिर से, स्टेडियम केरल पुलिस के प्रशासन के अंतर्गत आता है, और हमें यकीन नहीं है कि हमारे मैच के दिन हमें स्टेडियम मिलेगा या नहीं । इसके अलावा, त्रिशूर में कॉर्पोरेशन स्टेडियम स्थानीय फ्रेंचाइजी के मैचों को आयोजित करने की योजना में है, लेकिन कुछ भी तय नहीं हुआ है। लीग को इस साल सितंबर में शुरू करने की योजना है और यह 45-60 दिनों तक चलेगी। इस टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों को केएसएल ड्राफ्ट से चुना जाएगा जिसमें केरल और गैर-केरल फुटबॉलरों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी शामिल होंगे। केरल फुटबॉल एसोसिएशन (केएफए) के अध्यक्ष नवास मीरान ने कहा, ''केएसएल आईएसएल और आई-लीग के पहले भाग के दौरान आयोजित किया जाएगा, लेकिन हम इसे इस तरह से डिजाइन करेंगे कि मैच केरल ब्लास्टर्स और गोकुलम केरल एफसी दोनों के खेल से नहीं टकराएंगे।

# किलियन एम्बाप्पे ने सीज़न के अंत में पीएसजी छोड़ने की घोषणा की

एजेंसी



मार्सिले। फ्रांस के स्टार फुटबॉलर किलियन एम्बाप्पे सीज़न के अंत में फ्रेंच लीग 1 क्लब पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) छोड़ देंगे। एम्बाप्पे ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की, हालांकि इसके बाद वह कौन से क्लब से जुड़ेंगे, इसका खुलासा नहीं किया। एम्बाप्पे ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, ''मैं आप सभी को यह बताना चाहता था कि यह पेरिस सेंट-जर्मेन में मेरा आखिरी साल है। मैं इसे आगे नहीं बढ़ाऊंगा और कुछ ही हफ्तों में रोमांच खत्म हो जाएगा। मैं क्लब के लिए अपना आखिरी मैच रविवार को पार्क डेस प्रिंसेस में खेलूंगा। फ्रांसीसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी 2017 में मोनाको से ऋण पर पीएसजी में शामिल हुए थे और सीजन समाप्त होने के बाद 180 मिलियन यूरो के हस्तांतरण शुल्क पर आधिकारिक तौर पर क्लब के साथ जुड़ गए थे। टीम के साथ अपने सात वर्षों के दौरान, एम्बाप्पे ने क्लब को छह लीग खिताब और तीन फ्रेंच कप जीत हासिल करने में मदद की, उन्होंने क्लब के लिए 306 मैच खेले और 255 गोल किए। वह टीम के इतिहास में शीर्ष स्कोरर हैं। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, ''बहुत सारी भावनाएं हैं, कई वर्षों में मुझे सबसे बड़े और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्लबों में से एक का सदस्य बनने का मौका और बड़ा सम्मान मिला। उन्होंने कहा, ''इसने मुझे यहां पहुंचने, बहुत दबाव के साथ एक क्लब में अपना पहला अनुभव प्राप्त करने, एक खिलाड़ी के रूप में विकसित होने, इतिहास के कुछ सर्वश्रेष्ठ, कुछ महान चैंपियनों के साथ रहने की अनुमति दी। यह कठिन है और मैंने कभी नहीं सोचा था कि इसकी घोषणा करना इतना कठिन होगा... लेकिन मुझे लगता है कि सात साल बाद मुझे एक नई चुनौती के लिए इसकी जरूरत थी। पीएसजी ने पहले ही इस सीज़न का लीग 1 खिताब सुरक्षित कर लिया है और फ्रेंच कप फाइनल में पहुंच गया है, जहां वे 25 मई को ल्योन के खिलाफ चैंपियनशिप के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। हालाँकि, चैंपियंस लीग में जहाँ टीम अपनी छाप छोड़ने की सबसे अधिक इच्छुक थी, उन्हें एक और निराशाजनक प्रदर्शन का सामना करना पड़ा औरसे बोरुसिया डॉर्टमुंड के खिलाफ सेमीफाइनल के दोनों चरणों में हार का सामना करना पड़ा।

# मुंबई सिटी एफसी ने मुख्य कोच पेट्र क्रैटकी का अनुबंध 2025/26 सीज़न के अंत तक बढ़ाया

एजेंसी


मुंबई। मोहन बागान एसजी को हराकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 का खिताब जीतने के बाद मुंबई सिटी एफसी ने मुख्य कोच पेट्र क्रैटकी का अनुबंध 2025/26 सीज़न के अंत तक बढ़ा दिया है। क्लब ने बुधवार रात उक्त जानकारी दी। चेक गणराज्य के रहने वाले, 42 वर्षीय पूर्व डिफेंडर क्रैटकी ने दिसंबर 2023 में सीज़न के बीच में आइलैंडर्स की कमान संभाली थी। मुंबई सिटी एफसी मुख्य कोच के रूप में क्रैटकी का पहला स्थायी कार्यभार है। उन्होंने 23 मैचों में क्लब का निर्देशन किया है, जिनमें क्लब ने 16 जीते हैं और तीन ड्रा रहे हैं। क्रैटकी के संरक्षण में, टीम ने बड़ी ऊंचाइयों को छुआ और आईएसएल के लीग चरण (47 अंक) में अपना अब तक का सबसे उच्चतम अंक दर्ज किया। जब से क्रैटकी ने पदभार संभाला, आईएसएल में क्लब के 37 में से 23 (62% से अधिक) गोल भारतीयों द्वारा किए गए। क्रैटकी, जो पहले कभी भारत नहीं आए थे, अब आगामी सीज़न पर अपने लक्ष्य निर्धारित करेंगे। इस अवसर पर क्रैटकी ने कहा, ˜मुंबई सिटी एफसी के साथ मेरा पहला सीज़न शानदार रहा है, पूरी टीम महत्वाकांक्षी लोगों से भरी है, जो चाहे कुछ भी हो जाए, एकजुट रहते हैं। आईएसएल कप के साथ सीज़न समाप्त करना निश्चित रूप से बहुत अच्छा था, और अगले सीज़न में हम वापस आएंगे और अपनी सभी प्रक्रियाओं में मजबूत और अधिक सुसंगत होंगे। भारत में कुछ बेहतरीन फुटबॉल प्रतिभाएं हैं और मैं उनके साथ काम करना जारी रखने का मौका पाकर खुश हूं। मुंबई सिटी एफसी के सीईओ कंदर्प चंद्रा ने कहा, ''हम सभी पेट्र के अनुबंध को 2025/26 सीज़न के अंत तक बढ़ाने से प्रसन्न हैं। वह फुटबॉल दर्शन को समझते हैं। हमें विश्वास है कि हम उनके नेतृत्व में, अन्य टीमों की तरह मनोरंजक और आकर्षक फुटबॉल खेलना जारी रखेंगे।

# क्रिप्टो एक्सचेंज बाइनैंस से हट सकता है प्रतिबंध, एफआईयू निदेशक ने दिए संकेत

नई दिल्ली। वैश्विक क्रिप्टो एक्सचेंज बाइनैंस से सरकार की फाइनैंशियल इंटेलिजेंस यूनिट (एफआईयू) इंडिया जल्द ही प्रतिबंध हटा सकती है। एक शीर्ष अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। एफआईयू संदेहजनक वित्तीय लेनदेन जैसे धनशोधन और आतंकवाद को धन मुहैया कराने से जुड़े मामलों की जांच करती है। बीते मार्च में एफआईयू-इंडिया ने 34.5 लाख रुपए का जुर्माना लगाने के बाद विदेशी क्रिप्टो एक्सचेंज क्यूकॉइन से प्रतिबंध हटाया था। एफआईयू के निदेशक और राजस्व विभाग के अतिरिक्त सचिक विवेक अग्रवाल के अनुसार बाइनैंस के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है और जुर्माने पर फैसला लिया जाना अभी बाकी है। उन्होंने बताया कि एफआईयू के साथ क्रिप्टो एक्सचेंज के पंजीकृत होने के बाद अनुपालन की कार्रवाही पूरी होने पर यह काम कर सकेगा। अग्रवाल के अनुसार क्यूकॉइन और बाइनैंस अब एफआईयू के साथ पंजीकृत हैं। इससे हम लेनदेन पर पूरी नजर रख सकेंगे। इसके साथ ही क्रिप्टो एक्सचेंज की ओर से एसटीआर (संदेहजनक लेनदेन की रिपोर्टिंग) से जुड़ी फाइलिंग शुरू हो जाएगी। भारत में अवैध ढंग से परिचालन करने के आरोप में 28 दिसंबर, 2023 को एफआईयू इंडिया ने 9 विदेशी क्रिप्टो एक्सचेंजो को नोटिस जारी किया था। इन एक्सचेंजों पर भारत के धनशोधन रोकथाम नियमों के उल्लंघन का आरोप था। आगे चलकर एफआईयू ने इलेक्ट्रॉनिक और सूचना तकनीक मंत्रालय से इन एक्सचेंजों का यूआरएल भारत में ब्लॉक करने का अनुरोध किया था। उस दौरान जिन क्रिप्टो एकसचेंजों को नोटिस जारी किया गया था उनमें बाइनैंस, हुओबी, क्राकेन, गेट डॉट आईओ, क्यूकॉइन, बिटस्टैंप, एमईएक्ससी ग्लोबल, बिट्रेक्स और बिटफ़ेनेक्स शामिल थे। एफआईयू के निदेशक ने यह भी बताया कि वर्तमान में देश में 46 पंजीकृत क्रिप्टो इकाइयां हैं।

# 28,200 मोबाइल फोन को ब्लॉक करने का निर्देश 20 लाख कनेक्शनों का भी होगा वेरिफिकेशन

एजेंसी



नई दिल्ली। सरकार ने टेलीकॉम ऑपरेटरों को 28,200 मोबाइल हैंडसेटों को ब्लॉक करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा, टेलीकॉम कंपनियों से इन हैंडसेट से जुड़े 20 लाख मोबाइल नंबरों को फिर से वेरिफाई करने के लिए भी कहा है।

टेलीकॉम मिनिस्ट्री ने 10 मई को जारी एक बयान में कहा कि साइबर क्राइम और वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े मोबाइल फोन के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए टेलीकॉम डिपार्डमेंट, गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस मिलकर काम कर रहे हैं। टेलीकॉम मिनिस्ट्री ने कहा कि इन विभागों के एक साथ काम करने का मकसद धोखेबाजों के नेटवर्क पर रोक लगाना है जिससे कि देश के लोगों को डिजिटल खतरों से बचाया जा सके। गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस द्वारा की गई जांच में सामने आया है कि साइबर क्राइम में 28,200 मोबाइल हैंडसेट का गलत इस्तेमाल किया गया था। इसके पता चलने के बाद ही केंद्र सरकार ने टेलीकॉम ऑपरेटरों को 28,200 मोबाइल फोन को ब्लॉक करने का निर्देश दिया है। साथ ही इन हैंडसेट्स से जुड़े 20 लाख मोबाइल नंबरों का फिर से वेरिफिकेशन करने को भी कहा है।

टेलीकॉम डिपार्टमेंट ने सभी टेलीकॉम कंपनियों के निर्देश दिया है कि अगर इन फोन नंबरों का वेरिफिकेशन नहीं होता है तो उन कनेक्शन को काट दिया जाए। एक आधिकारिक बयान से पता चला है कि टेलीकॉम डिपार्टमेंट ने 7 मई को वित्तीय घोटाले में इस्तेमाल किए फोन नंबर का कनेक्शन काट दिया और उन नंबर से जुड़े 20 मोबाइल फोन को भी ब्लॉक कर दिया था।

# महिंद्रा और कौशल विकास व उद्यमिता मंत्रालय की साझेदारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। कृषि उपकरण निर्माता कंपनी और ट्रैक्टर निर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने ड्रोन दीदी योजना के तहत दो पायलट परीक्षण करने के लिए कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के साथ एक समझौता किया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस साल के आरंभ में शुरू की गई इस योजना का लक्ष्य 15,000 महिलाओं को उर्वरक बुआई, फसल निगरानी और बीज बुआई जैसे कृषि उद्देश्यों के लिए ड्रोन संचालन के लिए प्रशिक्षित करना है, जिससे नई प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में कौशल प्रदान करके महिलाओं के लिए आजीविका के नए अवसर पैदा हो सके।

इस साझेदारी के तहत, महिंद्रा और एमएसडीई हैदराबाद और नोएडा में राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) में 500 महिलाओं को कौशल प्रदान करने के लिए दो पायलट कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इसमें केवल 20 महिलाओं वाले



विशेष बैच होंगे। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा अनुमोदित 15-दिवसीय पाठ्यक्रम इन केंद्रों पर आरपीटीओ (रिमोट पायलट प्रशिक्षण संगठन) प्रशिक्षकों के माध्यम से वितरित किया जाएगा। महिंद्रा ग्रुप के ग्रुप सीईओ और एमडी डॉ. अनीश शाह ने कहा, ल्हमारे इस उदयोन्मुखी दर्शन के अनुरूप, महिंद्रा ग्रुप महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिन्हें वर्कफोर्स में शामिल होने और आर्थिक स्वतंत्रता हासिल करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान किया जाएगा। ड्रोन दीदी योजना के तहत अपनी तरह का पहला पायलट कार्यक्रम कृषि और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में महिलाओं को अपनाने के लिए उनका प्रतिनिधित्व करता है। हम जमीनी स्तर पर महिलाओं को प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण प्रदान करने और यह सुनिश्चित करते हुए बेहद प्रसन्न हैं कि भविष्य के लिए एग्रीकल्चर सेक्टर पूरी तरह से तैयार है। एमएसडीई के सचिव अतुल कुमार तिवारी कहते हैं, ल्हम व्यापक प्रशिक्षण के लिए उनकी कृषि विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। कृषि में ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लक्ष्य के साथ हैदराबाद और नोएडा में दो एनएसटीआई को पायलट कार्यक्रम के लिए चुना गया है। राष्ट्र निर्माण के लिए महिलाओं को कुशल बनाने का हमारा यह मिशन, विशेष रूप से उभरते व्यवसायों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ड्रोन दीदी कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन के माध्यम से यह सहयोग आगे भी बरकरार रहेगा।

मेरा दृढ़ विश्वास है कि महिंद्रा के साथ यह सहयोग हमारे दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएगा, महिलाओं को राष्ट्र-निर्माण में योगदान देने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करेगा। प्रौद्योगिकी उद्योग के अग्रणी भागीदारों के साथ हमारा पिछला सहयोग करार भी सफल रहा है। इस आधार पर, यह पहल महिंद्रा के साथ कई सहयोगी परियोजनाओं की शुरुआत का प्रतिनिधित्व करती है। अपने चुने हुए क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने और देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में सार्थक योगदान देने के लिए कठोर प्रशिक्षण पद्धतियों और व्यावहारिक ज्ञान सीखने के अनुभवों के माध्यम से, हम अपने स्टूडेंट्स को आवश्यक व्यावहारिक कौशल और दक्षताओं से लैस करेंगे। इस साझेदारी के तहत, प्रशिक्षण केन्द्रों पर एनएसटीआई प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने के लिए बुनियादी ढांचा, प्रतिभागियों के लिए छात्रावास सुविधा प्रदान करेगा और भागीदारी बढ़ाने के लिए स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों और गैर सरकारी संगठनों से संपर्क करेगा। महिंद्रा समूह सिमुलेशन मशीनरी/ड्रोन, सिम्युलेटर नियंत्रक, सिम्युलेटर सॉफ्टवेयर, आई5 प्रोसेसर और प्रशिक्षकों के साथ डेस्कटॉप कंप्यूटर के माध्यम से प्रारंभिक सेट-अप सहायता प्रदान करेगा, और डीजीसीए लाइसेंस धारक प्रशिक्षकों की लागत सहित पायलट परियोजना की अवधि के लिए परिचालन लागत को पूरा करेगा। पायलट प्रोजेक्ट से मिली सीख और परिणाम देश भर में चिन्हित एनएसटीआई/आईटीआई में ड्रोन दीदी योजना को आगे बढ़ाने में एमएसडीई की सहायता करेंगे।

# मोदी को वापस गुजरात भेजें, उद्धव ने किया आह्वान

एजेंसी

छत्रपति संभाजीनगर। शिवसेना (बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख एवं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन्हें झूठा बताया है और उन्हें वापस गुजरात भेजने का आह्वान किया है।

श्री ठाकरे ने शुक्रवार देर शाम औरंगाबाद संसदीय सीट से पार्टी उम्मीदवार चंद्रकांत खैरे के समर्थन में विशाल चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा , ल्समोदी के इंजन को बदलने की जरुरत है इसलिए उन्हें वापस गुजरात भेज दें। पिछले 10 सालों में मोदी के इंजन ने झूठ उगलने के अलावा कुछ नहीं किया है।उन्होंने कहा भाजपा हमारी (भारत अघाड़ी) लोचना करती है , लेकिन हमारे पास 'चेहरे' हैं। हर कोई अब कह रहा है कि इंडिया समूह में सभी दावेदार प्रधानमंत्री पद के लिए दावेदारी कर सकते हैं, जबकि भाजपा के पास केवल एक ही चेहरा है। इसलिए उन्हें अब एक नया चेहरा ढूंढना चाहिए। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा, ल्हराजग के पास अब कोई चेहरा भी नहीं है। क्या आप ऐसे व्यक्ति को फिर से अपना प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं जिसने देश को गड्ढे में डालने की कोशिश की? इसलिए उन्हें (श्री मोदी ) वापस गुजरात भेज दें। श्री मोदी को चुनौती देते हुए श्री ठाकरे ने कहा , ल्हमोदी मुझे खत्म करने जा रहे थे और अब वह चले गये। औरंगाबाद का नाम संभाजीनगर करने का निर्णय तब लिया गया जब मैं मुख्यमंत्री था। अब तक हवाई अड्डे का नाम भी छत्रपति संभाजी महाराज के नाम पर नहीं रखा जा सका। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान मराठवाड़ा में समानांतर जल चैनल के लिए धन आवंटित किया गया था, जो अब सूखे का सामना कर रहा है। आज तक यहां पानी की पाइपलाइन का काम पूरा नहीं हो सका है।

# तीसरे चरण के मतदान का नया संशोधित आंकड़ा 65.68 प्रतिशत के पहले स्तर पर

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग की ओर से शनिवार को जारी संशोधित आंकड़ों के अनुसार लोक सभा चुनावों के तीसरे चरण में सात मई को 65.68 प्रतिशत मतदान हुआ।

आयोग की ओर से शनिवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के सात और आठ मई को जारी दो प्रेस विज्ञप्तियों के क्रम में इस समय चल रहे आम चुनाव 2024 के चरण-3 में 93 निर्वाचन क्षेत्रों में 65.68 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। तीसरे चरण के चुनाव में सात मई को वोट डाले गए थे। अयोग द्वारा आठ मई को जारी विज्ञप्ति में भी मतदान का आंकड़ा 65.68 प्रतिशत दिया था। सात मई को रात 11 बजे जारी विज्ञप्ति में मतदान का प्रतिशत 64.4 प्रतिशत बताया गया था। आयोग की ताजा विज्ञप्ति के




अनुसार तीसरे चरण में पुरुष मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 66.89, महिलाओं का 64.41 प्रतिशत और लिंग-वर्ग तृतीय (उभयलिंगी) के मतदाताओं का प्रतिशत 25.2 था। तीसरे चरण में असम के चार संसदीय क्षेत्रों में सर्वाधिक 85.45 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 10 सीटों पर सबसे कम सबसे कम 57.55 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया।

इन चुनावों में 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को हुए पहले और दूसरे चरण में क्रमशः 66.1 प्रतिशत और 66.7 प्रतिशत वोट पड़े थे। इन तीन चरणों में लोक सभा के कुल 543 निर्वाचन क्षेत्रों में से 283 सीटों के लिए मतदान सम्पन्न हो चुका है। चौथे चरण का मतदान 13 मई को होगा जिसमें 10 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की कुल 96 सीटों पर वोट डाले जाएंगे।

## मोदी को पीएम नहीं बनने देंगे : खरगे

पटना। लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान में बिहर पहुंचे कंग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इसबार हमलोग नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री नहीं बनने देंगे। नरेंद्र मोदी को रोकने के लिए लोकसभा चुनाव में जितनी संख्या चाहिए उतना इंडिया गठबंधन जरूर लाएगा। पटना में प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि मोदी जी बात गरीबों की करते हैं, पर काम सिर्फ अमीरों के लिए करते हैं। देश भर की जनता में मोदी सरकार के खिलाफ काफी विरोध है। खरगे ने कहा कि पिछले 10 सालों में मोदी सरकार ने अपनी ताकत सिर्फ विपक्ष के नेताओं को परेशान करने में लगाई। यह भी कहा कि मोदी जी हिन्द-मुस्लिम को मुद्दा बनाकर समाज को बांटना चाहते हैं। लेकिन जनता ने इस बार उनको जवाब देने का मन बना लिया है। शनिवार को मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर की चुनावी जनसभाओं में शामिल होने के लिए मल्लिकार्जुन खरगे पटना पहुंचे। प्रेस को संबोधित करते हुए कंग्रेस अध्यक्ष ने इंडिया गठबंधन की जीत का दावा किया।

# यूपीएसआईएफएस के छात्रों ने फोरेन्सिक की बारीकियों को सीखा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नईदिल्ली/लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फरेंसिक साइन्स लखनऊ के बेलेस्टिक संकाय के छात्रों ने आईआईटी दिल्ली के बेलेस्टिक लैब में फोरेन्सिक की बारीकियों को सीखा।

उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट आफ फोरेन्सिक के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने बताया कि यूपीएसआईएफएस का एक छात्र दल एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण हेतु 10 मई 2024 को आईआईटी दिल्ली गया था। आईआईटी दिल्ली के बेलेस्टिक एन्ड आर्मर टेस्टिंग लैब एवं रेनोवेशन पार्क में यूपीएसआईएफएस के छात्रों ने बैलेस्टिक विषय से संबंधित बाडी आर्मर , हेलमेट एवं बुलेटप्रुफ मेटेरियल का अध्ययन किया। बच्चों ने लैब में होने वाले शोध कार्यों को गहनता से जाना तथा लैब में मशीनों के प्रयोग को भी समझा। यूपीएसआईएफएस के बच्चों को वहां



एआई के साथ नए स्टार्टअप दिखाए। अलग-अलग मशीनें, उपकरण और उनकी कार्यप्रणाली सहित रोबोट, ड्रोन से संबंधित विषयों पर भी जानकारी हासिल किया।

डॉ0 गोस्वामी ने बताया कि पूर्व में विभिन्न संस्थानों से हुए एमओयू का लाभ छात्रों को मिल रहा है जिस कारण बच्चों को निरन्तर कुछ नया सीखने के अवसर और नये-नये अन्वेषण कार्यो की जानकारी भी हासिल हो रही है। उन्होंने बताया कि यूपीएसआईएफएस के छात्र दल का नेतृत्व वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री चन्द्र मोहन सिंह द्वारा किया गया जिन्हें आईआईटी दिल्ली के विषय विशेषज्ञ डॉ0 नरेश भटनागर एवं डॉ0 हेमन्त चौहान द्वारा बेलेस्टिक विषय से संबंधित विभिन्न जानकारियों से लाभान्वित किया गया।

## सरकार बनने पर एक करोड़ नौकरी दी जायेगी : तेजस्वी

दरभंगा। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि यदि इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो 15 अगस्त को एक करोड़ लोगो को सरकारी नौकरी दी जाएगी साथ ही सभी महिलाओं को साल में एक लाख रुपया नकद दिया जायेगा। श्री यादव चौथे चरण के चुनाव के अंतिम दौर में चुनावी प्रचार में आज विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के साथ दरभंगा के सोनकी गांव पहुंचे। इस दौरान तेजस्वी यादव और मुकेश साहनी ने दरभंगा के राजद प्रत्याशी ललित यादव के पक्ष में प्रचार किया। तेजस्वी यादव ने जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी हमला बोला। उन्होंने अपनी चोट को पहले लोगो को दिखाया फिर चोट के बहाने लोगो को बताया की डाक्टर उन्हें तीन सप्ताह का बेड रेस्ट बताया। उन्होंने कहा उन्हें नहीं बल्कि मोदी जी को बेड रेस्ट में जाने की जरुरत है। राजद नेता ने कहा कि यदि इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो 15 अगस्त को एक करोड़ लोगों को नौकरी दी जाएगी। साथ ही सभी महिला को साल में एक लाख रुपया नकद दिया जायेगा है। इसके अलावा सभी घर में दो सौ यूनिट बिजली फ्री के साथ गैस सिलेंडर का दाम पांच सौ रुपये फिक्स किया जायेगा। श्री सहनी ने चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि यह उनका गृह जिला है। यहां ललित यादव राजद के उम्मीदवार है ,उन्हें वोट देकर जितायें। आप लोगों ने हमसे कहा था आप मलाह का बेटा आगे बढ़ो हम तुम्हारे साथ है अब समय आ गया है आपलोग हमारे साथ हो हम आपके मान सम्मान की रक्षा करेंगे। वर्तमान सरकार चाहती है गरीब का बेटा आगे नहीं बढ़े लेकिन हम अपने मेहनत से आगे बढ़े अब भी लड़ाई लड़ रहा हूं।

## भाजपा सरकार ने तो किसानों के शोषण की सारी हदें पार कर दी : सैलजा

सिरसा। कांग्रेस की महासचिव व सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया समूह) की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने कहा है कि जिसने भी अन्नदाता को दु:खी किया उससे तो ऊपर वाला दाता भी नाराज हो जाता है। सुश्री शैलजा ने आरोप लगाया कि इस भारतीय जनता पार्टी सरकार ने तो किसानों के उत्पीडन और शोषण की सारी हदें पार कर दी है। इस सरकार के कार्यकाल में अपना हक मांगने वाले किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सरपंचों ने सरकार के लट्ठ खाये हैं, पीठ पर पड़े एक-एक लट्ठ का अब वोट की चोट से जवाब देने का समय आ गया है। बदलाव का समय है, देश, लोकतंत्र और संविधान को बचाने का समय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनते ही किसानों, महिलाओं, युवाओं से किया गया एक-एक वायदा पूरा किया जाएगा। यह कांग्रेस की गारंटी है मोदी सरकार का कोई 'जुमला' नहीं हैं। सुश्री सैलजा ने शनिवार को सिरसा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत टोहाना विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों का दौरा किया और सभाओं को संबोधित करते हुए वोट की अपील की। गांव जांडली में सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब से चुनाव मेरा नहीं रहा, इस चुनाव को तो आपने अपना बना लिया है। अब बदलाव का समय है। देश एक ही बात सोच रहा है कि इन भाजपा नेताओं को क्या हो गया है, ये अपने आप को विश्व का सबसे बड़ा नेता मानने लगे हैं। भाजपा भूल रही है कि लोकतंत्र में असली ताकत जनता की होती नेताओं की कोई ताकत नहीं हैं, लोगों को इस वहम को छोड़ देना चाहिए कि वह नेता है और नेता बनने के लिए पैदा हुआ है। सुश्री सैलजा ने मतदाताओं से कहा कि दो बार गलती कर ली है, तीसरी बार गलती मत करना, वर्ना कोई नहीं बचेगा, न संविधान बचेगा, न लोकतंत्र बचेगा, न किसान, न मजूदर बचेगा। सभी से बोलने तक का अधिकार छीन लिया जाएगा।

# पेज एक का शेष

### मोदी, शाह को ...

शामिल कर लिया। जिस आदमी को कहते हैं कि 70 करोड़ का घोटाला कर दिया, उसे ही मंत्री, डिप्टी सीएम बनाते हैं। कहते हैं कि भ्रष्टाचार से लड़ रहे हैं। तुम अपनी पार्टी में चोर-उचक्कों को रख लो और कहो कि भ्रष्टाचार से लड़ रहे हो। देश को बच्चा मत समझो। प्रधानमंत्री जी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई केजरीवाल से सीखो। 2015 में सरकार बनी थी, तब हमारे मंत्री का ऑडियो वायरल हुआ। किसी को नहीं पता था। दुकानदार से 5 लाख रुपए मांग रहा था। मैंने खुद मंत्री को सीबीआई के हवाले कर दिया था। पंजाब में मान साहब ने अपने मंत्री को जेल में भेजा, क्योंकि भ्रष्टाचार कर रहा था। पीएम ने मिशन शुरू किया है। वन नेशन-वन लीडर। मोदी जी देश के सारे नेताओं को खत्म करना चाहते हैं। जितने विपक्ष के नेता हैं, उन्हें जेल भेजेंगे। जितने भाजपा के नेता हैं, उन्हें निपटा देंगे। अगर ये चुनाव जीत गए तो लिखवा लो कि थोड़े दिन बाद ममता, तेजस्वी, स्टालिन, विजयन, उद्धव और सभी विपक्षी नेता जेल के भीतर होंगे। आडवाणी, मुरली मनोहर, सुमित्रा महाजन, शिवराज, वसुंधरा राजे, खट्टर, रमन सिंह की राजनीति मोदी जी ने खत्म कर दी। अगला नंबर योगी आदित्यनाथ का है। अगर चुनाव जीते तो 2 महीने के भीतर उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बदल देंगे। यही तानाशाही है। वन नेशन-वन लीडर। ये चाहते हैं कि एक ही तानाशाह देश के भीतर बचेगा। आज एक तानाशाह देश से जनतंत्र खत्म करना चाहता है। मैं पूरे तन मन धन से उस तानाशाह के खिलाफ लड़ रहा हूं। 140 करोड़ लोगों का साथ चाहता हूं। आज मैं आपसे भीख मांगने आया हूं। मेरे देश को बचा लो। इस तानाशाही से मेरे देश को बचा लो। ये लोग इंडिया गठबंधन से पूछते हैं कि आपका प्रधानमंत्री कौन होगा। मैं भाजपा से पूछता हूं आपका प्रधानमंत्री कौन होगा। मोदी जी होंगे, नहीं मोदीजी अगले साल 17 सितंबर को 75 साल के हो रहे हैं। भाजपा के अंदर मोदी जी ने खुद रूल बनाया था कि भाजपा के भीतर जो भी 75 साल का होगा, उसे रिटायर किया जाएगा। आडवाणी, जोशी, सुमित्रा महाजन, यशवंत सिन्हा को रिटायर किया गया। मोदी जी अगले साल 17 सितंबर को रिटायर होने वाले हैं। मैं भाजपा से पूछता हूं कि कौन पीएम होगा। अगर केंद्र में मोदी सरकार फिर से बनी तो 2 महीने में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगीजी को निपटाएंगे। अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाएंगे, इसीलिए वोट मांग रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि मोदी की गारंटी कौन पूरी करेगा। मेरा आंकलन है कि 4 जून के बाद मोदी सरकार नहीं बन रही है। इनकी सीट सभी जगह कम हो रही हैं। सट्टा बाजार भी 220 से 230 के बीच सीट बता रहा। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है। आप सरकार का हिस्सा होगी। दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाएंगे। दिल्ली का एलजी दिल्ली का होगा। अभी गुजरात का है। मैं इस्तीफा नहीं दूंगा। मैं इनके खिलाफ लडूंगा। केजरीवाल को कभी किसी पद का लालच नहीं हुआ। मैं मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री नहीं बनाना चाहता। इनकम टैक्स कमिश्नर की नौकरी छोड़कर झुग्गियों में काम किया। पहली बार सीएम बनाया तो उसूलों के लिए 49 दिन में इस्तीफा दे दिया था। आज चपरासी की नौकरी कोई नहीं छोड़ता है। मुझे पता चला कि मेरे जेल जाने से मेरी मां-बहनें बहुत रोईं। कई ने मन्नतें मांगी। सबका शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। करोड़ों लोगों ने अपनी दुआएं भेजी हैं। उन्हीं के आशीर्वाद का कमाल है कि आप लोगों के बीच हूं। देश तरक्की करे। ऐसी प्रभु से इच्छा है।

### चौथे चरण...

के साथ गठबंधन किया है। तेलंगाना के हैदराबाद से भारतीय जनता पार्टी की माधवी लता, बिहार के बेगुसराय से गिरिराज सिंह, उजियारपुर से गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, हैदराबाद से एआईएमआईएम के असदुद्दीन औवेसी, उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी से गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी, कन्नौज से समाजवादी पार्टी से अखिलेश यादव, मुंगेर से जदयू के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, झारखंड के खूंटी से अर्जुन मुंडा, पश्चिम बंगाल के आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा, बहरामपुर से अधीर रंजन चौधरी और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान समेत कई दिग्गजों के चुनावी भाग्य का फैसला होगा। चौथे चरण आंध्र प्रदेश की सभी सीटों एलुरु, मछलीपट्टनम, विजयवाड़ा, गुंटूर, नरसारावपेट, बापटला, ओंगोल, नंद्याल, कुरनूल, अनंतपुर, हिंदूपुर, कडप्पा, नेल्लोर, तिरूपति, राजमपेट, अराकू, श्रीकाकुलम, विजयनगर, विशाखापट्टनम, अनकापल्ली, काकीनाडा, अमलापुरम, राजमुंदरी, नरसापुरम और चित्तूर सीटा तथा तेलंगाना में मल्काजगीरी, सिकंदराबाद, हैदराबाद, चेवेल्ला, महबूबनगर, नगरकुरनूल, नलगोंडा, भोंगीर, वारंगल, महबुबाबाद, आदिलाबाद, पेद्दापल्ली, करीमनगर, निजामाबाद, हैदराबाद, मेडक और खम्मम में मतदान होंगे। उत्तर प्रदेश जिन 13 सीटों पर सोमवार को मतदान होना है उसमें हरदोई, मिसरिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर शाहजहांपुर, फ़ेरी, दौरा, सीतापुर और बहराइच सीट शामिल है। महाराष्ट्र में चौथे चरण के चुनाव में पुणे, शिरूर, अहमदनगर, शिरडी, नंदुरबार, जलगांव, रावेर, जालना, औरंगाबाद, मावल और बीड को रखा गया है। मध्?य प्रदेश धार, इंदौर, खरगोन, देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम और खंडवा सीट पर इसी चरण में मतदान कराए जाएंगे है। इसके साथ पश्चिम बंगाल की आसनसोल, बोलपुर, बहरामपुर, कृष्णानगर, राणाघाट, बर्धमान पुरबा, बर्धमान-दुर्गापुर और बीरभूम में भी मतदान होंगे। बिहार पांच संसदीय सीटों में बेगूसराय, दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर और मुंगेर सीट शामिल है। इसके अलावा ओडिशा की बेरहामपुर, कालाहांडी, नबरंगपुर और कोरापुट, झारखंड की चार सीटों लोहरदगा, सिंहभूम, खूंटी और पलामू तथा केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की श्रीनगर संसदीय सीट पर भी सोमवार को वोट डाले जाएंगे।

### लखनऊ में 4000...

मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा बूथ की लोकेशन पता करने के लिए वेबसाइट भी शुरू की है। कोई भी व्यक्ति ह्मह्लह्य://थ्धधप्द्धद्यधदथप्द्बधद्ब.ड्डद्ब/ पर जा कर अपने बूथ की लोकेशन जान सकता है। उक्त के साथ ही इस लिंक के जरिए आप अपने बूथ की वोटर लिस्ट भी देख सकते है। साथ ही मतदान वाले दिन इस लिंक पर किस बूथ पर कितनी वेटिंग है इसकी जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है।

### कार में लगी आग...

में सवार दो लोगों को कांच तोड़कर बाहर निकाला और उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कालेज भेज दिया। मृतकों में दूल्हा आकाश अहिवार (25), दूल्हे का भाई आशीष, करीब 04 वर्षीय भतीजा मयंक और चालक भगत शामिल हैं जबकि घायलों में रवि और रमेश शामिल हैं। घायलों को मेडिकल कालेज में उपचार दिया जा रहा है। मृतक की बहन ने बताया कि आकाश की शादी थी, जिसके लिए वह बारात लेकर अपने गांव बिलाटी गांव से बड़ागांव थानान्तर्गत छपार जा रहा था। कार में आकाश अपने भाई, भतीजे और रिश्तेदारों के साथ बैठा हुआ था। वह और अन्य रिश्तेदार पीछे से दूसरी गाड़ी से आ रहे थे। तभी डीसीएम ने उसके भाई की गाड़ी पर पीछे से टक्कर मारते हुए चढ़ा दी। इसके बाद कार में आग लग गयी उसके दोनों भाई और भतीजे व ड्राईवर की जिंदा जलकर मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए झुलसे लोगों को अस्पताल में भर्ती में कराया।

### 50 सीट भी नहीं जीत पाएगी...

हमारे देश की जनता के उत्साह को खत्म कर दिया है। आज पाकिस्तान ऐसी स्थिति में है कि वह अपने पास मौजूद बम को संभाल नहीं पा रहा है। वे अब अपने बम बेचने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन उन्हें खरीदार नहीं मिल रहे हैं क्योंकि लोगों को पता है कि उनके बम खराब गुणवत्ता के हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कराकर लोगों का 500 वर्षों का इंतजार समाप्त किया है। उन्होंने कहा, ''राम मंदिर के दर्शन करने के बाद हर कोई गर्व महसूस करता है। हमारे पास एक तरफ रामलला का आशीर्वाद है और दूसरी तरफ भगवान जगन्नाथ का।'' मोदी ने जोर देकर कहा कि भाजपा ओडिया भाषा और संस्कृति के विकास के लिए पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने बीजद नेता वी.के. पांडियन के इस दावे पर भी निशाना साधा कि वह मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के सभी मूल्यों के स्वाभाविक उत्तराधिकारी हैं। मोदी ने कहा, ''मैं आपको 10 जून को भुवनेश्वर में भाजपा के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित करने के लिए यहां आया हूं। राज्य की संस्कृति, भाषा और परंपरा को समझने वाले इस धरती के बेटे या बेटी को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा।

### परिवार के 5...

पास में ही उनके परिवार वालों के भी घर हैं। ऐसी घटना होने के बाद से आसपास के इलाके में सन्नाटा छा गया तथा परिवार के प्रति लोगों में दुख की पीड़ा उत्पन्न है। घटना हो जाने के तुरंत बाद जैसे ही पुलिस को इस बात की सूचना मिली रामपुर मथुरा पुलिस मौके पर पहुंची तथा अपने उच्च स्तर के अधिकारियों को इस बात की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही सीतापुर जिले के पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा मौके पर पहुंच गए तथा परिवार के प्रति बेहद दुख व्यक्त किया। सीतापुर के पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि अनुराग सिंह के द्वारा अपने बच्चों और अपनी पत्नी तथा साथ में माता की हत्या कर दी है और स्वयं को भी मार लिया है। पुलिस तथा स्पेशल टीम के द्वारा ठीक ढंग से जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम की मदद से अन्य बिंदुओं पर भी जांच हो रही है। जो भी वैधानिक कार्रवाई है वो की जा रही है। अन्य बिंदुओं पर भी जांच हो रही है। वहीं अंकित सिंह ने बड़ा खुलासा करते हुए यह भी बताया है की मृतक अनुराग खरबूज और तरबूज के बहुत बड़े व्यापारी हैं। वह 100 बीघा जमीन पर खेती करते थे। अंकित के अनुसार प्रॉपर्टी विवाद के चलते पूरे परिवार की नाटकीय ढंग से निर्मम हत्या की गई। अंकित सिंह और अनुराग के ससुराल पक्ष का कहना है कि लगातार अनुराग लोगों को गोली मार रहे थे और बच्चों को छत से बारी-बारी से नीचे फेंक रहे थे, लेकिन पड़ोस में रहने वालों को मामले की भनक तक नहीं लगी। ऐसा कैसे हो सकता है। अंकित सिंह ने पुलिस की जांच पर भी कई सवाल खड़े किए हैं। हालांकि, पुलिस अधीक्षक कहा कहना है कि हर पहलू पर जांच हो रही है जल्द ही मामले का खुलासा होगा। सूत्रों की जानकारी से पता चला कि अनुराग सिंह इलाहाबाद में सिविल सर्विस की तैयारी भी करते थे। मानसिक रूप से अनुराग तनाव में रहते थे। तथा नशे को लेकर घर में अक्सर उनकी पत्नी से विवाद हुआ करता था। पत्नी प्रियंका सिंह ने उनका नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करने की भी बात कही थी। और रात में कहा सुनी होने के बाद अनुराग ने इस घटना को अंजाम दिया।

### कन्नौज के इत्र...

फिर भी सपा की संवेदना माफिया के साथ है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिष्टाचार होता है। मुलायम सिंह यादव के निधन पर मैं व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष गए थे। प्रधानमंत्री ने संवेदना भी व्यक्त की थी। वहीं अखिलेश यादव ने रामभक्त, पूर्व मुख्यमंत्री-राज्यपाल कल्याण सिंह की मृत्यु पर संवेदना तक नहीं व्यक्त की, लेकिन माफिया की मौत पर मातम मनाने गए थे। इनकी संवेदना राम मंदिर, भारत, रामभक्तों, आमजन के प्रति नहीं, बल्कि माफिया, भारत के खिलाफ वक्तव्य देने वालों के प्रति है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एक तरफ रामभक्त तो दूसरी तरफ रामद्रोही हैं। रामद्रोही भारत और आमजन के खिलाफ षडयंत्र रह रहे हैं। रामभक्त मोदी जी की सरकार के साथ नया इतिहास बनाना चाहते हैं। रामभक्त भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत, विकसित, आत्मनिर्भर और खुशहाल भारत बनाना चाहते हैं। दिल्ली में मोदी जी के नेतृत्व में नया भारत आत्मनिर्भर व विकसित बनेगा। उत्तर प्रदेश में भी विकास की असीम संभावनाएं हैं। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भारत की इकॉनमी के ग्रोथ इंजन के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करेगा। जनसभा में सांसद व भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक, प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान, असीम अरुण, संदीप सिंह, विधायक पूनम शंखवार, भाजपा कानपुर देहात के जिला प्रभारी अशोक राजपूत, कानपुर देहात के जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजू, नगर पालिका अध्यक्ष झींझक अमित तिवारी, पूर्व विधायक निर्मला शंखवार आदि की मौजूदगी रही।

## चारधाम यात्रा : बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुलेंगे, तैयारी पूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून । उत्तराखंड के विश्व प्रसिद्ध श्री बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई (रविवार) को प्रातः छह बजे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। चारधामों में से तीन धाम केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के मौके पर 10 मई को खुल चुके हैं। मंदिर समिति की ओर से बदरीनाथ के कपाट खुलने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हजारों की संख्या में तीर्थयात्री धाम पहुंच गये हैं। धाम में मौसम सर्द बना हुआ है। कपाट खुलने की प्रक्रिया के तहत शनिवार पूर्वाह्न 11 मई को योग बदरी पांडुकेश्वर से श्री उद्धव और श्री कुबेर सहित आदि गुरुशंकराचार्य की पवित्र गद्दी और बदरीनाथ धाम के रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी के साथ गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा दोपहर को बदरीनाथ धाम पहुंची। लामबगड़, हनुमान चट्टी, बदरीनाथ मंदिर के निकट देवडोलियों का स्वास्तिवाचन और फूल वर्षा से स्वागत हुआ। कपाट खुलने के कार्यक्रम के अनुसार 12 मई सुबह चार बजे से मंदिर समिति पदाधिकारी,धर्माधिकारी वेदपाठी हक हकूक धारी मंदिर परिसर में मंदिर के द्वार पूजन को पहुंचेंगे। बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) की ओर से कपाट खुलने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी हैं। कपाट खुलने के अवसर के लिए बदरीनाथ पुष्प सेवा समिति ऋषिकेश के सहयोग से पुष्पों से सजाया जा रहा है। रात्रि तक मंदिर को सजाने का कार्य चलता रहेगा। हजारों की संख्या में तीर्थयात्री श्री बदरीनाथ धाम पहुंच गये हैं और भी तीर्थयात्रियों पहुंचने का क्रम जारी है। दानीदाताओं की ओर से जगह-जगह भंडारे भी आयोजित हो रहे हैं। बदरीनाथ में मौसम सर्द है और दूर पर्वतों पर बर्फ साफ नजर आ रही है। मंदिर के आसपास और सड़क की बर्फ गल चुकी है, दिन में धूप लगी हुई है। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ.हरीश गौड़ के मुताबिक कल सोमवार 12 मई को प्रातःपांच बजे से रावल धर्माधिकारी, वेदपाठी मंदिर द्वार पूजन करेंगे और कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू करेंगे।

- गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा बदरीनाथ धाम पहुंची, बदरीनाथ पुष्प सेवा समिति के सहयोग से धाम को पुष्पों से सजाया जा रहा
- बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र ने कपाट खुलने की तैयारियों का लिया जायजा ,10 मई को खुल चुके तीन धामों के कपाट

## अनुपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों का रोका वेतन, मांगा स्पष्टीकरण, सीएमओ बोले- लापरवाही बर्दाशत नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय जैन शनिवार को चिकित्सा इकाइयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्यूटी से बिना पूर्व सूचना गैरहाजिर अधिकारियों-कर्मचारियों का वेतन रोकने के आदेश दिए।

चिकित्सा इकाइयों में रखे निष्प्रयोज्य सामग्री के निस्तारण के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को समयबद्धता के साथ समुचित चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना हमारा कर्तव्य है। स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्य चिकित्साधिकारी सर्वप्रथम शहरी क्षेत्र के डोभलवाला पहुंचे, जहां फार्मासिस्ट और सफाईकर्मी अनुपस्थित मिले। पीएचसी नेहरूग्राम में वार्डब्वाय और सफाईकर्मी गैरहाजिर थे। पीएचसी बलावाला में नर्सिंग ऑफिसर बिना सूचना गायब थे। जबकि मालदेवता में वार्डब्वाय एक माह से बिना सूचना अनुपस्थित मिला। भोगपुर में चिकित्साधिकारी ड्यूटी पर नहीं थे। सीएचसी डोईवाला, पीएचसी थानों व एएनएमटीसी रानीपोखरी में सभी स्टाफ ड्यूटी पर मिला। मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी ने संबंधित चिकित्सा अधीक्षक व प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि बिना पूर्व सूचना ड्यूटी से नदारद अधिकारियों-कर्मचारियों का वेतन तत्काल रोक दें। इस संबंध में उनसे स्पष्टीकरण मांगने के भी निर्देश दिए। साथ ही चिकित्सा इकाई में रखे निस्प्रयोज्य सामग्री के निस्तारण की प्रक्रिया अविलंब शुरू कर सीएमओ कार्यालय को अवगत कराने को कहा।

**मुख्य चिकित्साधिकारी ने निरीक्षण कर परखी स्वास्थ्य सुविधा**

**चिकित्सा इकाइयों में रखे निष्प्रयोज्य सामग्री के निस्तारण के दिए निर्देश**

## वानग्नि पर अपनी पीठ थपथपा रही सरकार : सूर्यकांत धस्माना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। कंग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि राज्य के अनेक हिस्सों में हुई वर्षा और बर्फबारी के कारण वनाग्नि की घटना में कमी आई है लेकिन सरकार अपनी अपनी पीठ थपथपा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से वनाग्नि प्रकरण पर आपदा प्रबंधन विभाग की जवाबदेही तय करने की मांग की है। प्रदेश कंग्रेस उपाध्यक्ष धस्माना ने शनिवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों में राज्य के अनेक हिस्सों में हुई वर्षा और बर्फबारी के कारण वनाग्नि में कुछ हद तक काबू पा लिया गया। इसमें सरकार आपदा प्रबंधन विभाग या वन विभाग की कोई बहुत बड़ी भूमिका नहीं है। इसलिए सरकार को अपनी पीठ थपथपाने की आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने कहा कि सरकारी सिस्टम की घोर लापरवाही के कारण राज्य का डेढ़ हजार हेक्टेयर जंगल पहले ही इस वर्ष की वानग्नि में राख हो चुका है। इसके कारण अन्य पर्यावरणीय समस्याएं खड़ी होंगी, जिसमें जल स्रोतों का सूखना और कार्बन उत्सर्जन के कारण ग्लेशियरों का पिघलना और रैणी जैसी आपदाओं के आने की संभावनाओं का प्रबल होना है। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि इस बार वनाग्नि में पिछले वर्षों की तुलना में बहुत अधिक नुकसान हुआ है। किंतु आपदा प्रबंधन सचिव कहीं नजर नहीं आए, जिससे यह पता चलता है कि उनको न तो राज्य की कोई चिंता है और न ही सरकार की कोई परवाह है।

## ब्रिटिश काल की फायर लाइन को पुर्नस्थापित करने की तैयारी, विदेशी मॉडल के अध्ययन का निर्णय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून । उत्तराखंड सरकार अब ब्रिटिश काल की फायर लाइन को पुनर्स्थापित करने की तैयारी में है। राज्य सरकार का मानना है कि फायर लाइन से जंगलों को वनाग्नि से काफी हद तक बचाया जा सकेगा। साथ ही जनसहभागिता के साथ ग्रामीणों को वन-जंगल के प्रति जुड़ाव महसूस कराया जाएगा। कुल मिलाकर अब वनाग्नि से निपटने के लिए सरकार की तैयारी पुख्ता होगी।

हर साल आग से जंगलों को बचाने में वन विभाग, प्रशासन और सरकार को एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ता है। इसके बावजूद भी इस पर नियंत्रण पाना आसान नहीं होता है। इसलिए अब राज्य सरकार ने इस आपदा से निपटने के लिए विभिन्न मॉडलों का अध्ययन करने का निर्णय लिया है। ताकि समय रहते वनों में होने वाली विभीषिका को रोका जा सके। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर इस बार देश के साथ विदेशों के विकसित मॉडल का वन विभाग अध्ययन करेगा और जरूरत के अनुसार अपने प्लान में उसे समावेश करेगा। हालांकि शासन-प्रशासन ने अपनी पूरी ताकत वनाग्नि को नियंत्रण में झोंक दी है। मानव संसाधन भी वनाग्नि को रोकने में जुटा हुआ है। वनाग्नि नियंत्रण में सभी संबंधित विभागों यथा आपदा प्रबंधन, फायर सर्विसेज आदि कार्मिकों का सहयोग लिया जा रहा है। एनडीआरएफ, भारतीय वायुसेना की भी मदद ली जा रही है। इसके बावजूद भी वनाग्नि को रोकना मुश्किल साबित हुआ। मुख्यमंत्री धामी की भी वनाग्नि पर सीधी नजर है। उन्होंने वनाग्नि की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम और कार्मिकों के मनोबल को बनाए रखने के लिए उच्चाधिकारियों को भी फील्ड में उतारा है। पीसीसीएफ (हॉफ) और एपीसीसीएफ वनाग्नि व आपदा प्रबंधन के अधिकारी लगातार फील्ड ऑपरेशन का स्थलीय निरीक्षण कर रहे हैं। वनाग्नि नियंत्रण के लिए निरंतर समीक्षा व मॉनिटरिंग बैठक की जा रही है। वनाग्नि के संबंध में गलत आंकड़ों का दुष्प्रचार करने वालों पर भी सरकार की नजर है। ऐसे लोगों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। रिस्पांस टाइम कम करने के लिए एफएसआई से प्राप्त फायर अलर्ट को तत्काल सम्बन्धित व्हाट्सएप ग्रुप्स में डालकर क्रू टीम को उसी समय घटनास्थल पर भेजा जा रहा है। एफएसआई से मिले फायर एलर्ट की विशेष मॉनिटरिंग कर वनाग्नि को कम से कम समय में नियंत्रित करने की कोशिश की जा रही है। प्रोत्साहन, पुरस्कार व बजट आंवटन से वनाग्नि नियंत्रण के प्रयासों को मिली गति- राज्य में सक्रिय वन पंचायतों, वनाग्नि प्रबंधन समितियों, महिला मंगल दलों, युवा मंगल दलों को जागरूक करके तथा उत्तरदायी बनाकर गांवों के नजदीक जंगली इलाकों में वनाग्नि नियंत्रण में सफलता मिली है। वनाग्नि नियंत्रण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामुदायिक संस्थाओं व फील्ड अधिकारियों को प्रोत्साहन, पुरस्कार व तत्काल बजट आंवटन से वनाग्नि नियंत्रण के प्रयासों को एक नई गति मिली है।

**वनाग्नि नियंत्रण में रिस्पांस टाइम कम करने की कोशिश-**

**जनसहभागिता के साथ ग्रामीणों को वन-जंगल के प्रति जुड़ाव महसूस कराएगी सरकार**

**जंगलों को बचाने में एड़ी-चोटी का जोर, आग की रोकथाम के लिए बनेगा समावेशी प्लान**

## राजकीय प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को लेखन सामग्री वितरित की गई

देहरादून। मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन द्वारा वार्ड 35 राजकीय प्राथमिक विद्यालय सरस्वती नगर में स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र और छात्राओं को दानदाताओं के सहयोग से लेखन सामग्री वितरित की गयी। इस अवसर पर मीनू गोयल चौधरी ने कहा कि यह संगठन निरंतर निस्वार्थ भाव से जन सेवा में लगा रहता है। संगठन के सभी सदस्य भी इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। यह संगठन निरंतर सामाजिक कार्यों में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इसका हिस्सा बनने का सौभाग्य मुझे भी प्राप्त होता रहता है। वैभव गोयल ने कहा कि संगठन का कार्य वास्तव में सराहनीय है। बच्चों के लिए वह हर वह सुविधा उपलब्ध कराने की कोशिश करते हैं, जिससे बच्चों के भविष्य में कोई बाधा ना आए और वह अपनी पढ़ाई पूरी कर सके। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मधु जैन, राजकुमार तिवारी, विशंभर नाथ बजाज, माधवी शर्मा, प्रीति थपलियाल, पूनम रानी, मीरा शर्मा, पाखी आदि लोग उपस्थित थे।

## ऑफलाइन पंजीकरण केंद्र पर्यटन विभाग ऑफिस से अब ऋषिकुल मैदान में हुआ शिफ्ट

हरिद्वार। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण केंद्र पर्यटन विभाग ऑफिस से अब ऋषिकुल मैदान में शिफ्ट कर दिया गया है। पर्यटन विभाग में जगह कम होने और काउंटर की संख्या कम होने के चलते चार धाम यात्रा पंजीकरण के लिए देश के अलग-अलग राज्यों से आए तीर्थ यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। पर्यटन विभाग में जगह कम होने से भगदड़ की संभावना बनी रहती है। इसका संज्ञान लेते हुए जिला अधिकारी धीरज सिंह गर्बयाल ने मातहत अफसरों को पंजीकरण केंद्र ऋषिकुल मैदान में शिफ्ट करने के आदेश दिए थे। ऋषिकुल मैदान का चार धाम यात्रा पंजीकरण केंद्र शनिवार से सुचारु रूप से चलना शुरू हो गया। ऋषिकुल चार धाम यात्रा पंजीकरण केंद्र में 20 काउंटर बनाए गए हैं।

## भारतीय मजदूर संघ ने उठाया श्रमिकों के न्यूनतम वेतन का मामला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। भारतीय मजदूर संघ, हरिद्वार इकाई ने श्रमिकों के न्यूनतम वेतन और अन्य सुविधाओं का मामला उठाते हुए उनके शोषण के लिए श्रम अधिकारियों को चेताया।

भारतीय मजदूर संघ जिला इकाई ने शनिवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि मजदूर सलाहकार बोर्ड के परामर्श पर प्रदेश सरकार ने मजदूरों, श्रमिकों के लिए जो 25 प्रतिशत की न्यूनतम वेतन की घोषणा की थी। उसे दो महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक कई उद्योगों के तरफ से उसका पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ ने कड़े संघर्ष के बाद शासन से मजदूरों, श्रमिकों के हितों के लिए सरकार से यह मंजूरी हासिल की है, लेकिन देखा जा रहा है कि कई उद्योग घराने मजदूरों को न्यूनतम वेतन नहीं दे रहे हैं।

उन्होंने न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 का हवाला देते हुए कहा कि इस एक्ट में हर पांच वर्षों में न्यूनतम वेतन की बढ़ोत्तरी सरकार करती है। अधिकांश औद्योगिक घराने न्यूतम वेतन वृद्धि और अन्य सुविधाओं के नाम पर सरकार से सब्सिडी तो ले रहे हैं, लेकिन अपने यहां काम करने वाले श्रमिकों को इसका लाभ नहीं दे रहे हैं। इतना ही नहीं ट्रेनिंग के नाम पर उद्योगों में काम कर रहे ट्रेनी श्रमिकों से मशीनों पर पूरा पूरा काम लिया जा रहा है,जिसके चलते दुर्घटना की स्थिति में यही उद्योग श्रमिकों को नियमों की आड़ लेकर मुआवजा तक नहीं देते।

उन्होंने पत्रकारों के समक्ष श्रमिकों के साथ हो रहे अन्याय का आरोप लगाते हुए कहा कि आज श्रमिकों की सुनवाई श्रम कार्यालय में तैनात अधिकारियों की तरफ से नहीं की जाती बल्कि फैक्टरी मैनेजमेंट के साथ मिलकर श्रम अधिकारी श्रमिकों का जमकर उत्पीड़न कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने उद्योगपतियों से श्रम अधिकारियों की मिलीभगत बताया।

उन्होंने कहा कि ईएसआईसी और पीएफ के लाभ से भी श्रमिकों को वंचित रखा जा रहा है, जिससे उनके इलाज और पेंशन की व्यवस्था भी नहीं हो पाती है। उन्होंने सरकार से मांग की कि जो उद्योग न्यूनतम वेतन नहीं दे रहे हैं, ऐसे उद्योगों को चिह्नित कर उन पर सख्त कार्रवाई की जाए और ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाये जो प्रबंधन के साथ मिलकर श्रमिकों का उत्पीड़न करते है। इस दौरान ललित पुरोहित, बीएमएस के जिला मंत्री, प्रदेश महामंत्री, पवन शर्मा भारतीय मजदूर संघ, नरेश रावत सदस्य न्यूनतम मजदूरी सलाहकार बोर्ड, शोलन कुमार, राजवीर सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, पीयूष अग्रवाल आदि कई सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संतों की वाणी से साधकों को सद्ज्ञान की प्राप्ति होती है : विज्ञानानंद सरस्वती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। श्रीगीता विज्ञान आश्रम के परम अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि संतों की वाणी से साधकों को सद्ज्ञान की प्राप्ति होती है और संतों के सानिध्य में रहने वाला साधारण व्यक्त नहीं होता है। परमात्मा सर्वत्र विद्यमान है और गुरु वह आंख है जो परमात्मा को देखने की शक्ति प्रदान करता है। वे आज विष्णु गार्डन स्थित श्री गीता विज्ञान आश्रम में अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में आयोजित वेदांत सम्मेलन को अध्यक्षीय पद से संबोधित कर रहे थे। वेदांत के सिद्धांतों की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि सद्गुरु का मिलना ही परमात्मा का मिलन है और निष्काम कर्म योग ही मुक्ति का माध्यम है। अक्षय तृतीया को ज्ञान और दान को अक्षय बनाने का दिवस बताते हुए उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति का ज्ञान अक्षय हो जाता है उसका संपूर्ण जीवन सार्थक बन जाता है। श्री गुरुमंडल आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी भगवत स्वरूप ने ब्रह्म की व्याख्या करते हुए कहा कि ब्रह्म दिखाई देने की वस्तु नहीं है, जबकि इंद्रियों का निर्माण प्रकृति से होता है। परमात्मा को सर्वव्यापी बताते हुए उन्होंने कहा कि परमात्मा सबको देखता है और भेद साधना में है साध्य में नहीं, क्योंकि निष्कामता ही परमात्मा है।

## पीआरएसआई ने जनसम्पर्क में टेक्नालॉजी विषय पर किया वेबिनार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया के देहरादून चैप्टर ने शनिवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर जनसम्पर्क में टेक्नालॉजी विषय पर वेबिनार आयोजित किया। इस अवसर पर यूकॉस्ट में संयुक्त निदेशक (साइंस एंड टेक्नोलॉजी) देवी प्रसाद उनियाल ने कहा कि पब्लिक रिलेशन में टेक्नोलॉजी का महत्व विशेष है क्योंकि यह व्यक्ति और समाज के बीच संचार को सुगम और तेज़ बनाता है। इसके माध्यम से हम विभिन्न क्षेत्रों में जानकारी, विचार और अनुभव साझा कर सकते हैं, जो सामाजिक संबंधों को मजबूत करता है। साइंटिफिक एप्रोच को बढ़ावा देने में स्कूल और कॉलेज महत्वपूर्ण हैं। तकनीकी विशेषज्ञ आईटीडीए आलोक तोमर ने कहा कि टेक्नोलॉजी बहुत ही विस्तृत क्षेत्र है। पूरी दुनिया टेक्नोलोजी के माध्यम से आपस में जुड़ी है। आज के जमाने में विभिन्न योजनाओं और सूचनाओं की जानकारी आमजन तक तुरंत पहुंचाई जा सकती है। बिना टेक्नोलॉजी के जनसंपर्क के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता है। तमाम सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग सूचनाएं साझा करने में किया जा सकता है। विस्तार से जानकारी देते हुए तोमर ने कहा कि डिजिटल मार्केटिंग, एसईओ, यूट्यूब, डाटा एनालिस्ट टेक्नोलॉजी, पॉडकास्ट, इंटरनेट रेडियो आदि का उपयोग लाभदायी हो सकता है। आजकल डाटा संग्रह करने के लिए क्लाउड कम्प्यूटिंग की जाती है। रोबोटिक प्रोसेस इनफॉर्मेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, वर्चुअल रियलिटी इन सभी का अच्छा उपयोग पब्लिक रिलेशन में किया जा सकता है। नीरज पांडे ने कहा कि सामाजिक मुद्दों पर परिचर्चाएं आयोजित कर इनमें निकल कर आने वाली बातों को संचार तकनीक के माध्यम से लोगों तक पहुंचाना चाहिए। संजय भार्गव ने कहा कि फ़ेक न्यूज और गलत सूचनाओं के प्रति भी लोगों को सचेत करना जरूरी है।

संजय पांडे ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों की गुड प्रैक्टिस को भी आधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग कर प्रसारित किया जाए। ज्योति नेगी ने कहा कि जनसंपर्क में टेक्नोलॉजी के उपयोग के लिए तमाम विभाग और संगठनों में रणनीतिक साझेदारी हो। इसमें पीआरएसआई सकारात्मक भूमिका निभा सकता है। महिला सहभागिता को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। वेबीनार का संचालन पीआरएसआई के सचिव अनिल सती ने किया जबकि कोषाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

वेबिनार में पीआरएसआई देहरादून चैप्टर के अध्यक्ष रवि बिजारनिया, संयुक्त सचिव राकेश डोभाल, नवीन कंडारी, संजय पांडेय, दीपक शर्मा, जितेंद्र सिन्हा, वैभव गोयल, अमित धस्माना, पुष्कर नेगी, मनोज सती, आकाश, प्रियांक, अनिल दत्त, डॉ आशा बाला असवाल, पवन डबराल, प्रताप बिष्ट, पूरन कापड़ी, सुशील सती आदि उपस्थित थे।

## पंजाबी साहित्यकार सुरजीत पातर का निधन साहित्य अकादमी ने जताया शोक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली । पंजाबी के प्रख्यात कवि, गद्यकार एवं शिक्षाविद् सुरजीत पातर का दिल का दौरा पड़ने से शनिवार सुबह निधन हो गया। वे 79 वर्ष के थे। उन्होंने पंजाब के लुधियाना स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उनको वर्ष 2012 में पद्मश्री से अलंकृत किया गया था। पातर के निधन पर साहित्य अकादमी ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। साहित्य अकादमी के सचिव डॉ. के. श्रीनिवासराव ने अपने शोक संदेश में कहा कि सुरजीत पातर के निधन से पंजाबी ही नहीं बल्कि संपूर्ण भारतीय साहित्य की अपूरणीय क्षति हुई है। साहित्य अकादमी परिवार दिवंगत आत्मा के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि निवेदित करता है। अपने जीवनकाल में उन्होंने लेखन के माध्यम से पंजाबी भाषा और साहित्य को देश-विदेश में प्रतिष्ठा दिलाई। उनका पहला काव्य-संग्रह 'कोलाज' था और पहला गजल संग्रह 1978 में 'हवा विच लिखे हरफ' के नाम से प्रकाशित हुआ। उनकी कविता और गद्य की 10 से अधिक किताबें प्रकाशित हुई हैं। उन्होंने आठ विश्व प्रसिद्ध काव्य-नाटकों का पंजाबी में रूपांतरण किया। उन्होंने दूरदर्शन पर सूरज दा सनमाना के तहत कविता के इतिहास पर काव्य-धारावाहिक के 30 एपिसोड किए थे। इसके लिए उन्होंने खोज, आलेख और पेशकारी भी की थी। वे लुधियाना स्थित पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी में पंजाबी के प्रोफ़ेसर रह चुके थे। सुरजीत पातर पंजाबी साहित अकादमी, लुधियाना और चंडीगढ़ स्थित पंजाब आर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष थे। अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों और सम्मानों से अलंकृत सुरजीत पातर को 'हनेरे विच सुलगदी वर्णमाला' कविता-संग्रह के लिए वर्ष 1993 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से नवाज़ा गया था।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063